RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 106
नई दिल्ली, रविवार, 19 फरवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



शिक्षा बंगाल में अशिक्षा में तब्दील हो गई है : प्रधान
राष्ट्रीय-11

# अरबपति सोरोस पूर्वाग्रही और खतरनाकः जयशंकर

## ● कहा-अभी भी यह सोचते है दुनिया कैसे काम करती है, यह उनके विचारों के आधार पर तय हो

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरोस बूढ़े, धनी, पूर्वाग्रही और खतरनाक हैं और विमर्श गढ़ने के लिए संसाधनों का निवेश करते हैं। उदारवादी मुद्दों का समर्थन करने वाले 92 वर्षीय कारोबारी सोरोस ने बृहस्पतिवार को कहा था कि गौतम अडाणी के कारोबारी साम्राज्य में जारी उठापटक सरकार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पकड़ को कमजोर कर सकती है।

रायसिनाए सिडनी परिचर्चा में एक सत्र के दौरान पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए जयशंकर ने कहा कि सोरोस न्यूयार्क में बैठे बूढ़े, धनी, पूर्वाग्रही व्यक्ति हैं जो अभी भी यह सोचते हैं कि दुनिया कैसे काम करती है, वह उनके विचारों के आधार पर तय हो। जयशंकर ने कहा कि अब अगर मैं बूढ़े, धनी और पूर्वाग्रही तक रुक सकता तो रहने देता, लेकिन वह (सोरोस) बूढ़े, धनी, पूर्वाग्रही और खतरनाक हैं। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले इसी सम्मेलन में सोरोस ने भारत पर लाखों मुसलमानों की नागरिकता छीन लेने की साजिश रचने का आरोप लगाया था। विदेश मंत्री ने कहा, हम उन बाहरी हस्तक्षेप के कारण पैदा होने वाले खतरों के बारे में जानते हैं। अगर आप इस प्रकार का भयादोहन करेंगे, तब इससे वास्तव में समाज के तानेबाने को नुकसान पहुंचेगा।

जयशंकर ने कहा, इसकी विभिन्न देशों में अलग तरीके से व्याख्या होगी जहां उनके जैसे लोग सोचते हों कि चुनाव तभी अच्छा है जब उनकी पसंद का व्यक्ति जीतता है। अगर चुनाव के दूसरे परिणाम आते हैं तब कहेंगे कि लोकतंत्र में त्रुटि है। उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण निर्बाध अवसर प्रदान ( शेष पेज 8 )



सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्वनीज के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर

### भारतीयों को निशाना बनाने वालों के खिलाफ सतर्कता जरूरी

**सिडनी।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को इस बात पर जोर दिया कि ऑस्ट्रेलिया में भारतीय समुदाय को निशाना बनाने वाली कट्टरपंथी गतिविधियों के खिलाफ सतर्कता की जरूरत है। उन्होंने खालिस्तानी समर्थकों द्वारा देश में हिंदू मंदिरों में हुई तोड़फोड़ के मद्देनजर यह बात कही। अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से मुलाकात के दौरान जयशंकर ने उक्त टिप्पणी की। जयशंकर ने वोंग के साथ कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। मुलाकात के बाद जयशंकर ने ट्वीट किया, हमारे द्विपक्षीय एजेंडे पर आगे बढ़ने का उल्लेख किया। भारतीय समुदाय को लक्षित करने वाली ( शेष पेज 8 )

# धनुष-बाण चुराने वाले को सबक सिखाएंगेः उद्धव

## ● समर्थकों से कहा, चुनाव के लिए तैयार रहें

**पीएनएस/एजेंसी।** मुंबई/पुणे

**चुनाव** आयोग के एक फैसले में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत गुट को असली शिवसेना के रूप में मान्यता दिए जाने के एक दिन बाद शनिवार को उद्धव ठाकरे ने अपने समर्थकों से कहा कि वे पार्टी का चिह्न धनुष-बाण चुराने वाले चोर को सबक सिखाएं। शिवसेना(यूबीटी) प्रमुख उद्धव ने उपनगर बांद्रा स्थित अपने आवास मातोश्री के बाहर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें चुनावों के लिए तैयारी शुरू कर देनी चाहिए।

राज्य विधानसभा चुनाव अक्टूबर 2024 में होने हैं। उद्धव के दिवंगत पिता बाल ठाकरे द्वारा 1966 में स्थापित पार्टी के नियंत्रण से उन्हें (उद्धव को) वंचित करने का चुनाव आयोग का फैसला ऐसे समय में आया है, जब बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) और अन्य नगर निकायों के चुनाव होने हैं। मुंबई में नगर निकाय चुनाव काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि बीएमसी दो दशकों से अधिक समय से शिवसेना का गढ़ रहा है। उद्धव ने अपने समर्थकों से कहा, मेरा मनोबल गिरा नहीं है और मैं आपके समर्थन पर निर्भर हूं। आप मेरी शक्ति हैं। उद्धव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जानना चाहिए कि वे सरकारी तंत्र का इस्तेमाल करने के बावजूद शिवसेना को कभी खत्म नहीं कर पाएंगे। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा, क्या आप डर गए हैं? आपको देने के लिए मेरे पास अभी कुछ नहीं है। इस पर, उनके समर्थकों ने जोरदार आवाज में कहा कि वे डरे नहीं हैं और उनसे अगले कदम के लिए निर्देश देने का आग्रह किया।

एकनाथ शिंदे और शिवसेना के कई विधायकों द्वारा उनके (उद्धव के) खिलाफ बगावत करने के बाद उद्धव ने पिछले साल जून में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। उद्धव ने कहा, हम तब तक चैन से नहीं बैठेंगे, जबतक कि चुनावों में चोर को सबक नहीं सिखा देते हैं। फौरन चुनावों की तैयारी शुरू करें। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि शनिवार को है और छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती रविवार को है तथा शिवसेना का नाम और चिह्न लूटने के लिए इस समय को चुना गया।

उद्धव ने कहा, चोर ने मधुमक्खी के छत्ते पर पत्थर फेंका है। लेकिन उन्हें मधुमक्खी के डंक का अनुभव नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिंदे चुराए गए धनुष-बाण को नहीं ले जा सकेंगे और वह पौराणिक महाकाव्य रामायण के पात्र रावण की तरह गिर जाएंगे, जो भगवान शिव का धनुष नहीं उठा पाया था। उन्होंने कहा कि पहले कभी भी इस तरह के विवाद में चुनाव आयोग ने पार्टी का नाम और चिह्न एक गुट को नहीं दिया था तथा इस तरह की स्थिति में उसे अपने पास जब्त रखा था। उन्होंने आरोप लगाया, लेकिन प्रधानमंत्री के गुलामों ने अब ऐसा किया है। उद्धव ने दावा किया कि मौजूदा चुनाव आयुक्त सेवानिवृत्ति के बाद किसी राज्य के राज्यपाल नियुक्त किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा, लोग फैसला करेंगे कि शिवसेना किसकी है।

उद्धव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को महाराष्ट्र आने के लिए बालासाहेब ठाकरे का मुखौटा पहनने की जरूरत होती है। उन्होंने शिंदे की ओर इशारा करते हुए कहा, चोर...ठाकरे का नाम, बालासाहेब का फोटो चाहते हैं, लेकिन शिवसेना परिवार को नहीं। उन्होंने कहा, लोग मुखौटा पहनने वालों और असली लोगों के बीच के अंतर को समझते हैं। बाद ( शेष पेज 8 )



मुंबई में अपने आवास के बाहर समर्थकों का अभिवादन करते महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे



महाशिवरात्रि के अवसर पर शनिवार को बेंगलुरू में एक मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु

# पूरे देश में गठित होंगे जीएसटी ट्रिब्यूनल

## ● राब, पेंसिल शार्पनर और चुनिंदा ट्रैकिंग उपकरणों पर जीएसटी दर में कटौती

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**वस्तु** एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) पर कुछ बदलावों के साथ मंत्रिसमूह (जीओएम) की रिपोर्ट स्वीकार कर ली है और अंतिम मसौदा संशोधन राज्य के वित्त मंत्रियों को उनकी टिप्पणियों के लिए भेजा जाएगा। वहीं परिषद ने शनिवार को तरल गुड़ (राब), पेंसिल शार्पनर और चुनिंदा ट्रैकिंग उपकरणों पर जीएसटी दर में कटौती के साथ ही सालाना रिटर्न भरने में देरी पर लगने वाले विलंब शुल्क को युक्तिसंगत करने का भी फैसला किया। जीएसटीएटी पर जीओएम का गठन हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की अध्यक्षता में ( शेष पेज 8 )

# दिल्ली मेयर का चुनाव 22 को, एलजी ने दी मंजूरी

## ● सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद शनिवार को मुख्यमंत्री केजरीवाल ने लिखा था उपराज्यपाल को पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**लगातार** तीन बैठकों में हंगामे के बाद अनिश्चितता के भंवर में फंसे एमसीडी मेयर का चुनाव 22 फरवरी को होगा। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शनिवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सिफारिश पर निगम सदन की बैठक बुलाने और महापौर चुनाव कराने को मंजूरी दे दी है। एक दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट के दखल से मेयर चुनाव रास्ता साफ हो गया था।

एक दिन पहले ही उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली नगर निगम की पहली बैठक बुलाने और महापौर, उप महापौर तथा स्थाई समिति के सदस्यों के चुनाव की तारीख तय करने के लिए 24 घंटे में नोटिस जारी करने का आदेश दिया था। शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को यह भी कहा था कि उपराज्यपाल द्वारा एमसीडी में नामित पार्षद महापौर पद के लिए मतदान नहीं कर सकते। यदि सब कुछ व्यवस्थित तरीके से चलता रहा तो 22 फरवरी को दिल्ली के महापौर का चुनाव हो जाएगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार सुबह उपराज्यपाल को चिट्ठी लिखी थी। इसमें 22 फरवरी को चुनाव कराने के लिए कहा गया था।

एलजी ने इस सिफारिश पर अपनी मुहर लगा दी है। अब 22 फरवरी को सुबह 11 बजे से एमसीडी सदन में पहले महापौर और फिर उप महापौर तथा स्थायी समिति के छह सदस्यों के लिए चुनाव हो जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपने आदेश में कहा था कि पहले महापौर का चुनाव किया जाए और फिर उनकी अध्यक्षता में उपमहापौर और स्टैंडिंग कमेटी ( शेष पेज 8 )

# कूनो पहुंचे दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते

## ● मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले के राष्ट्रीय उद्यान में अब चीतों की संख्या हुई 20

**पायनियर समाचार सेवा।** श्योपुर

**भारत** में पिछले सात दशक से विलुप्त चीतों को पुन: बसाने की योजना प्रोजेक्ट चीता के तहत भारतीय वायुसेना के विमान से दक्षिण अफ्रीका से लाए गए 12 चीतों को शनिवार को मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में लाकर अलग-अलग बाड़ों में छोड़ दिया गया। इसके साथ ही केएनपी में अब कुल 20 चीते हो गए हैं।

भारत में अंतिम चीते की मृत्यु वर्तमान छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में 1947 में हुई थी और इस प्रजाति को 1952 में विलुप्त घोषित कर दिया गया था। भारत में चीतों को फिर से बसाने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट चीता की शुरुआत की गई। इसके तहत पहले नामीबिया से और अब दक्षिण अफ्रीका से चीतों को यहां लाया गया है। इससे पहले, पिछले साल 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केएनपी में एक समारोह के दौरान नामीबिया से लाए गए आठ चीतों के पहले जत्थे को बाड़ों में छोड़ा था।

भारतीय वायुसेना का परिवहन विमान चीतों को लेकर सुबह करीब दस बजे ग्वालियर हवाई अड्डे पर पहुंचा। 12 चीतों के इस दूसरे जत्थे में सात नर और पांच मादा चीते शामिल हैं। इन चीतों ने परिवहन विमान से दक्षिण अफ्रीका के गौतेंग स्थित ओआर टांबो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से हजारों मील दूर भारत में अपने नए घर के लिए यात्रा शुक्रवार शाम को शुरू की थी। हवाई यात्रा के दौरान प्रत्येक चीते को एक अलग विशेष लकड़ी के बक्से में रखा गया था।

ग्वालियर पहुंचने के बाद चीतों को भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टर से श्योपुर जिले में स्थित केएनपी ले जाया गया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने केएनपी में इन चीतों को अलग-अलग बाड़ों में छोड़ा। इन चीतों को यहां लाने से पहले दक्षिण अफ्रीका में एक माह ( शेष पेज 8 )



दक्षिण अफ्रीका से कूनो राष्ट्रीय उद्यान में पहुंचा चीता

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,002 | |
| निफ्टी | 17,944 | |
| सोना | 55,950 | /10g |
| चांदी | 65,005 | /kg |

## क्विक न्यूज

### नेपाल हिंदू राष्ट्र है, पुरी के शंकराचार्य ने कहा

**काठमांडू।** पुरी स्थित गोवर्धन मठ के शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती ने शनिवार को कहा कि नेपाल सैद्धांतिक रूप से और व्यावहारिक रूप से हिन्दू राष्ट्र है। उन्होंने यहां पशुपतिनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर विशेष पूजा की। नेपाल को 2008 में धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित किया गया था। नेपाल की 81 प्रतिशत से अधिक आबादी हिंदू है। शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती ने कहा, नेपाल सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों आधार पर हिन्दू राष्ट्र है। उन्होंने आदि शंकराचार्य की एक नवस्थापित प्रतिमा का अनावरण भी किया। 2015 में यहां आए भूकंप के बाद प्रतिमा का पुनर्निर्माण किया गया है। उल्लेखनीय है कि न केवल नेपाल में बल्कि भारत में बहुत से लोग यह मांग करते रहे हैं कि नेपाल को पुनः हिन्दू राष्ट्र घोषित किया जाए।

# दिल्ली वक्फ बोर्ड की 123 संपत्तियां कब्जे में लेगा केंद्र

## ● इनमें कई मस्जिद, दरगाह और कब्रिस्तान भी शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने दिल्ली वक्फ बोर्ड की 123 संपत्तियों को अपने कब्जे में लेने का फैसला किया है। इनमें कई मस्जिद, दरगाह और कब्रिस्तान भी शामिल हैं। केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के इस कदम पर वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष और आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

खान ने जोर देकर कहा कि वह केंद्र सरकार को वक्फ संपत्तियों का अधिग्रहण नहीं करने देंगे। उप भूमि और विकास अधिकारी ने 8 फरवरी को पत्र लिखकर वक्फ बोर्ड को इन 123 संपत्तियों से संबंधित सभी मामलों का निपटारा कर इन्हें अपने कब्जे में लेने की जानकारी दी। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) एसपी गर्ग की अध्यक्षता वाली दो सदस्यीय समिति ने अपनी रिपोर्ट में गैर-अधिसूचित वक्फ संपत्तियों के मुद्दे पर कहा है कि दिल्ली वक्फ बोर्ड से कोई प्रतिनिधि उसके समक्ष नहीं आया और न ही इन संपत्तियों के बारे में कोई आपत्ति दर्ज कराई।

यह समिति दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश पर केंद्र सरकार ने बनाई थी। एल एंड डीओ ने कहा कि इस मामले में दिल्ली वक्फ बोर्ड मुख्य हितधारक या प्रभावित पक्ष था, जिसे अपना पक्ष रखने का समिति ने पूरा अवसर दिया। हालांकि, समिति के सामने बोर्ड उपस्थित नहीं हुआ और न ही 123 संपत्तियों के संबंध में उसने कोई अभ्यावेदन या आपत्ति दर्ज कराई। उपर्युक्त तथ्यों से यह स्पष्ट है कि दिल्ली वक्फ बोर्ड की सूचीबद्ध संपत्तियों में कोई हिस्सेदारी नहीं है और न ही उन्होंने इन संपत्तियों में कोई दिलचस्पी दिखाई है। इसलिए, दिल्ली वक्फ बोर्ड को इससे मुक्त करने का निर्णय लिया गया है। सभी 123 संपत्तियों का भौतिक निरीक्षण अब एल एंड डीओ द्वारा किया जाएगा।

अमानतुल्लाह खान के अनुसार, एल एंड डीओ ने 123 संपत्तियों पर नोटिस चिपकाए हैं, जिससे मुस्लिम समुदाय में व्यापक चिंता, भय और आक्रोश पैदा हो गया है। हम इन सभी संपत्तियों पर पहले ही अदालत में अपनी आवाज उठा चुके हैं, हमारी रिट याचिका संख्या 1961/2022 उच्च न्यायालय में लंबित है। इस बारे में झूठ फैलाया जा रहा है। हम वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर किसी को कब्जा नहीं करने देंगे।

# साहिल की प्रेमिका नहीं, पत्नी थी निक्की

**निक्की हत्याकांड**

## ● दोनों ने अक्टूबर 2020 में आर्य समाज मंदिर में लिए थे फेरे, दूसरी शादी का विरोध करने पर हत्या कर फ्रीजर में छुपा दिया था शव

## ● साजिश में शामिल होने के आरोप में साहिल के पिता, दो चचेरे भाई और दो दोस्त भी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जिस** निक्की यादव को साहिल गहलोत अपनी गर्लफ्रेंड बताकर लिव-इन में रहने की कहानी गढ़ रहा था, दरअसल, वह उसकी पत्नी थी। दूसरी शादी का विरोध करने पर उसने अपनी लिव-इन पार्टनर नहीं, बल्कि पत्नी को मौत के घाट उतारा था। पुलिस की जांच में यह खुलासा हुआ है। इस साजिश में साहिल के पिता, कांस्टेबल चचेरा भाई और दो दोस्त भी शामिल थे, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पिता को हत्याकांड के पूरे घटनाक्रम का पता था और दोस्तों ने लाश छुपाने में उसकी मदद की थी। निक्की लाश को ढाबे पर फ्रीजर में छुपाकर सब शादी के आयोजन में व्यस्त हो गए। यही नहीं, पुलिस के दावे उस समय पुख्ता हो गए जब साहिल और निक्की की शादी कराने वाले पुजारी विपिन आर्य भी सामने आ गए। उन्होंने कहा कि उन्होंने दोनों की शादी एक अक्टूबर 2020 को आर्य समाज मंदिर में कराई थी। इस मौके पर साहिल के परिवार के सदस्य तो मौजूद नहीं थे, लेकिन शादी के बारे में उन्हें पूरी जानकारी थी और इस पर सब सहमत थे। मंदिर में शादी के समय साहिल के साथ एक-दो लोग ही मौजूद थे। यही नहीं, दोनों की शादी के फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। विशेष पुलिस आयुक्त (क्राइम) रविंद्र यादव ने पुष्टि करते हुए कहा कि निक्की वास्तव में उसकी लिव-इन पार्टनर नहीं, पत्नी थी। दोनों की शादी 2020 में हो गई थी। इसीलिए वह साहिल की 10 फरवरी को होने वाली दूसरी शादी का विरोध कर रही थी। रिपोर्ट के अनुसार पुलिस ने साहिल और निक्की की शादी का प्रमाणपत्र भी बरामद कर लिया है।

रविंद्र यादव ने कहा कि 24 वर्षीय साहिल के पिता विरेंद्र सिंह, दो चचेरे भाई आशीष एवं नवीन और दो दोस्तों अमर तथा लोकेश को गहन पूछताछ के दौरान हत्याकांड में संलिप्तता की पुष्टि होने के बाद ही पांचों को गिरफ्तार किया गया। नवीन दिल्ली पुलिस में सिपाही है। मुख्य आरोपी साहिल गहलोत के पिता विरेंद्र को हत्याकांड के बारे में पूरी जानकारी थी। पुलिस अधिकारी के अनुसार जब निक्की दूसरी शादी पर राजी नहीं हुई तो साहिल ने उसकी शादी वाले दिन 10 फरवरी को ही हत्या कर ( शेष पेज 8 )



निक्की-साहिल का फाइल चित्र

# महाशिवरात्रि पर मंदिरों में लगा श्रद्धालुओं का तांता

## शिवलिंग पर दूध व पानी चढ़ाकर भगवान शिव से मनोकामना पूरी करने की प्रार्थना

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी लाइनें लगी हुई है। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर शिवभक्त भक्तिमय होकर भगवान शंकर की पूजा कर रहे हैं और शिवलिंग का श्रृंगार कर जलाभिषेक कर रहे हैं।

शहर के सेक्टर-100 स्थित वोडा महादेव मंदिर, सेक्टर-48ए, सेक्टर-19, सेक्टर-22 और सेक्टर 93 गेझा गांव, सिद्ध पीठ साई शनि मंदिर समेत शहर के तमाम शिव मंदिरों में लोग सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालु बेल पत्र, भांग-धतूरा आदि फल-फूलों से शिवलिंग की पूजा कर रहे हैं। इस दौरान पुलिस की तरफ से भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं, ताकि कोई अप्रिय घटना इस पावन पर्व में खलल न डाल सके।

इसके अलावा शिवलिंग पर दूध व पानी चढ़ाकर भगवान शिव से मनोकामना पूरी करने की प्रार्थना की जा रही है। शिव मंदिर के बाहर नंदी के कान में भी लोग अपने परिवार की सुख की कामना कर रहे हैं। इस दौरान पुलिस की तरफसे हर मंदिर में सुरक्षा व ट्रैफिक के बंदोबस्त किए गए हैं। मंदिर के बाहर पुलिस कर्मचारियों की तैनाती की गई।

ट्रैफिक को लेकर भी मंदिरों के नजदीक सिर्फ टू-व्हीलर्स को जाने की छूट दी जा रही है, ताकि जाम की वजह से श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। इसके अलावा शहर में कई जगहों पर भंडारा का आयोजन किया गया।

महाशिवरात्रि के अवसर पर सुबह से ही इसकी तैयारियां की जा रही थी। नोएडा के सेक्टर-19 में स्थित सनातन धर्म मंदिर के पंडित ने बताया कि महाशिवरात्रि भगवान शिव के पूजन का सबसे बड़ा पर्व है। यह फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को मनाया जाता है।

इस मौके पर मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। नोएडा के 93 गेझा गांव, सिद्ध पीठ साई शनि मंदिर में श्रद्धालुओं के लगे लंबी.लंबी कतारें श्रद्धालु फूल माला को लेकर शिव जी को लेकर चढ़ा रहे है, मंदिर प्रबंधन और नोएडा पुलिस प्रशासन पूरी तैयारियां कर चुका है, जितने भी लोग आ रहे हैं उनसे अपील की जा रही है कि शांति व्यवस्था बनाए रखे।



### परिवार सहित पहुंचे वी.के सिंह, किया जलाभिषेक

*महाशिवरात्रि के अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री व सांसद वीके सिंह अपनी धर्मपत्नी भारती सिंह, सुपुत्री मृणालिनी व योगजा सिंह, कुलदीप चौहान के साथ दूधेश्वरनाथ मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने विधिवत भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा की। इसके उपरांत उन्होंने मंदिर के महंत नारायण गिरि का आर्शीवाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान शिव कण-कण में मौजूद हैं। इसके अलावा जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, दर्जाप्राप्त राज्यमंत्री अशोक गोयल सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी जलाभिषेक किया। केंद्रीय मंत्री वीके सिंह ने मंदिर की व्यवस्थाओं को देखकर संतुष्टी जताई और अधिकारियों से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बात भी की।*

### पुलिसकर्मियों पर लगा धक्का-मुक्की का आरोप

**गाजियाबाद।** दूधेश्वर मंदिर पर महाशिवरात्रि का जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धा उमड़ पड़ी। इस वजह से मंदिर के बाहर बनी लाइनों में अव्यवस्था फैल गई। पुलिसकर्मी व्यवस्था बनाने में मशक्कत करते रहे। इस दौरान कुछ पुलिसकर्मियों ने श्रद्धालुओं को लात.घूसे भी मारे। सोशल मीडिया में इसकी वीडियो वायरल हो रही है। दूधेश्वरनाथ मंदिर पर जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं की कतार जीटी रोड पर पुलिस चौकी से शुरू होकर मंदिर के अंदर तक थी। पहले एक लाइन बनी, फिर दो और फिर तीन लाइनें हो गईं। श्रद्धालु तीनों लाइनों में ठसाठस खड़े हुए थे। इस बीच जब लाइनों में धक्का-मुक्की शुरू हुई तो कुछ श्रद्धालु लाइनों से बाहर निकल आए। इससे मंदिर परिसर के बाहर व्यवस्था बिगड़ गई। ये देख वहां खड़े 2/3 पुलिसवाले आए और श्रद्धालुओं को पीटकर धकेलना शुरू कर दिया। इससे जुड़ी एक वीडियो भी सामने आई है, जिसमें एक पुलिसकर्मी द्वारा श्रद्धालु को लात मारते हुए दिखाया जा रहा है।

### जलाभिषेक के लिए भक्तों ने रात में ही लगा ली थी लाइन

**गाजियाबाद।** शहर के प्रसिद्ध दूधेश्वरनाथ समेत अन्य तमाम मंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। चतुर्दशी का जलाभिषेक करने के लिए भक्त रात दस बजे से ही लाइन में लगना शुरू हो गए थे। रात 12 बजे के बाद भगवान दूधेश्वर का श्रृंगार आरती व भोग अपर्ण करने के उपरांत मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए गए।

रात 12 बजे से शुरू हुआ जलाभिषेक का सिलसिला शनिवार तक जारी रहा। रात 12 बजे ही भक्तों की लाइन जिला अस्पताल के गेट तक पहुंच गई। भक्तों की भीड़ का आलम यह था कि उसे नियंत्रित करने के लिए एक साथ तीन लाइन लगानी पड़ीं। सुबह होते ही मंदिर में भक्तों का सैलाब उमडने् लगा। आलम यह रहा है कि लाइन घंटाघर तक पहुंच गई। बावजूद इसके लाइन लगातार लम्बी होती गई जिसके चलते पहली बार ठाकुर द्वारा रोड की ओर से भक्तों की लाइन लगाई गई। लगातार भक्त घंटों लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। धूप और घंटों का इंतजार भी भक्तों के उत्साह को कम नहीं कर पाया। मंदिर के महंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि भगवान भोले अपने भक्तों से सदैव प्रसन्न रहते हैं। भक्ति का आलम यह था कि शिवभक्त लेट-लेटकर जलाभिषेक करने पहुंचे जिसमे बड़ी संख्या में बच्चे और महिलाएं शामिल रहीं।



जलाभिषेक को लेकर मंदिरों पर सुरक्षा और शांति व्यवस्था को सुनिश्चित करते नोएडा के पुलिस अधिकारी।

## स्कूल में चिप्स-कोल्ड ड्रिंक लाने पर डायरेक्टर ने दो छात्रों को बुरी तरह पीटा

**गाजियाबाद।** एमएल पब्लिक स्कूल में डायरेक्टर ने 9वीं क्लास के दो छात्रों की पिटाई कर दी। छात्र लंच में चिप्स और कोल्ड ड्रिंक लेकर आए थे। डायरेक्टर ने जैसे ही दोनों को चिप्स-कोल्ड ड्रिंक खाते.पीते देखा तो वह भड़क गए।

उन्हें प्लास्टिक के पाइप से पीटना शुरू कर दिया। डायरेक्टर ने छात्रों को इतनी बुरी तरह से पीटा कि उनकी शरीर पर कई जगह चोट के निशान उभर आए हैं। पैर में सूजन भी आ गई है। बच्चों ने घर पहुंचकर इस बारे में घरवालों को बताया। जिसके बाद घरवालों की शिकायत पर शनिवार को मामला दर्ज करके आरोपी डायरेक्टर को गिरफ्तार कर लिया गया है। राजनगर एक्सटेंशन में ज्योति सुपर विलेज हाउसिंग सोसाइटी है। इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी रितेश गुप्ता का 13 साल का बेटा केशव गुप्ता एमएल पब्लिक स्कूल में पढ़ता है। मां मनीषा गुप्ता ने बताया कि उनकी तबियत खराब थी। इसलिए वे लंच नहीं बना पाई थीं। लंच में बेटे को चिप्स और कोल्ड ड्रिंक देकर स्कूल भेज दिया। केशव गुप्ता के मुताबिक, वो अपने क्लास मेट्स के साथ चिप्स खा रहा था।

## बेकार गए नगर निगम के पांच करोड़, नाले के नहीं सुधरे हालात

● निकले वाली दुर्गंध से आम लोग परेशान

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



ब्रिज विहार नाले को लेकर नगर निगम की खूब किरकिरी हो रही है। इसी को देखते हुए अब नगर निगम नाले को लेकर कोई भी भुगतान कंपनी को नहीं करेगा। हालांकि, इससे पहले कंपनी को पांच करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

कुल मिलाकर करीब 25 करोड़ रुपये का भुगतान कंपनी ने नाले की दुर्गंध को दूर करने के लिए मांगा था। पूर्व नगर आयुक्त के कार्यकाल में एक कंपनी को यह कार्य दिया गया था। बाद में उनका तबादला हो गया और इसी बीच कंपनी ने भी कार्य रोक दिया। ब्रज विहार नाले में साफ-सफाई की समस्या अभी भी बरकरार है। इसी के चलते आसपास के लोग परेशान हैं और वे आए दिन इसके लिए नगर निगम के अधिकारियों को निशाने पर लेते रहते हैं।

गत दिनों कई लोगों ने नाले में उतरकर प्रदर्शन किया था। बाद में प्रकरण के तूल पकडने् के बाद नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ स्वयं ही ब्रज विहार पहुंचे और वहां उन्होंने इस प्रकरण पर सफाई दी थी। बाद में यह मामला शासन तक भी पहुंचा और इस मामले में नगर निगम अब बैक फुट पर है।

नगर निगम में जलकल विभाग के जीएम आनंद त्रिपाठी का कहना है कि नगर निगम अब इस नाले की सफाई को लेकर कोई भी भुगतान नहीं करेगा। अभी तक नगर निगम नाले की दुर्गंध को दूर करने के लिए नगर निगम पांच करोड़ रुपये का भुगतान कर चुका है। किसी भी समस्या का हल हुए बगैर कैसे यह भुगतान हो गया इसको लेकर मामला शासन में भी विचाराधीन है। अब इस नाले को लेकर नगर निगम को साफ-सफाई आदि के लिए नई कार्य योजना बनानी पड़ी रही है।

## संक्षिप्त समाचार



नोएडा में कार में काली फिल्म और हूटर लगाने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई करती यातायात पुलिस।

### लेबर चौक के पास नाले में मिला शव

**नोएडा।** फेज-1 थाना क्षेत्र के लेबर चौक के पास नाले में एक युवक का शव मिला है। सूचना मिलने पर खुद डीसीपी हरीश चंदर मौके पर पहुंचे और उन्होंने मौका मुआयना किया। लोगों की मदद से शव को नाले से बाहर निकाला गया। शव का दो से तीन दिन पुराना लग रहा है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। डीसीपी हरीश चंदर ने बताया कि मृतक के शरीर पर चोट के निशान नहीं है। बताया गया कि मृतक शराब पीने का आदी था। इस कारण वो नाले में गिरा और दम घुटने से उसकी मौत हो गई। दो दिन होने पर शव पानी के ऊपर आ गया। मृतक की फोटो लेकर आसपास के थानों में भिजवा दी गई है। इसकी शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है। जानकारी मिलने के बाद यहां लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। लेकिन अब तक शव शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। ताकि मौत के सही कारणों का पता लगाया जा सके। वहीं बार्डर से जुड़े थानों में भी मृतक की फोटो भेजी गई है। इसके साथ ये पता लगा रहे है कि बीते दो दिनों में कही गुमशुदगी तो दर्ज नहीं की गई है।

### मोदीनगर स्टेशन के कॉनकोर्स का निर्माण अंतिम चरण में

**गाजियाबाद।** मोदीनगर नॉर्थ आरआरटीएस स्टेशन के कॉनकोर्स लेवल की स्लैब कास्टिंग का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। संभावना जताई जा रही है कि इसका निर्माण अगले सप्ताह तक पूरा हो जाएगा। इसके अलावा स्टेशन के प्लेटफॉर्म लेवल की स्लैब कास्टिंग का कार्य भी लगभग 40 प्रतिशत पूर्ण हो गया है। इस स्टेशन का निर्माण दिल्ली-मेरठ मुख्य मार्ग के बीच 11 केंटीलीवर पिलर्स पर किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के तहत एक कतार में निर्मित किये गए 11 पिलर्स पर क्रॉसआर्म बनाकर स्टेशन की ऊपरी मंजिलें निर्मित की गई हैं, यह स्टेशन तेजी से आकार ले रहा है। स्टेशन में स्लैब कास्टिंग के साथ-साथ सिग्नलिंग और टेलिकॉम उपकरण कक्ष का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया हैए वहीं ऑग्जिलरी सब स्टेशन एएसएस कक्ष का निर्माण कार्य आरंभ हो चुका है। बता दें कि एएसएस कक्ष से ही सम्पूर्ण स्टेशन में विद्युत की आपूर्ति की जाती है। अगले चरण में स्टेशन में सीढियों और दो प्रवेश, निकास द्वार का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। मोदीनगर नॉर्थ स्टेशन आरआरटीएस की नई यातायात व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### बदमाश की निशानदेही पर मोबाइल बरामद

**नोएडा।** कासना थाना पुलिस ने एक शातिर चोर को पुलिस कस्टडी पर लेने के बाद उसके पास से चोरी किए गए मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस ने इस दौरान उसकी निशानदेही पर 25 चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर दुकान का शटर काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। ग्रेटर नोएडा के कासना थाना क्षेत्र में 31 मई 2022 को अज्ञात चोरों के द्वारा एक दुकान का शटर काटकर करीब 150 मोबाइल फोन चोरी कर ले गए थे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए चार चोरों को गिरफ्तार किया और उनसे चोरी के 112 मोबाइल भी बरामद किए गए थे। पुलिस ने आनंद, हीरा, संजीव और घनश्याम को गिरफ्तार किया था, जबकि धनपाल नाम का आरोपी फरार हो गया था और उसकी पुलिस तलाश कर रही थी।

## किसानों को भूखंड देने की प्रकिया हुई आसान

● वरीयता के आधार पर किसानों की सूची तय की जाएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



गौतम बुद्ध नगर में किसानों को 4 व 6 फीसदी आबादी भूखंड आवंटित करने की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया गया है। इसके लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी की पहल पर अहम निर्णय लिया गया है।

अब भू-अर्जन के अवॉर्ड की तिथि को वरीयता देते हुए किसानों की सूची तय की जाएगी। अगर, अवॉर्ड की तिथि एक समान है तो किसानों के आवेदन के आधार पर भूलेख विभाग से प्राप्त होने वाली सूची को वरीयता दी जाएगी। अब तक किसानों के नाम के अल्फाबेट के आधार पर प्लॉट दिए जाते थे। दरअसल, किसानों के नाम के अल्फाबेट के आधार पर भूखंड दिए जाते थे।

जिससे कई बार इस तरह की समस्या सामने आ जाती थी कि जिन किसानों की जमीन पहले ली गई है, उनको 6 फीसदी आबादी का भूखंड बाद में मिलता था। जिन किसानों की जमीन बाद में ली गई है, उनको भूखंड पहले मिल जाता था। मसलन, जिन किसानों का नाम, अल्फाबेट से शुरू होता है, उनको चार व छह फीसदी आबादी भूखंड पहले मिल जाता था, चाहे उस किसान की जमीन बाद में ली गई हो। इसी तरह जिन किसानों का नाम पी अल्फाबेट से शुरू होता है, उनको भूखंड बाद में ही मिलता है। भले ही उस किसान की जमीन पहले ली गई है। इससे विवाद की स्थिति उत्पन्न होती थी।

किसानों ने इस समस्या को सुलझाने के लिए सीईओ रितु माहेश्वरी के समक्ष भी मांग रखी थी। सीईओ की पहल पर विगत बोर्ड बैठक में भू.अर्जन के अवॉर्ड की तिथि के आधार पर आबादी भूखंड दिए जाने का निर्णय लिया गया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ अमनदीप डुली ने बताया कि ग्रामवार भू अर्जन के अवॉर्ड की तिथि सबसे पुराने को वरीयता देते हुए को वरीयता देते हुए चार व छह फीसदी आबादी भूखंडों देने के लिए किसानों की सूची तैयार की जाएगी।

## गाजियाबाद में साली के जन्मदिन पर पत्नी की कैंची से गोदकर हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में साली के जन्मदिन पर पति ने ससुराल में अपनी पत्नी की हत्या कर दी। वारदात के वक्त घर में महिला की मां, दादी, भाई-बहन मौजूद थे। ग्राउंड फ्लोर पर पार्टी में चल रही थी। पहली मंजिल के कमरे में पति-पत्नी बात कर रहे थे।

इसी दौरान गुस्से में पति ने पत्नी पर कैची से कई वार किए। घटना घंटाघर कोतवाली क्षेत्र की है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। अंशु जैन ने बताया, ये वारदात घंटाघर कोतवाली क्षेत्र के आर्यनगर में शुक्रवार रात करीब 8 बजे के आस-पास हुई है।

मृतक वंशिका की शादी वर्ष 2020 में नरेश से हुई थी। शुक्रवार को नरेश की साली आस्था का जन्मदिन था। वह ससुराल आर्यनगर आया, जिसके बाद पत्नी वंशिका कश्यप को फर्स्ट फ्लोर पर बने कमरे में ले गया। अंदर से कुंडी बंद कर दी। नरेश ने पत्नी से घर चलने को कहा। इस दौरान वंशिका ने साफ मना कर दिया। इसके बाद दोनों में बंद कमरे में झगड़ा हुआ।

### सिक्योरिटी गार्ड की हत्या करने वाला आरोपी पकड़ा

**नोएडा।** नोएडा स्टेडियम में तैनात महिला सिक्योरिटी गार्ड को चाकू मारने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी युवक पिछले काफी समय से युवती पर शादी करने का दबाव डाल रहा था। इनकार करने पर युवक ने उस पर हमला करके घायल कर दिया था। महिला का इलाज अस्पताल किया गया। उसे घर भेज दिया गया है। मूल रूप से बागपत की रहने वाली पीड़िता अपने परिजनों के साथ खोड़ा गांव में किराए पर रह रही है। वह नोएडा स्टेडियम में गार्ड के रूप में कार्यरत है।

## प्रेमी संग मिलकर महिला ने की पति की गला घोटकर हत्या, गिरफ्तार

● जांच को भटकाने की कोशिश, बताया अचानक हुई मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि मूल रूप से जनपद बदायूं के रहने वाला निरेश 25 वर्ष की नीतू से शादी हुई थी। वह देवला गांव में अपनी पत्नी के साथ रहता था। उन्होंने बताया किसी इसी बीच नीतू के सतपाल नामक युवक से अवैध संबंध बन गए। सतपाल से निरेश ने 5 लाख रुपए उधार लिये थे। वह निरेश से अपने पैसे वापस मांग रहा था।

इस बात को लेकर दोनों में तनातनी हो गई। उन्होंने बताया कि इसी बीच नीतू ने अपने पति को ठिकाने लगाने की योजना बनाई। उसने अपने प्रेमी सतपाल और उसके एक अन्य साथी के साथ मिलकर 13 फरवरी की रात को गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। हत्या करने के बाद महिला अपने पति के शव को लेकर जनपद बदायू गई तथा उसने अपने ससुराल पक्ष के लोगों से कहा कि उनकी अचानक मौत हो गई है। ससुराल पक्ष के लोगों को शक हुआ तथा उन्होंने शव का पोस्टमार्टम करवाया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह बात सामने आई कि मृतक की गला घोटकर हत्या की गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि 16 फरवरी को मृतक के चाचा ने थाना सूरजपुर में मुकदमा दर्ज करवाया। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है।



नोएड पुलिस की गिरफ्त में आरोपी महिला।

## नोएडा सरस मेला: महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की जरूरत: गिरिराज

● सरकार का प्रयास है हर ग्रामीण महिला का अपना स्वरोजगार हो: कुलस्ते

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

भारत एक सांस्कृतिक सनातनी देश है। प्रधानमंत्री का स्पष्ट कहना है कि महिला सशक्तिकरण के नाम पर केवल कार्यक्रम आयोजित न हों, बल्कि संकल्प लेना होगा। महिलाओं के आर्थिक सशक्ति करण पर ध्यान देने की जरूरत है।

इसी उद्देश्य के साथ सरस आजीविका मेले के आयोजन देशभर में किए जा रहे हैं। उक्त विचार केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री गिरिराज सिंह ने नोएडा, सेक्टर-33 ए स्थित नोएडा हाट में रखे। वे यहां मंत्रालय द्वारा आयोजित सरस आजीविका मेला 2023 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।



नोएडा हाट में आयोजित मेले का उद्घाटन करते पंचायत राज मंत्री गिरिराज सिंह।

उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्र में विकास पर जोर देने की आज प्रबल आवश्यकता है। देशभर के 25 करोड़ घरों में से 19 करोड़ घर ग्रामीण क्षेत्र में हैं, जो भारत की प्रबल पहचान हैं। मंत्रालय का लक्ष्य 2024 तक 10 करोड़ बहनों, घरों को जोड़ने का है। वर्ष 1999 से 2014 तक 15 लाख घरों तक पकड़ थी, जिसे हमने 9 करोड़ तक पहुंचा दिया है। देशभर से आईं बहनें कितनी ईमानदारी और मेहनत के साथ काम करती हैं यह आपको इनके द्वारा हस्त निर्मित उत्पादों को देखकर-खरीदकर पता लग जाएगा।

यहां आई कोई बहन आसाम की हो या केरल की इनके उत्पाद आपके द्वारा खरीदने से इनके घर में रोशनी आएगी, खुशहाली आएगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार शैलेष कुमार सिंह, अपर सचिव चरणजीत सिंह, संयुक्त सचिव नीता केजरीवाल, निदेशक राघवेंद्र प्रताप सिंह तथा चिरंजी लाल कटारिया सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने से भी विकास का रास्ता खुलता: निरंजन

केंद्रीय ग्रामीण विकास, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि उत्तर प्रदेश की होने के नाते यहां नोएडा में आगमन पर देशभर के राज्यों से आई सभी बहनों का स्वागत करती हूं। साथ की आपके द्वारा निर्मित उत्पादों में आप तरक्की करें ये प्रार्थना करती हूं। उन्होंने कहा कि आज हर क्षेत्र में देश की प्रगति में महिलाओं की अहम भूमिका है। प्रधानमंत्री का यही सपना है कि भारत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो। इसी पहल को आगे बढ़ाते हुए महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया जा रहा है। स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने से भी विकास का रास्ता खुलता है। सरस मेला इसका जीता जागता उदाहरण है। केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं इस्पात राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे देश के राज्यों की संस्कृति और उत्पादों की गुणवत्ता को दर्शाता है यह सरस आजीविका मेला। सरकार का प्रयास है कि हर ग्रामीण महिलाध्दीदी का अपना स्वरोजगार हो, ताकि वो अपने पैरों पर खड़ी हो सकें।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# सिसोदिया से फिर पूछताछ करेगी सीबीआई

## आबकारी मामले में जांच एजेंसी ने दोबारा बुलाया, उपमुख्यमंत्री का केंद्र सरकार पर पलटवार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में आरोपपत्र दायर करने के लगभग तीन महीने बाद फिर से उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को रविवार को पूछताछ के लिए बुलाया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। वहीं सिसोदिया ने फिर से पूछताछ के लिए बुलाए जाने पर अपने ट्वीट में लिखा कि उनको दिल्ली के बच्चों की शिक्षा पर अच्छा काम करने से रोका जा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि आरोपपत्र में सिसोदिया को आरोपी नहीं बनाया गया है क्योंकि उनके और अन्य संदिग्धों के खिलाफ जांच अब भी जारी है। आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली सरकार में उपमुख्यमंत्री सिसोदिया के पास आबकारी विभाग का प्रभार भी है। सिसोदिया से इससे पहले पिछले साल 17 अक्टूबर को पूछताछ हुई थी और मामले में उनके घर एवं बैंक के लॉकरों की तलाशी ली गई थी। एक अधिकारी ने कहा कि दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 को बनाने और इसे लागू करने में बड़ी साजिश तथा मामले में धन कहां से आया कहां गया इस संबंध में आगे की जांच जारी है।

सिसोदिया ने ट्वीट करके बताया कि तलाशी के दौरान उनके खिलाफ कुछ नहीं मिला था और वह जांच में सहयोग करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि


फाइल फोटो

सीबीआई ने कल फिर बुलाया है। मेरे खिलाफ इन्होंने सीबीआई, ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की पूरी ताकत लगा रखी है, घर पर छापे, बैंक लॉकर तलाशी, कहीं मेरे खिलाफ कुछ नहीं मिला।

उन्होंने परोक्ष तौर पर केंद्र की इशारा करते हुए कहा कि सीबीआई को उनके पीछे लगाया गया है क्योंकि वे (केंद्र) उन्हें दिल्ली में बच्चों की शिक्षा पर अच्छा काम नहीं करने देना चाहते। उन्होंने कहा, मैंने दिल्ली के बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा का इंतजाम किया है। वे मुझे रोकना चाहते हैं। मैंने जांच में हमेशा सहयोग किया है और करूंगा।

सीबीआई ने कहा है कि जांच एजेंसी अब दिल्ली शराब नीति बनाने और लागू करने में व्यापारियों और नेताओं की उस साउथ लॉबी के कथित प्रभाव पर ध्यान केंद्रित कर रही है जिसने बिचौलियों, शराब व्यापारियों और लोक सेवकों का उपयोग करके इसे अपने पक्ष में किया। पिछले साल 25 नवंबर को दायर आरोपपत्र में दर्ज सात आरोपियों में गिरफ्तार व्यवसायी विजय नायर और अभिषेक बोइनपल्ली के नाम शामिल हैं।

आरोप है कि शराब व्यापारियों को लाइसेंस प्रदान करने की दिल्ली सरकार की नीति से कुछ डीलरों को लाभ मिला, जिन्होंने इसके लिए कथित रूप से रिश्वत दी थी। इस आरोप का आम आदमी पार्टी (आप) ने जोरदार खंडन किया। सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा था, यह भी आरोप लगाया गया है कि अनुमोदन के बिना आबकारी नीति में संशोधन, लाइसेंसधारियों को अनुचित लाभ देना, लाइसेंस शुल्क में छूट-कमी, एल-1 लाइसेंस का विस्तार आदि सहित अनियमितताएं की गईं।

प्रवक्ता ने कहा कि यह भी आरोप लगाया गया है कि इन कृत्यों से मिले अवैध लाभ को निजी पक्षों ने अपने बहीखातों में गलत प्रविष्टियां दर्ज करके संबंधित लोक सेवकों को पहुंचाया था। हाल में सीबीआई ने तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की विधान पार्षद (एमएलसी) एवं मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता के एक पूर्व चार्टर्ड अकाउंटेंट बुचिबाबू गोरांटला को गिरफ्तार किया। आरोप है कि बाबू ने दिल्ली, हैदराबाद और मुंबई में प्राथमिकी में नामित कई आरोपियों से मुलाकात की थी और दक्षिण लॉबी के प्रमुख वार्ताकारों में से एक था, जो 2021-22 के लिए अब समाप्त हो चुकी आबकारी नीति को अपने पक्ष में करना चाहता था। सीबीआई ने पिछले साल दिसंबर में मामले के सिलसिले में कविता से भी पूछताछ की थी। अपनी जांच के दौरान सीबीआई को सबूत मिले थे कि बाबू ने साउथ लॉबी की ओर से काम किया, जिसमें तेलंगाना एमएलसी, युवजन श्रमिक रैतू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी और अरबिंदो फार्मा के पी. शरत चंद्र रेड्डी शामिल थे।

### शराब घोटाला फर्जी मुद्दा : केजरीवाल



*नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि दिल्ली में कोई शराब घोटाला नहीं हुआ है और उनकी सरकार की आबकारी नीति के खिलाफ मामला राजनीतिक प्रतिशोध और साजिश का नतीजा है। उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा रविवार को पूछताछ के लिए तलब किए जाने से पहले केजरीवाल का यह बयान आया है। केजरीवाल ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनकी सरकार (अब रद्द कर दी गई) आबकारी नीति 2021-22 के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच में पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने सिसोदिया को सीबीआई द्वारा तलब किए जाने के बारे में पूछे जाने पर कहा, पहली बात तो यह है कि शराब घोटाला जैसी कोई चीज नहीं है। हमने देश में सर्वश्रेष्ठ और सर्वाधिक पारदर्शी नीति बनाई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में इसी तरह की नीति के क्रियान्वयन से राजस्व में 48 प्रतिशत की वृद्धि हुई। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में उन्होंने राजनीतिक प्रतिशोध एवं साजिश के परिणामस्वरूप मामला बनाया। मनीष वहां जाएंगे और पूरा सहयोग करेंगे। आखिरकार सत्य की जीत होगी।*

# मुख्यमंत्री का आरोप, एलजी ने कोर्ट में पक्ष रखने से रोकने का किया प्रयास

**मेयर चुनाव मामला**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को उपराज्यपाल वी.के सक्सेना पर आरोप लगाया कि वह दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के महापौर चुनाव के मामले में दिल्ली सरकार को उच्चतम न्यायालय के समक्ष अपनी राय रखने से जबरन रोकने की कोशिश कर रहे हैं। उच्चतम न्यायालय ने एक दिन पहले ही कहा था कि महापौर चुनाव में एल्डरमैन (मनोनीत सदस्य) वोट नहीं डाल सकते। केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि उपराज्यपाल ने न्याय के प्रशासन में हस्तक्षेप करने की कोशिश की और अदालत की अवमानना की।

आप नेता द्वारा किए गए दावों और आरोपों पर उपराज्यपाल कार्यालय से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है। केजरीवाल ने कहा कि इस मामले में याचिकाकर्ता एवं आप की मेयर पद की उम्मीदवार शैली ओबेरॉय ने शीर्ष अदालत में अपनी याचिका में उपराज्यपाल और दिल्ली सरकार को अलग-अलग पक्षकार बनाया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने शहरी विकास सचिव से मामले में गौतम नारायण की सेवा लेने के लिए कहा था। हालांकि, उपराज्यपाल ने 9 फरवरी को शहरी विकास सचिव को मामले की पैरवी के लिए सरकार के वकील के रूप में सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता को नियुक्त करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने उपराज्यपाल को पत्र लिखकर उनसे कहा है कि उनके कृत्य संवैधानिक पद के अनुरूप नहीं हैं।

केजरीवाल ने ट्वीट किया कि उपराज्यपाल ने सरकार को उच्चतम न्यायालय में एमसीडी मेयर चुनाव मामले में तुषार मेहता को नियुक्त करने के लिए बाध्य किया। तुषार मेहता दोनों विरोधी पक्ष-दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। क्या यह न्याय के प्रशासन में हस्तक्षेप नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि न्याय के हित में और उच्चतम न्यायालय को उचित निर्णय पर पहुंचाने में मदद के लिए उसके समक्ष सभी दृष्टिकोणों को प्रस्तुत करना महत्वपूर्ण है।

### आप का प्रदर्शन, उपराज्यपाल से इस्तीफे की मांग



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद आप ने दिल्ली वालों को परेशान करने और भाजपा के साथ मिलकर काम करने का आरोप लगाते हुए एलजी से इस्तीफे की मांग करते हुए शनिवार को उनके आवास का घेराव किया। इस दौरान आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश ने साबित किया कि भाजपा-एलजी मिलकर कर रहे थे गैर संवैधानिक और गैर कानूनी निर्णय। इसलिए एलजी को संवैधानिक पद पर बैठने का अधिकार नहीं है। दिल्ली की जनता की मांग है कि विनय सक्सेना तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दें। क्योंकि वह संविधान और कानून का सम्मान नहीं करते हैं। संवैधानिक पद पर होते हुए भी एलजी ने संविधान और कानून की अवहेलना की और एक बाद एक गलत निर्णय लिया है। विधायक दुर्गेश पाठक ने कहा कि दिल्ली के एलजी लगातार भारत के संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं। उनमें इस पद पर रहने की कोई नैतिकता नहीं बची है।

# घोटाला नहीं हुआ तो आबकारी नीति रद्द क्यों की : भाजपा



प्रेस वार्ता में वीरेंद्र सचदेवा व अन्य भाजपा नेता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कोई शराब घोटाला नहीं हुआ के मुख्यमंत्री के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने हैरानी जताते हुए सवाल किया कि यदि कोई घोटाला नहीं हुआ था, तो आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार ने आबकारी नीति क्यों रद्द कर दी।

नियमों के उल्लंघन एवं खामियों को लेकर दिल्ली के उप राज्यपाल वी. के. सक्सेना द्वारा सीबीआई जांच की सिफारिश किए जाने के बाद आप सरकार ने पिछले साल आबकारी नीति 2021-22 वापस ले ली थी।

वहीं, एक अन्य संवाददाता सम्मेलन में सचदेवा ने केजरीवाल से सवाल किया कि मामले में एक आरोपी को अदालत ने चार मौकों पर जमानत देने से इनकार क्यों कर दिया और क्या सिसोदिया का अन्य आरोपियों से कोई संपर्क था। भाजपा नेता ने यह भी सवाल किया कि उप मुख्यमंत्री बार-बार अपना मोबाइल फोन क्यों बदल रहे हैं। दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी ने दावा किया कि शराब घोटाला 6,000 करोड़ रुपए का है और सिर्फ सीबीआई जांच के बाद ही सच्चाई सामने आएगी।भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा ने कहा कि आप सरकार का शराब घोटाला लोगों के सामने उजागर हो गया है और केजरीवाल अब सिसोदिया का बचाव कर रहे हैं।


जलाभिषेक के लिए लगी श्रद्धालुओं की लंबी कतारें। फोटो: रंजन डिमरी

# अवैध संबंधों के शक में पत्नी व अबोध बेटे की हत्या, गिरफ्तार

- वारदात की रात दंपती में हुआ था झगड़ा



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी में 24 वर्षीय मजदूर ने पत्नी से झगड़े के बाद उसकी और अपने डेढ़ साल के बेटे की कथित तौर पर हत्या कर दी।

पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि ब्रजेश को शक था कि उसकी पत्नी के किसी और से संबंध हैं और इस मुद्दे पर झगड़े के बाद उसने पत्नी को और बच्चे को मार डाला। ब्रजेश ने 2016 में शादी की थी। पुलिस ने बताया कि घटना उत्तर पश्चिमी दिल्ली के सुभाष प्लेस में शुक्रवार देर रात हुई। उन्होंने बताया कि विवाहेतर संबंध की बात को लेकर दंपती में अक्सर लड़ाई होती थी। ब्रजेश को यहां तक शक था कि बेटा उसका नहीं बल्कि उस शख्स का बच्चा है जिससे उसकी पत्नी का कथित तौर पर विवाहेतर संबंध है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने दोनों को मारने के लिए रसोई के चाकू और पेंचकस का इस्तेमाल किया। उत्तर पश्चिमी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) जितेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि घटना की जानकारी बृहस्पतिवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात को मिली।

उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। डीसीपी ने बताया, भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।




# जेल में काम के दौरान घायल कैदियों को मिलेगा मुआवजा

- उच्च न्यायालय ने तैयार किए दिशा निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि एक कैदी को नीतियों की कमी के कारण कष्ट भुगतने नहीं दिया जा सकता और कैदियों के मूल अधिकारों के प्रति सुस्त अधिकारियों को उनके ढीले रवैए से जगाने के लिए अदालत को सख्त रुख अपनाने की जरूरत थी।

जेल में काम के दौरान एक कैदी को दिए जाने वाले मुआवजे के आकलन और उसकी मात्रा को लेकर कई दिशानिर्देश जारी करते समय अदालत ने ये टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि उस स्थिति में जब एक सजायाफ्ता का काम के कारण अंग-भंग होता है या जानलेवा चोट का शिकार होता है, तो जेल अधीक्षक 24 घंटों के अंदर घटना की सूचना जेल निरीक्षण न्यायाधीश को देने के लिए कर्तव्यबद्ध हैं।

यह भी कहा गया कि पीड़ित को दिए जाने वाले मुआवजे के आकलन और उसकी मात्रा निर्धारित करने के लिए महानिदेशक (जेल), एक सरकारी अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक और संबंधित जिले के दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव वाली तीन सदस्यीय समिति का गठन किया जाएगा।

अदालत ने यह भी कहा कि सरकार की ओर से चोटिल व्यक्ति को अंतरिम मुआवजा प्रदान किया जाएगा। ये दिशा-निर्देश काम के दौरान दोषी के अंग-भंग या किसी अन्य जानलेवा चोट के मामले में ही लागू होंगे। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांत शर्मा ने कहा कि फैसले की मंशा कैदियों के लिए नए अधिकार सृजित करने की नहीं है, लेकिन कैदी के समानता के अधिकार,और उसकी मानवीय गरिमा को व्यक्त करता है।

### दिन के तापमान में बढ़ोतरी पारा 29.6 डिग्री पहुंचा

**नई दिल्ली।** राजधानी में शनिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री अधिक 29.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 11.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी ने बताया कि सापेक्षिक आर्द्रता 95 से 41 प्रतिशत के बीच रही। मौसम विज्ञानियों ने रविवार को आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और सुबह मध्यम से घना कोहरा छाए रहने का पूर्वानुमान जताया है। राजधानी में रविवार को अधिकतम तापमान 31 और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है।

# एलजी ने किया द्वारका में एयरपोर्ट ड्रेन प्रोजेक्ट का निरीक्षण

- परियोजना के पूरा होने पर मिलेगी जलभराव से राहत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शनिवार को चल रही हवाई अड्डे की नाली परियोजना की प्रगति का निरीक्षण किया।

इस परियोजना के पूरा होने से आईजीआई हवाई अड्डे और आसपास के द्वारका क्षेत्रों में मानसून के दौरान जलभराव से राहत मिलेगी। अधिकारियों ने बताया कि उप राज्यपाल ने द्वारका सेक्टर-8 में


हवाई अड्डे की परियोजना की प्रगति का निरीक्षण करते उपराज्यपाल वीके सक्सेना।

रेलवे पटरी के नीचे नाली निर्माण का निरीक्षण किया और अधिकारियों को परियोजना यथाशीघ्र पूरा करने के लिए मानव बल और अन्य संसाधन बढ़ाने का निर्देश दिया।

उन्होंने बताया कि परियोजना जून 2023 में पूरी होगी और सुनिश्चित करेगी कि मानसून के महीने में जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए आने वाले गणमान्य लोगों और अन्य प्रतिनिधियों की सुचारु आवाजाही हो। इसके साथ ही यह परियोजना इस वर्ष जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए मानसून के महीनों के दौरान राष्ट्रीय राजधानी में आने वाले प्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों के परेशानी मुक्त आवागमन को भी सुनिश्चित करेगी। एलजी के निर्देशन में यह काम दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा किया जा रहा है। परियोजना के जून 2023 तक पूरा होने की उम्मीद है।

यह प्रमुख परियोजना पिछले दो वर्षों से दिल्ली सरकार से पेड़ काटने/स्थानांतरण की लंबित अनुमति के कारण अटकी हुई थी। एलजी के हस्तक्षेप के बाद, पेड़ के स्थानांतरण की अनुमति दी गई और 20 नवंबर, 2022 को हवाई अड्डे के नाले पर काम शुरू हुआ। एलजी ने इस परियोजना के निरीक्षण के लिए पिछले तीन माह में पांच दौरा कर चुके हैं।

# मेट्रो में पहली बार स्वदेशी सिग्नल प्रणाली का प्रयोग

## डीएमआरसी की रेड लाइन पर ट्रेन पर्यवेक्षण प्रणाली आई-एटीएस औपचारिक रूप से की गई लान्च

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत दिल्ली मेट्रो ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। दिल्ली मेट्रो की रेड लाइन पर स्वदेश विकसित पहली सिग्नलिंग प्रणाली (आई-एटीएस) का शुभारंभ किया गया है। यह कम्प्यूटर आधारित ऑटोमेटिक ट्रेन सुपरविजन सिस्टम है जो ट्रेनों को खुद ही कंट्रोल करेगा।

इस तकनीक का प्रयोग मेट्रो ने अपने पहले कॉरीडोर रिठाला से शहीद स्थल पर परिचालन कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। आई-एटीएस की मदद से प्रिवेंटिव मेंटेनेंस मॉड्यूल को फेज-4 परियोजना के कॉरीडोर में लागू किया



जाएगा। आई-एटीएस को रेल आधारित अन्य प्रणालियों के साथ-साथ भारतीय रेल के परिचालन में उपयोग किया जा सकता है। इस तकनीक को विभिन्न सिग्नलिंग वेंडर सिस्टम में उपयुक्त आंशिक परिवर्तन कर विकसित किया गया है। मेट्रो रेल ट्रांज़िट सिस्टम को डीएमआरसी और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। इस उपलब्धि के साथ, भारत ने कुछ देशों की विशिष्ट सूची में छठे देश के रूप में अपना नाम दर्ज करवाया है जिनका अपना एटीएस सिस्टम है। आई-एटीएस का विकास मेट्रो रेलवे के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है। एटीएस पर्यवेक्षण सीबीटीसी सिग्नलिंग प्रणाली की एक महत्वपूर्ण उप प्रणाली है। एटीएस एक कंप्यूटर आधारित प्रणाली है जो ट्रेन संचालन का प्रबंधन करती है। आई-एटीएस प्रणाली का औपचारिक रूप से उद्घाटन परिचालन नियंत्रण केंद्र शास्त्री पार्क में मनोज जोशी, सचिव, शहरी कार्य मंत्रालय एवं विकास कुमार, प्रबंध निदेशक दिल्ली मेट्रो, भानु प्रकाश श्रीवास्त अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स तथा बीईएल और डीएमआरसीके अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।

### नई तकनीक से मेट्रो परिचालन में आसानी

आई-एटीएस तकनीक के माध्यम से मेट्रो परिचालन को नियंत्रित किया जाता है। हर मिनट की गतिविधियों की निगरानी स्वचालित होती है। इससे मेट्रो भी ड्राइवरलेस हुई है। नई टेक्नोलॉजी के जरिए ही मेट्रो रोजाना रात को खुद ही डिपो तक पहुंच जाती है और सुबह स्टेशन पर पहुंच जाती है। स्वदेशी तकनीक से भारतीय मेट्रो की दूसरे देशों पर निर्भरता कम होगी। सीबीटीसी तकनीक पर अब तक यूरोपीय देशों और जापान का नियंत्रण रहा है। मेक इन इंडिया के तहत तकनीक के स्वदेशीकरण की दिशा में पहल की गई है।

### येलो लाइन पर आज आंशिक रूप से सेवाएं बाधित रहेंगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि एलो लाइन पर कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन से विश्वविद्यालय स्टेशन के बीच मरम्मत कार्य की वजह से रविवार को कुछ घंटे तक सेवाएं आंशिक रूप से बाधित रहेंगी।

दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने अलग से सूचित किया है कि 19 फरवरी को मरम्मत कार्य के लिए केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन के पांच नंबर गेट को बंद रखा जाएगा। डीएमआरसी ने यहां जारी बयान में कहा, एलो लाइन(हुडा सिटी-समयपुर बादली मार्ग) पर पूर्व निर्धारित योजना के तहत पटरियों की मरम्मत के मद्देनजर 19 फरवरी 2023 को कश्मीरी गेट से विश्वविद्यालय के बीच मेट्रो रेल सेवा सुबह छह बजकर 30 मिनट तक बाधित रहेगी।

# एआईसीईटी ने शुरू किए बीटेक के दो नए कोर्स

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीईटी ) ने शनिवार को सेमीकॉनइंडिया तहत दो नए कोर्स लॉन्च किया है। बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग (वीएलएसआई डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी) और आईसी मैन्युफैक्चरिंग में डिप्लोमा पाठ्यक्रम लॉन्च किया है। इनका पूरा सिलेबस जल्द ही एआईसीटीई पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

एआईसीटीई से संबद्ध कॉलेज/ विश्वविद्यालय/ तकनीकी संस्थान इन पाठ्यक्रमों की पेशकश करने का विकल्प चुन सकते हैं। यह कोर्स वैश्विक कंपनियों के साथ-साथ भारतीय कंपनियों में भारतीय छात्रों के लिए अच्छी सैलरी सहित विभिन्न प्रकार की रोजगार भूमिकाएं प्रदान करेगा। वीएलएसआई क्षेत्र सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम के लिए एक माहौल तैयार करेगा।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार पीएम मोदी ने 1 जनवरी 2022 को सेमीकॉनइंडिया लॉन्च किया था। इसका उद्देश्य यह था कि भारत 10 वर्षों में 85,000 सेमीकंडक्टर पेशेवरों का विकास करेगा। एक नया पाठ्यक्रम विकसित किया गया है और आज शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत एआईसीटीई ने 2 नए कार्यक्रम इससे संबंधित शुरू किए हैं। पहला सेमीकंडक्टर्स में बीटेक प्रोग्राम है और दूसरा सेमीकंडक्टर्स में डिप्लोमा प्रोग्राम है।

# वर्षों बाद फिर से देवभूमि रामनगर के लिए गुरुग्राम से रवाना हुई बस

## 10 दिन के भीतर उत्तराखंड के लिए शुरू हुई दूसरी बस सेवा

### शनिवार को ही गुरुग्राम से खाटू श्याम जी के लिए भी चली बस

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम बस अड्डे से उत्तराखंड के रामनगर के लिए रोडवेज बस को रवाना करते अतिथि।

**देवभूमि** उत्तराखंड के लोगों की मांग पर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल के प्रयासों से वर्षों बाद फिर से उत्तराखंड के रामनगर क्षेत्र के लिए हरियाणा रोडवेज की बस सेवा शुरू हुई। शनिवार को यहां बस अड्डा परिसर से डिपो के अधिकारी राजबीर सिंह व नवीन गोयल, डॉ. डीपी गोयल ने सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में बस को रवाना किया। पिछले 10 दिन के भीतर उत्तराखंड के लिए यह दूसरी बस सेवा शुरू कराई गई है।

इससे पूर्व यहां उत्तराखंड की कुमाऊं भ्रातृ मंडल के सदस्यों, यात्रियों को नवीन गोयल ने महाशिवरात्रि पर्व की बधाई देते हुए कहा कि यह सिर्फ बस सेवा की शुरुआत नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक भारत-श्रेष्ठ भारत का सपना साकार हो रहा है। नवीन गोयल ने कहा कि इस बस के संचालन से उद्योग, व्यापार, कामकाज के रास्ते भी खुलेंगे। लोगों को आने-जाने में सहूलियत होगी। उत्तराखंड देवभूमि होने के साथ स्वच्छ पर्यावरण वाला क्षेत्र भी है। यह बस चार राज्यों हरियाणा, दिल्ली, यूपी और उत्तराखंड को जोड़ेगी।

रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल ने कहा कि चाहे रेल यात्रियों की सुविधा की बात हो या रोडवेज की, प्रयास यही रहते हैं कि हर यात्री को सुविधाएं दिलाई जाएं। इस अवसर पर बस के चालक मान सिंह और परिचालक शुभराम का गोयल बंधुओं ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। बस के संचालन के समय भारत माता, वंदे मातरम, मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री के जयकारे भी लगाए गए।

कुमाऊं भ्रातृ मंडल की ओर से महावीर सिंह रावत ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, जीएम विकास नरवाल और नवीन गोयल, डा. डीपी गोयल का इस नेक कार्य के लिए आभार जताया। इस अवसर पर कुमाऊं भ्रातृ मंडल के उपप्रधान प्रताप सिंह बिष्ट, महासचिव करन सिंह बिष्ट, कोषाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी, नंदन सिंह रावत, सुरेंद्र रावत, ठाकुर दत्त शर्मा, हरीशचंद गढाकोटी, कैलाश जीना, कुबेर जमनाल, महेंद्र मेहरा, बाली पंडित, राजेश गुलिया, सुल्तान वाल्मीकि, अशोक सैनी, कृष्ण गोपाल रोहिल्ला, विजय वर्मा, सोनू गौड़, सुभाष गुप्ता प्रधान, हरजीत कौर, कर्म सिंह गिल, रवि शर्मा, रतन लाल गुप्ता, दीपचंद फौजी, सतीश गुप्ता सेक्टर-10 आरडब्ल्यूए प्रधान, योगेश समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# अमृतकाल का पहला बजट किसान, गरीब कल्याण को होगा समर्पित : डा. संजय शर्मा

### भारत के पांच ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था के सपने को साकार करेगा हरियाणा

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



डा. संजय शर्मा।

**भाजपा** हरियाणा प्रदेश मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रमुख डा. संजय ने कहा कि मनोहर सरकार का आजादी के अमृतकाल का पहला बजट सामाजिक सुरक्षा, किसान और गरीब कल्याण को समर्पित होगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल बतौर वित्तमंत्री भी सभी वर्गों का अपने बजट में ख्याल रख रहे हैं।

यहां जारी बयान में डा. संजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार के 2023-24 के बजट में कौशल विकास, रोजगार सृजन, युवा सशक्तिकरण पर भी विशेष फोकस रहेगा और यह बजट एक संतुलित और समावेशी बजट होगा। मीडिया प्रमुख ने बताया कि पीएम मोदी का भारत की अर्थव्यवस्था को 2024 तक 5 ट्रिलियन डॉलर बनाने का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री के इस विजन को प्राप्त करने में हरियाणा अपना पूरा योगदान देगा। किसी भी राज्य के लिए उसका आम बजट बेहद महत्वपूर्ण विषय होता है। आने वाले बजट में मनोहर सरकार ने सभी वर्गों के विकास के साथ ही उनका कल्याण सुनिश्चित हो इसके लिए प्री बजट परामर्श बठकें कराई हैं। स्टेक होल्डरों के साथ-साथ आम लोगों के सुझाव भी लिए गए हैं ताकि बजट समावेशी बन सके।

डा. संजय शर्मा ने कहा कि बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ शिक्षा, रोजगार, सृजन, सामाजिक कल्याण, सहित सभी क्षेत्रों में संतुलन होगा। विकास के साथ-साथ सभी वर्गों का कल्याण सुनिश्चित हो यही सरकार का प्रयास रहेगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा की बीजेपी सरकार ने वर्ष-2023 को अंत्योदय वर्ष घोषित किया है। बजट में समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान पर विशेष ध्यान रखा जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### फोटोग्राफी को लेकर होगी मेला मोमेंट्स प्रतियोगिता

**गुरुग्राम।** संस्कृति मंत्रालय द्वारा फोटोग्राफी के शौकीन व फोटो प्रेमियों के लिए फोटोग्राफी प्रतियोगिता मेला मोमेंट्स का आयोजन किया जा रहा है। शरद नवरात्रि से शुरू हुई यह प्रतियोगिता चैत्र नवरात्रि (31 मार्च 2023) तक चलेगी। हर महीने तीन बेहतरीन फोटो को अलग-अलग श्रेणी के हिसाब से नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि भारत वर्ष में मेलों का सांस्कृतिक महत्व है। मेले लोगों और दिलों को आपस में जोड़ने का कार्य करते हैं, इसी उद्देश्य को लेकर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा फोटोग्राफी के शौकीन व फोटो प्रेमियों के लिए फोटोग्राफी प्रतियोगिता मेला मोमेंट्स का आयोजन किया जा रहा है। हर महीने तीन बेहतरीन फोटो को अलग-अलग श्रेणी के हिसाब से नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक उम्मीदवार किसी भी महोत्सव, त्योहार अथवा मेले के दौरान खींची गई सर्वश्रेष्ठ फोटो जमा कर सकते हैं और नकद पुरस्कार एवं आकर्षक इनाम जीत सकते हैं।

### तावडू में महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों मे उमड़ी भीड़



**तावडू।** शनिवार को महाशिवरात्रि के मौके पर शहर व गांवों के शिवमंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। शिव मंदिर भगवान भोलेनाथ के जयकारों से गूंजायमान रहे। श्रद्धालुओं ने शिवालय पर जल चढ़ाकर मन्नत मांगी। महाशिवरात्रि का पर्व फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाया जाता है। हिंदू धर्म में महाशिवरात्रि का खास महत्व है, क्योंकि यह शिव और भक्त के मिलन की रात मानी जाती है। इस दिन शिवभक्त व्रत रखकर अपने आराध्य से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। श्रद्धालुओं ने बताया कि इस मौके पर नगर भगवान शिव बारात निकाली गई। बरात में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में नगर वासी पहुंचे। यह बरात पुरानी अनाज मंडी स्थित राधाकृष्ण मंदिर से आरंभ हुई, जो लेबर चौक, मेन बाजार, कच्चा बाजार, जाट चौक, पटौदी चौक, विजय चौक, वैष्णो माता मंदिर लखपत चौक आदि से होते हुए श्याम मंदिर परिसर में पहुंची। उन्होंने बताया महाशिवरात्रि का पर्व हिंदू धर्म में खास महत्व रखता है।

# नकारात्मकता से मुक्त होना ही है सच्चा व्रत रखना : बीके आशा



गुरुग्राम में महाशिवरात्रि पर्व पर ओआरसी की ओर से निकाली गई झांकी।

### 32 गांवों में शोभायात्रा के माध्यम से दिया शांति और प्रेम का संदेश

### बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया महाशिवरात्रि का पावन पर्व

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**महाशिवरात्रि** हमें शांति और प्रेम का संदेश देती है। इसको विष तोड़क पर्व भी कहा जाता है। क्योंकि परमात्मा शिव ही मानव के अंदर के पांच विकारों को भस्म करते हैं। यह बात ओआरसी की निदेशिका आशा दीदी ने ब्रह्माकुमारीज के ओम शांति रिट्रीट सेंटर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कही।

महाशिवरात्रि के महत्व के बारे में उन्होंने कहा कि कलयुग के अंत समय संगमयुग पर अवतरित होकर शिव परमात्मा नई स्वर्णिम सतयुगी दुनिया की स्थापना करते हैं। वर्तमान समय महापरिवर्तन का समय चल रहा है। इस समय पुन: स्वयंभू शिव परमात्मा ब्रह्मा बाबा के साकार माध्यम से अपना दिव्य कर्तव्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि व्यर्थ और नकारात्मक विचारों से मुक्त होना ही वास्तव में सच्चा व्रत है। स्वयं को पावन बनाना ही महाशिवरात्रि का असली लक्ष्य है।

कार्यक्रम में विदेश से आए संस्था के अनेक सदस्यों ने अपना अनुभव भी साझा किया। अलग-अलग धर्म से होने के बावजूद भी उन्होंने सनातन संस्कृति को समझा और माना कि परमात्मा शिव ने ही आदि सनातन धर्म की स्थापना की। इस अवसर पर सभी ने परमात्मा शिव को विशेष भोग स्वीकार कराया। उसके पश्चात सभी ने परमात्मा शिव का स्मृति स्वरूप ध्वज लहराया एवं बुराइयों का त्याग कर गुणों को जीवन में अपनाने की प्रतिज्ञा की। 23 गांवों में शोभायात्रा के माध्यम से भी शांति और प्रेम का संदेश दिया गया। जिसमें सर्व-धर्म पिताओं के भी परमपिता शिव की चैतन्य झांकी दर्शाई गई। सभी को परमात्मा के दिव्य स्वरूप का परिचय दिया। जिसमें बाइक रैली भी सम्मिलित थी।

# मनरेगा : कम मजदूरी व देर से भुगतान होने से मजदूरों का हुआ मोह भंग

### मजदूरों की एनएमएमएस पर तकनीकी खराबी के कारण ऑनलाइन हाजिरी पूरी नहीं लग रही

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**मनरेगा** योजना में एक दिन का मेहताना कम होना और समय पर भुगतान न होने के कारण मजदूरों का मोह भंग होने लगा है। मजदूरों की एनएमएमएस पर तकनीकी खराबी के कारण ऑनलाइन हाजिरी पूरी नहीं लग पा रही है।

मनरेगा के तहत वर्ष 2008 से मजदूरों की हाजिरी ऑनलाइन लगने लगी थी। लेकिन एनएमएमएस मशीन में या खराब नेटवर्क के चलते मजदूरों की हाजिरी दोनों समय नहीं पा रही है। जिसके चलते मनरेगा से जुड़े मजदूरों को समय पर भुगतान नहीं हो पा रहा है। वहीं दूसरी और मनरेगा में एक दिन का मेहताना 331 रुपये मिलता है। जिसमें वृद्धि न होने से मजदूर मनरेगा से अलग हटकर रोजगार करने लगा है। सोहना व आस-पास लगते शहरी क्षेत्र में ओद्यौगिक क्षेत्रों में मजदूर को एक दिन का मेहताना 550 से 600 रुपये मिलता है।

**2 से 3 माह में हो रहा भुगतान :**

मनरेगा से जुड़े मजदूरों को ऑनलाइन भुगतान हो रहा है। यह भुगतान प्रदेश स्तर पर बटन दबने से होता है। जिसके भुगतान में दो से तीन माह देरी से होता है। 2008 से पहले मजदूर को खंड स्तर पर ही चैक के माध्यम से भुगतान होता था।

**ऑनलाइन हाजिरी में हो रही देरी:**

मनरेगा के खंड कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार एनएमएमएस के तहत मनरेगा में कार्य करने वाले मजदूर की हाजिरी भी ऑनलाइन जाती है। खंड कार्यालय में लेखा सहायक दीपक का कहना है कि एक दिन में मजदूरी की दो बार ऑनलाइन हाजिरी जाती है, लेकिन शाम की हाजिरी लगाने के दौरान तकनीकी खराबी नहीं लग पाती है। जिससे मजदूर का मेहताना कार्य से कम मिल पा रहा है।

> ग्राम पंचायत में विकास कार्य चलने के दौरान खंड में 200 के करीब नागरिक मजदूरी कर रहे थे। जुलाई 2022 में ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त हो जाने के बाद से मनरेगा में कार्य नहीं चल रहे है। नई ग्राम पंचायत बनने के बाद धीरे-धीरे विकास के कार्य शुरू होंगे।
>
> **मौहम्मद करार**
> **(तकनीकी सहायक, मनरेगा)**

# एमडी नीरज कुमार ने मनाया महाशिवरात्रि पर्व

**फरीदाबाद।** हरियाणा टूरिज्म निगम के एमडी नीरज कुमार ने महाशिवरात्रि के मौके पर प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के पवेलियन का दौरा किया। इस मौके पर उन्होंने सभी को महाशिवरात्रि की बधाई दी।

उन्होंने कहा कि प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय विश्व शांति का संदेश दे रहा है। यह मानवता के लिए सबसे बड़ी सेवा होती है। उन्होंने सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में संस्था द्वारा दी जा रही सेवाओं के लिए उनका आभार जताया। 36वें इंटरनेशनल सूरजकुंड हैंडीक्राफ्ट में ब्रह्माकुमारीज सेक्टर-21डी की ओर से बीके डा. राम कुमार भाई के द्वारा ड्रग डी-एडिक्शन की दवाइयां फ्री में वितरण की जाती हैं। इस मौके पर एमडी डा. नीरज कुमार ने परमात्मा शिव का ध्वज लहराया। साथ ही मेडिटेशन भी किया और ओरा भी चेक कराया।

# भाजपा की मजबूती में योगदान दे रहे सांसद विनोद सोनकर : बागड़ी



भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री विनोद सोनकर को जन्मदिन की बधाई देते पूर्व पार्षद मंगतराम बागड़ी।

### भाजपा नेता एवं वार्ड-1 के पूर्व पार्षद मंगतराम बागड़ी ने सांसद सोनकर को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**वरिष्ठ** भाजपा नेता व वार्ड-10 के पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी ने भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री, त्रिपुरा के प्रदेश प्रभारी एवं लोकसभा आचार समिति के सभापति, युवा सांसद विनोद सोनकर के जन्मदिवस पर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी। मंगत राम बागड़ी ने उनके दिल्ली स्थित आवास पर पहुंचकर गुलदस्ता भेंटकर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनकी दीर्घायु की कामना की।

मंगत राम बागड़ी ने कहा कि तेज तर्रार युवा सांसद विनोद सोनकर भाजपा को मजबूत बनाने के लिए आस्था और निष्ठा के साथ समर्पित होकर काम कर रहे हैं। इसी का प्रतिफल है कि उन्हें शीर्ष नेतृत्व द्वारा लगातार महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जा रही हैं। हाल ही में श्रद्धेय विनोद सोनकर को दादर एवं नगर हवेली दमन दीव के भी भाजपा प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। श्री सोनकर भाजपा के एक समर्पित नेता हैं। पार्टी द्वारा समय-समय पर सौंपी गई हर जिम्मेदारियों का उन्होंने बखूबी निर्वहन किया है। श्रीसोनकर ने अपने कार्यकाल के दौरान भाजपा से अनुसूचित समाज के साथ देश के हर तबके के नागरिकों को जोड़ने का काम किया है।

उन्होंने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार से निवेदन कर अनुसूचित समाज के हित के लिए अनेकों योजनाएं लागू कराई हैं। श्री सोनकर पूरे देश में अनुसूचित समाज के हितों की रक्षा करने का काम कर रहे हैं। मंगत राम बागड़ी ने कहा कि श्रद्धेय विनोद सोनकर ने भाजपा के अंत्योदय उत्थान के संकल्प को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।

# महाशिवरात्रि पर भक्तों ने किया जलाभिषेक

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना



शनिवार को सोहना के शिव मंदिर में जलाभिषेक करता नन्हा बच्चा और महिलाएं।

**महाशिव** रात्रि के अवसर पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में बने शिव मंदिरों पर भक्तों ने जलाभिषेक किया। शिव के मंदिर पर फलों के साथ-साथ भांग व धतूरा का प्रसाद भी चढ़ाया। कई स्थानों पर प्रसाद वितरण किया गया।

शनिवार को महाशिव रात्रि का त्योहार धूमधाम से मनाया। एक दिन पहले ही भगवार शिव के मंदिरों में जलाभिषेक की महंतों ने पूरी तैयारियां कर ली थी। जिसके चलते शिव भक्तों ने सुबह 5 बजे से मंदिरों में आकर जलाभिषेक करना शुरू कर दिया था। मंदिरों में जय भोले के जयघोष की गूंज दूर-दूर तक सुनाई दी। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में घरेलू महिलाएं कामकाज निपटाने के बाद जलाभिषेक के लिए मंदिर गई। इससे पहले नौकरी व घर से बाहर कामकाज शिव भक्त सुबह के समय में ही जलाभिषेक करके निकल गए।

**कहां-कहां हुआ जलाभिषेक**

शहर के बीचोंबीच अरावली पहाड़ी की तलहटी स्थित देश के प्रसिद्ध शिवकुंड पर दो से तीन हजार भक्तों ने जलाभिषेक किया। जहां पर भीड़ की सुरक्षा को देखते हुए सिटी चौकी पुलिस प्रभारी राजबीर समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे। शहर के बालूदा मार्ग, पलवल मार्ग, जखोपुर मार्ग, चुंगी नंबर दो पर स्थित सैनी धर्मशाला, हनुमान बगीची, सांप की नगली, रायसीना, लोहटकी, खाईका, बालूदा, लाखूवास आदि क्षेत्रों में जलाभिषेक हुआ।

**जगह-जगह हुआ प्रसाद वितरण**

महाशिव रात्रि के अवसर पर शहर में भगवान शिव के मंदिरों में प्रसाद वितरण किया। जिसमें मुख्य रुप से सैनी धर्मशाला और सामान्य बस स्टैंड पर बड़े स्तर पर प्रसाद वितरण के लिए टाल लगाई गई। बस स्टैंड पर हजारों की संख्या में यहां से आने व जाने वाले नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# सोहना में सुमिता रांगी ने संभाला खंड शिक्षा अधिकारी का कामकाज

### खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत फिरदोष हुई सेवानिवृत

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना



सोहना में नवनियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी।

**सोहना** के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सुमिता रांगी नई बीईओ नियुक्त हुई। सुमिता रांगी ने शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी का पद भार संभाल लिया है। मालूम रहे कि 31 जनवरी को खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत रही फि रदोष सेवानिवृत हो गई थी। फि रदोष के सेवानिवृत होने से सोहना में खंड शिक्षा अधिकारी का पद रिक्त हो गया था। 16 दिन के बाद शिक्षा विभाग ने गुरुग्राम डाइट में कार्यरत सुमिता रांगी को सोहना में बीईओ के पद की जिम्मेदारी सौंपी है।

सुमिता रांगी ने शुक्रवार को सोहना के खंड शिक्षा अधिकारी पद का कार्यभार संभालने के साथ ही कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों के साथ बैठक की।

बैठक में विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से लेकर कार्य की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। नवनियुक्त बीईओ सुमिता रांगी ने बताया कि विभाग की एक-एक योजनाओं को खंड के राजकीय स्कूलों में शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने पर अमल में लाया जाएगा। विद्यार्थियों की पढ़ाई में किसी प्रकार की लापरवाही को बरदाश नहीं किया जाएगा। अपनी जिम्मेदारियों में कोताही बरतने वाले कर्मचारी से लेकर शिक्षक और स्कूल प्रभारियों को बक्सा नहीं जाएगा। स्कूलों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने का प्रयास रहेगा। इसके साथ शिक्षक से लेकर स्कूल प्रभारियों की मांगों जल्द से जल्द पूर्ण कराने का प्रयास रहेगा। जिससे शिक्षक और स्कूल प्रभारी अपना-अपना कार्य समय पर पूरा कर सकेंगे।

# नागरिकों को मिला आधार आधारित 22 सेवाओं का फेसलेस लाभ

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

### फेसलेस तरीका अपनाने से सरकारी दफ्तर में जाने की जरूरत नहीं

**आजादी** के अमृत महोत्सव श्रृंखला के तहत हरियाणा सरकार ने सुशासन की दिशा में निरंतर कदम बढ़ाते हुए अब हरियाणा में वाहन और सारथी पोर्टल के माध्यम से आधार आधारित 22 फेसलेस सेवाओं का लाभ आमजन को देने का निर्णय लिया है।

आमजन को वाहन पोर्टल पर वाहन पंजीकरण से संबंधित जैसे गिरवी जारी रखना, स्वामित्व का हस्तांतरण, पते में बदलाव, नया परमिट जारी करना, परमिट का नवीनीकरण, किराया खरीद समझौते का पृष्ठांकन, अस्थायी परमिट के लिए आवेदन, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट की प्रतिलिपि, मोटर वाहन के अस्थायी पंजीकरण के लिए आवेदन, परमिट की प्रतिलिपि जारी करना, फिटनेस सर्टिफिकेट की प्रतिलिपि जारी करना, फीस के बदले रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट विवरण देखना, परिवहन सेवाओं के रिकार्ड में मोबाइल नंबर अपडेट करना जैसी सेवाएं उपलब्ध होंगी। वाहन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए पोर्टल पर विजिट करें।

डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि सारथी पोर्टल पर चालक लाइसेंस से संबंधित सेवाएं सेवाएं जैसे प्रतिलिपि जारी करना, लाइसेंस का नवीनीकरण, लाइसेंस का प्रतिस्थापन, लाइसेंस में पते का परिवर्तन, लाइसेंस निकलवाने का प्रावधान, अंतरराष्ट्रीय चालक परमिट जारी करना, खतरनाक सामग्री को चलाने हेतु पृष्ठांकन, पहाड़ी क्षेत्र में चलाने हेतु पृष्ठांकन, लाइसेंस से वाहन की श्रेणी का समर्पण शामिल हैं। लाइसेंस सेवाओं का लाभ उठाने के लिए पोर्टल पर विजिट करें।

# महक चावला द्वारा भाव, राग एवं ताल के धागों को कविता और लय में पिरोता भरतनाट्यम प्रस्तुतिकरण..

### गुरु गीता चन्द्रन की शिष्या महक का पहला एकल भरतनाट्यम अरंगेत्रम आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**महाशिवरात्री** का पावन पर्व हो और नृत्य की संध्या, यह अपने आप में एक अद्भुत समागम है। एक ओर जहां सभी महादेव की भक्ति में लीन हैं, वहीं भरतनाट्यम की इस नृत्य संध्या में युवा नृत्यांगना महक चावला नृत्य-अभिनय रस में लीन, उपस्थित कला-प्रेमियों एवं अन्य को रिझाती नज़र आती हैं। मौका, त्रिवेणी कला संगम सभागार, मंडी हाउस, नाट्य वृक्ष द्वारा प्रस्तुत अरंगेत्रम की संध्या का था, जहां गुरु (पद्मश्री) गीता चंद्रन की शिष्या महक चावला ने अपना पहला एकल भरतनाट्यम प्रस्तुतिकरण दिया।

भरतनाट्यम नर्तक के जीवन में अरंगेत्रम एक महत्वपूर्ण अवसर और अपने गुरु के लिए एक सम्मान होता है। यह एक महत्वपूर्ण संस्कार है जो भरतनाट्यम के सागर में शिष्य की यात्रा में पहला मील का पत्थर होता है। भाव, राग और ताल के धागों को कविता और लय में पिरोते भरतनाट्यम के माध्यम से महक चावला ने लड़ियों में एक पूरी कहानी प्रस्तुत की। जहां गीता चंद्रन (नट्टुवंगम), के. वेंकटेश्वरन (गायन), मनोहर बालाचंदीराने (मृदंगम), और जी. राघवेंद्र प्रसाद (वायलिन) ने उनका साथ दिया।

महक ने अपनी प्रस्तुति? की शुरूआत रागम गंभीरा नट्टई में पुष्पांजलि के साथ की, इस प्रस्तुति के माध्यम से नर्तकी रंगम या मंच को प्रणाम करते हुए अपने अरंगेत्रम की शुरूआत करती है। इसके उपरांत उन्होंने अलारिप्पु की प्रस्तुति दी। यह शरीर का प्रतिनिधित्व करता है, धीरे-धीरे भरतनाट्यम मुद्राओं को प्रदर्शित करता है, जैसे कमल धीरे-धीरे सूरज की रोशनी में खुलता है। उनकी अगली प्रस्तुति पारंपरिक रागमालिका जातिस्वरम थी, जो भरतनाट्यम अदावस की एक और उन्नत व्याख्या प्रस्तुत करती है।

# मेला : केरला का हलवा और कटहल के चिप्स हैं लाजवाब

## राजस्थान के अचार भी पर्यटकों के मुंह में ला रहे पानी

कविता। फरीदाबाद

सूरजकुंड मेले में पहली बार केरला का हलवा और राजस्थान का खट्टा मीठा अचार पर्यटकों को चखाया जा रहा है। यह हलवा और अचार ऐसे हैं कि आप स्वाद चखने से ही इसके दीवाने हो जाएंगे। दोनो ही स्टॉल दिल्ली की तरफ गेट नम्बर एक के निकट हैं। जहां अचार और हलवे वाले लोगों को बुला-बुलाकर टेस्ट करवा रहे हैं।

**केरला का हलवा:** मेले में आए अशरफ ने बताया कि बंगलौर की एक प्रदर्शनी में उन्होंने केरला का हलवा देखा और अपना व्यवसाय बना लिया। 22 सालों से वे केरला के हलवा के नाम से फेमस हो रहे हैं। वह मेले में पहली बार आए हैं। हलवा फ्रिज के बिना कई दिनों तक सुरक्षित रहता है। उनके स्टॉल पर केला और कटहल की चिप्स भी मौजूद है। हलवे में उनके पास अंजीर का हलवा 800 रुपये किलो, पिस्ता और कीवी का हलवा 700 रुपये, केला और जोरी ब्लैक का हलवा, जैकफ्रूट का हलवा 700 रुपये किलो उपलब्ध है। वहीं गाजर और ड्राई फ्रूट का हलवा 800 रुपये, मिक्स ड्राई फ्रूट्स का हलवा 800 रुपये किलो है। सभी हलवे के पीस आधा किलो का डब्बा 350 रुपये का है। केले और कटहल के चिप्स 600 रुपये किलो है। चॉकलेट के बिस्कुट 600 रुपये किलो है।



केरला का हलवा स्टॉल पर चीप्स और हलवे का स्वाद लेती महिलाएं


मैंगो छुंदा ( आम के लच्छे ) का स्वाद चखती युवती

**दादी के हाथ का आचार:** मेले में स्टॉल नम्बर 39 पर राजस्थान का अचार बेच रहे निसार कुछ अलग ही तरह से लोगों को बुला रहे थे। वह मेले में अपनी 80 वर्षीय दादी गट्टू गोना के हाथ के बने छह से सात तरह के अचार लेकर आए है। सभी अचार के लिए वह दर्शकों को अपने गाने के जरिये बुला कर लुभा रहे हैं। गाने में अचार की खूबियां बताते हुए उन्हें स्वाद चखा रहे हैं। उन्होंने मैंगो छुंदा के लिए, आम के लच्छे खाते हैं जैसे अच्छे-अच्छे गाने बनाए हैं। वहीं बेर के अचार के लिए गाना इमली का बूटा बेरी का पेड़ बनाया हुआ है। उनके स्टॉल पर लोगों को बेर का अचार 600 रुपये किलो, मैंगो छुंदा 600 रुपये किलो, केयर सांगरी 300 रुपये किलो, लहसुन का अचार 500 रुपये किलो मिल रहा है। इसी के संग वह राजस्थान की मशहूर बेसन के गट्टे के पैकेट बनाकर बेच रहे हैं। 400 ग्राम बेसन के गट्टे 150 रुपये में बेच रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रीति रावत ने किया शहर का नाम रोशनः कौशिक


प्रीति का मुंह मीठा करवाते बलजीत कौशिक

**फरीदाबाद।** गांव बहबलपुर की बेटी प्रीति रावत सुपुत्री ठाकुर तेज सिंह का हरियाणा लोक सेवा (एचसीएस) पद पर चयन होने पर फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक ने बधाई दी। वह प्रीति रावत के निवास पर पहुंचे और उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। इस दौरान कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक ने कहा कि प्रीति रावत की उपलब्धि ने फरीदाबाद जिले का नाम रोशन किया है और इस बेटी ने अन्य बेटियों के लिए भी एक उदाहरण प्रस्तुत किया है कि अगर संकल्प मजबूत हो तो हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। बलजीत कौशिक ने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कमतर नहीं है, जो लोग बेटियों को बोझ समझते है, ऐसे लोगों को जागरूक होना चाहिए और बेटा और बेटी में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए क्योंकि जिस प्रकार से बेटा कुल का दीपक होता है, उसी प्रकार बेटी भी घर की लक्ष्मी होती है और उन्हें भी बेटों की तरह आगे बढ़ने का पूरा अधिकार है। उन्होंने प्रीति रावत के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उसके परिजनों को भी बधाई दी। इस मौके पर गांव के सरपंच अनिल रावत, ब्रहम सिंह एक्सईएन, मेहरचंद मेम्बर, किशन सिंह मैनेजर, मान सिंह, जीत सिंह, झाउलाल सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### देशी बॉयज ने 68 रनों से जीता मैच



मैन ऑफ द मैच का खिताब पाते राहुल डागर

**फरीदाबाद।** जीएल डागर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ग्राउंड पर फ्रैंड्स सीरीज लीग मैच आयोजित किया गया। जिसमें देशी बॉयज क्रिकेट क्लब और डब्ल्यूएसी इलेवन टीमों के बीच 40 ओवर का मैच खेला गया। जिसमें देसी बॉयज क्रिकेट क्लब ने 39.5 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 212 रन बनाए। जिसमें एबी ने 57 रन बनाए। राहुल डागर ने 54 रन बनाए। रोहन देशवाल ने 53 रन बनाए। वहीं डब्ल्यूएसी इलेवन के अजय और अनुराग ने 3-3 विकेट लिए। वहीं साहिल, नरेन्द्र वर्मा और प्रदीप कुमार ने 1-1 विकेट लिया। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए डब्ल्यूएसी इलेवन 10 विकेट के नुकसान पर 37.4 ओवर में 144 रन ही बना सकी। जिसमें बल्लेबाज चेतन ने 52 रन बनाए। देशी बॉयज के गेंदबाज सिद्धार्थ प्रताप सिंह, विशाल कुमार और रोहित दुआ ने 2-2 विकेट लिए। वहीं राहुल डागर और हर्ष कुमार ने 1-1 विकेट लिया। अंत में यह मैच देशी बॉयज ने 68 रनों से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का खिताब राहुल को दिया गया।

### प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को किया सम्मानित



प्रतिभाशाली विद्यार्थी सम्मानित होने के बाद प्रिंसिपल संग

**फरीदाबाद।** गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद की जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में सत्र 2022-23 के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने इस सत्र में जिला और प्रदेश स्तर पर विभिन्न मंचों पर सराहनीय प्रदर्शन किया। विज्ञान प्रदर्शनी, लीगल लिटरेसी कंपटीशन, जिला स्तरीय बाल महोत्सव, छत्तीसवें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड आर्ट्स एंड क्राफ्ट मेला सहित अन्य प्रतियोगिताओं में बहुत ही सराहनीय प्रस्तुति देकर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है। ये सभी विद्यार्थी अपनी प्रतिभा से विद्यालय का नाम जिला और प्रदेश स्तर पर फैला रहे हैं। अभी हाल ही में संपन्न जिला स्तरीय एवम मंडल स्तरीय विधिक साक्षरता प्रतियोगिताओं में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया। अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड आर्ट्स एंड क्राफ्ट मेले में भी सामूहिक नृत्य, राइट टू एजुकेशन स्किट और अन्य प्रतियोगिताओं में भी श्रेष्ठतम प्रदर्शन कर विद्यालय को सम्मान दिलवाया। प्राचार्य मनचंदा ने विद्यालय के छात्र और छात्राओं की अच्छी तैयारी के लिए अध्यापिकाओं और समस्त विद्यालय परिवार की भी प्रशंसा की और कहा कि आशा है भविष्य में यह विद्यालय, स्टाफ सदस्य, छात्र एवम छात्राएं और भी ऊंचाइयां छुएंगे। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा, प्राध्यापिका प्रज्ञा मित्तल, प्राध्यापिका मुक्ता, प्राध्यापक जितेंद्र कुमार, प्राध्यापक संदीप, प्राध्यापक रविंद्र आर्य, अध्यापिका सोनिया, अध्यापक जसबीर भाटी, अजय गर्ग, अध्यापिका शालिनी एवम छात्राएं नेहा, अंजलि, रानी, सोनिया, सीमा, सीमा, शालिनी, खुशबू, छात्र हर्ष, मोहित, बजरंगी, मंद्रीश, आदित्य, राहुल को प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया और भविष्य में और भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# दिव्यांगजनों को किया जा रहा है मुख्यधारा में जोड़ने का प्रयासः गुर्जर

## मूक-बधिर मरीजों के लिए बनाई हाई स्पीड कॉक्लियर मशीन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत** सरकार के भारी उद्योग और उर्जा विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में दिव्यांगजनो को मोदी सरकार द्वारा मुख्यधारा में जोड़ने का हर सम्भव प्रयास कर रही है। वहीं इंग्लैण्ड और जर्मन की तर्ज पर दिव्यांगजनो को 21 प्रकार के आधुनिक तकनीकी के कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मूक-बधिर के लिए बनाई हाई स्पीड कॉक्लियर इम्प्लांट मशीन बोलने और सुनने के साथ मुख्य धारा में जोड़ने का हर सम्भव प्रयास कर रही है। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर शनिवार दोपहर स्थानीय सैक्टर -12 खेल परिसर में सीएसआर के तहत इण्डियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड के सहयोग से जिला रैडक्रास सोसायटी द्वारा एलिमको की भागीदारी के साथ दिव्यांगजनो को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण विशाल शिविर में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर वहां उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे।


केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा दिव्यांगजनों को साईकल देते हुए

केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने उपस्थित लोगों को महाशिवरात्रि की बधाई देते हुए कहा कि भारत सरकार ने दिव्यांग जनों को स्वावलंबी बनाकर मुख्यधारा में जोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग जनों के नौकरियों में 3 से 4 प्रतिशत आरक्षण बढ़ाकर उनके बैकलॉग को पूरा किया है। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में भी दिव्यांग जनों के आरक्षण को बढ़ाकर 2 से 5 प्रतिशत करने का काम किया है और दिव्यांग जनों के सर्विस बैकलॉग को 100 प्रतिशत भरकर पूरा किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिव्यांग जनों को रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, एयरपोर्ट सहित तमाम शौचालय पर भी रैंप बना कर उन्हें स्वावलंबी बनाने का काम किया है। इसके अलावा मुक- बघिर युवाओं के लिए कॉक्लियर इम्प्लांट करा उन्हें जीवन की मुख्यधारा में जोड़ा गया है। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद जिला में भी लगभग छ: लाख रुपये की धनराशि के प्रति कॉक्लियर इम्प्लांट सैकड़ों युवाओं को लाभ मिला है और देश में हजारों युवाओं इसका फायदा ले चुके हैं और वे जीवन की मुख्यधारा में जी रहे हैं। गुर्जर ने कहा कि इंग्लैंड और जर्मन की तर्ज पर दिव्यांग जनों के लिए वहीं इलेक्ट्रॉनिक व्हील चेयर और अन्य सहायक उपकरण अब देश में ही बनाए जा रहे हैं। इस शिविर में 464 लाभार्थियों को चिन्हित किया गया था। इन पूर्व चिन्हित लाभार्थियों को लगभग 1 करोड़ 13 लाख 826 से अधिक सहायक उपकरणों का नि:शुल्क वितरण किए गए हैं। विशाल शिविर में आये दिव्यांगजनों को फरीदाबाद में विभिन्न स्थानों में प्रखण्ड वार माह मई और जून व सितंबर 2022 मे आयोजित किये गये परीक्षण शिविरो में चिन्हित किया गया था।


पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ विकास कार्यों पर चर्चा करते विधायक राजेश नागर।

# विधायक की फटकार के बाद अधिकारियों ने मांगी मोहलत

## 25 करोड़ की लागत से बनाई जानी हैं तिगांव विधानसभा क्षेत्र की नौ सड़कें

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**तिगांव** विधानसभा क्षेत्र से विधायक राजेश नागर ने शनिवार को पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने काम में हो रही देरी पर न केवल अधिकारियों को फटकार लगाई बल्कि काम नहीं करने वाले अधिकारियों को अपनी विधानसभा में नहीं टिकने देने की भी बात कह दी।


नागर ने अपने भतौला निवास पर बैठक कर बल्लभगढ़ से मंझावली, भतौला से तिगांव व क्षेत्र की अन्य कई सड़कों का काम पूरा न होने पर अधिकारियों को फटकार लगाई। नागर ने कहा कि क्षेत्र की करीब नौ सड़कों को बनाने का काम पूरा होना है लेकिन अधिकारियों की लेटलतीफी के कारण यह नहीं बन पा रही हैं जिसका खामियाजा जनता को उठाना पड़ रहा है। जिसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एक कलम से करोड़ों रुपयों की ग्रांट दे दी लेकिन अधिकारी काम करने के लिए तैयार नहीं हैं। किसी भी प्रकार की बहानेबाजी को वह बर्दाश्त नहीं करेंगे। विधायक राजेश नागर ने कहा कि उनके क्षेत्र में करीब 25 करोड़ की लागत से नौ सड़कें बनाने एवं मरम्मत का काम किया जाना है। जिसे जल्द से जल्द पूरा करवाएं।

# कोरोनाः दो दिनो में सामने आए दो मरीज

## एक अस्पताल में भर्ती, दूसरा होम आइसोलेट

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में एक बार फिर कोरोना के मामले आने शुरू हो गए हैं। जिले में शुक्रवार को एक महीने सात दिन बाद एनएच पांच से एक मामला सामने आया। वहीं शनिवार को एसआरएस रॉयल हिल्स सोसायटी से दूसरा मामला सामने आया है। जिले के कार्यकारी कोरोना नोडल अधिकारी डॉ. सुशील अहलावत ने बताया कि शुक्रवार को सामने आए मरीज को अस्पताल में भर्ती किया गया है। उन्हें खांसी, जुकाम और बुखार की शिकायत है। वैसे तो उनकी हालत में सुधार है। लेकिन एहतियात के तौर पर वह भर्ती हैं। वहीं दूसरा मरीज होम आइसोलेशन में है। उन्होंने बताया कि स्थिति कंट्रोल में है। लेकिन लोगों को बदलते मौसम के कारण थोड़ा सतर्क रहने की जरूरत है। वहीं इससे पहले 24 दिसंबर से 11 जनवरी तक कुल सात पॉजिटिव मरीज सामने आए थे। जोकि पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं। फिलहाल नए सामने आए दोनो मरीजों के परिजनों और सम्पर्क में आए सभी लोगों के सैम्पल लेने शुरू कर दिए हैं। ताकि स्थिति को कंट्रोल में किया जा सके।




# एकॉर्ड अस्पताल-एफटीसी द्वारा हाफ मैराथन का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**स्वास्थ्य** के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से ''आओ दौड़े यार'' मुहिम के तहत ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर 86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल तथा फरीदाबाद ट्रायथलॉन क्लब (एफटीसी) की तरफ से सैकेंड ऐतिहासिक हाफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इसमें हर उम्र के लोग शामिल हो सकेंगे। इसमें 7 साल से ऊपर की आयुवर्ग के लोग भी हिस्सा लेंगे।

चेयरमैन डॉ. प्रबल रॉय तथा ऑर्थोपेडिक एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. युवराज कुमार ने पत्रकारों से वार्ता में कहा कि लोगो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उदेश्य से सेकंड हाफ मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। सुबह करीब 6 बजे से दौड़ शुरू होगी। इसमें 7 वर्ष के बच्चों और परिवार के लिए 3 किलो मीटर, दिव्यांगों के लिए 2 किमी, बुजुर्गों के लिए 3 से 5 किमी तथा 14 साल से अधिक उम्र के युवाओं के लिए 10 एवं 21 किलोमीटर की मैराथन में हिस्सा लेंगे।


प्रेसवार्ता में जानकारी देते एकार्ड के चिकित्सक व अन्य

अब तक 450 से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। मैराथन में लगभग 850 लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि 40 साल से अधिक उम्र के लोग जो अपनी फिजिकल एक्टिविटी बंद कर चुके है। वे भी 'आओ दौड़े यार' मुहिम में भाग लेकर एक नई शुरुआत कर सकते हैं। इस मौके पर अस्पताल न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता, नेफ्रोलॉजी डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. जितेंद्र कुमार, कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. ऋषि गुप्ता तथा गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. रामचन्द्र सोनी ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में अस्पताल स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सविता कुमारी, डॉ. दिव्या कुमार मौजूद रहीं।

# सुपर ड्रेगन ट्रेन और रॉक स्टार झूला बना बच्चों की पसंद

**फरीदाबाद।** हस्त शिल्प मेला अपने चरम पर है। वीकेंड पर आप अपने बच्चों के साथ मेला देखकर हस्तशिल्प कला की न केवल जानकारी ले सकते हैं, साथ ही जरूरी सामान की खरीदारी भी कर सकते हैं। इतना ही नहीं बड़ों के साथ-साथ छोटे बच्चों के लिए भी मनोरंजन की कोई कमी नहीं है। मेला परिसर में अनेक प्रकार के झूले बच्चों के लिए मनोरंजन का साधन बने हुए हैं। मेले के एक कोने में बच्चों के लिए झूलों की विशेष व्यवस्था की गई है। बच्चों में स्केटिंग कार और रॉक स्टार सबसे अधिक पसंदीदा मनोरंजन झूला है। मेला में आने वाले अधिकांश बच्चे इन झूलों को प्राथमिकता दे रहे हैं। झूलों में मिक्की माऊस, ड्रेगन ट्रेन, हैलिकाप्टर, स्लंबो, कैटर पिलर, चकरी कार इत्यादि शामिल है। इन झूलों का आनंद वीकेंड पर टिकट लेकर उठाया जा सकता है।

# जलाभिषेक के बाद जगह-जगह निकली शिव की बारात

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**महाशिवरात्री** पर्व में शिवलिंग पर भक्तों ने जल चढ़ाकर अपनी मन्नते मांगी। दोपहर को मंदिरों से शिवजी की बारात निकाली गई। बरात शहर की सड़कों का चक्कर लगाकर वापस मंदिर में पहुंची। देर रात भगवान भोलेनाथ और मां पार्वती का विवाह करवाया गया। इस दौरान भगवान भोलेनाथ का प्रिय प्रसाद भांग लोगों को बांटा गया। तिकोना पार्क स्थित श्री महारानी वैष्णव देवी मंदिर के प्रधान जगदीश भाटिया ने बताया कि दोपहर साढ़े तीन बजे भगवान शिव की बारात निकाली गई। जो शहर के विभिन्न हिस्सों से होती हुई रात आठ बजे वापस मंदिर पहुंची। एनएच-पांच स्थित श्री राधा सर्वेश्वर मंदिर के प्रागंण में चार पहर पूजा की गई। मुनिराज जी ने बताया कि सुबह आठ बजे पूजा शुरू की गई। सैनिक कालोनी मंदिर में भक्तों की लम्बी लाइनें लग गई। भगवान भोलेनाथ के 22 फीट के शिवलिंग पर जल चढ़ाकर पूजा अर्चना करके श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामनाएं मांगी।


सैनिक कालोनी मंदिर में भोलेनाथ पर जल और दूध चढ़ाते भक्तगण

शिव बरात का दृश्य: महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर एनएच पांच स्थित तटकालेश्वर शिव मंदिर से भगवान शिव की बारात निकाली गई। बारात में रथ, घोड़े, ऊंटों के अलावा नगाड़ा पार्टी, बैंड बाजे एवं ढोल तथा बड़ी संख्या में भक्त मौजूद थे। इस मौके पर कई नेता, मार्किट कमेटी के सदस्य और मंदिर कमेटी के सदस्य शामिल रहे। शिव बारात एनएच पांच मार्किट, एच ब्लॉक, के ब्लॉक, एल ब्लॉक, एम ब्लॉक से गुजरते हुए श्रीबांके बिहारी मंदिर पहुंची। लोगों ने बड़े जोर शोर से बारात का स्वागत किया। शिव बारात के तांडव नृत्य और सुन्दर सुन्दर झांकियों ने सभी लोगों का मन मोह लिया।

**बारात में नाचे:** तिकोना पार्क स्थित श्री सिद्धपीठ वैष्णो देवी मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव पर भगवान भोले नाथ शिव शंकर की बारात बड़ी धूमधाम के साथ निकाली गई। इस अवसर पर भोले बाबा के गीतों पर सभी भक्त मस्ती से झूम रहे थे। बारात का स्वागत विभिन्न संस्थाओं तथा मार्किट के दुकानदारों ने भव्य रूप से किया।

# धर्मशाला और मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन


धर्मशाला और मंदिर निर्माण का भूमि पूजन एवं शिलान्यास की नींव रखते सदस्य

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिला** पंजाबी ब्राह्मण सभा का पर्वतीय कालोनी में भगवान परशुराम धर्मशाला एवं मंदिर निर्माण का भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बनने वाले इस भवन का भूमि पूजन एवं शिलान्यास वरिष्ठ अधिवक्ता एवं जिला पंजाबी ब्राह्मण सभा के चेयरमैन पं.अश्वनी त्रिखा ने किया। इस अवसर पर सभा के प्रधान गणेश शर्मा ने आए हुए सभी अतिथियों का माला पहनाकर व पगड़ी बांधकर स्वागत किया। इस मौके पर संस्था के वाइस चेयरमैन राजन ओझा, हरीश ऋषि, सुरेन्द्र शर्मा विशेष रूप से मौजूद थे।

इस अवसर पर चेयरमैन अश्वनी त्रिखा ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने हमेशा ही समाजहित में अग्रणी भूमिका निभाई है। सभी 36 बिरादरी के लोगों के लिए, जनहित में कार्य किए है। समाज को शिक्षित बनाने का कार्य ब्राह्मण समाज ने किया है। पंजाबी ब्राह्मण सभा के वाइस चेयरमैन राजन ओझा ने कहा कि इस भवन निर्माण का सपना हमारे बुजुर्ग स्व. बलदेव राज ओझा, एम.एल. ऋषि, राम मूर्ति प्रधान, मूलराज सरपंच जी का था जो आज पूरा होने जा रहा है। इस धर्मशाला व मंदिर निर्माण पर करीबन 65 लाख रुपए की लागत आएगी।

# महल में लगेगी शहीद राजा नाहर सिंह की 25 फीट की प्रतिमाः मूलचंद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**प्रदेश** के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने शनिवार को बल्लभगढ़ में राजा नाहर सिंह महल के अंदर लगाई जाने वाली करीब 25 फिट ऊंची अमर शहीद राजा नाहर सिंह की प्रतिमा के लिए भूमि पूजन किया। इस अवसर पर बल्लभगढ़ इलाके के साथ-साथ पूरे एनसीआर से आए गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

जल्द ही प्रतिमा के लिए चबूतरा तैयार हो जाएगा और उसके बाद राजस्थान में बनवाई जा रही प्रतिमा यहां लगवाई जाएगी। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि अमर शहीद राजा नाहर सिंह बल्लभगढ़ के साथ-साथ पूरे इलाके की शान के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जाट समाज एवं बल्लभगढ़ विधानसभा के सर्व समाज लंबे समय से बल्लभगढ़ के राजा नाहर सिंह महल में शहीद राजा नाहर सिंह की प्रतिमा लगाने के लिए मांग कर रहे थे। इसी मांग पर हरियाणा सरकार से महल में प्रतिमा लगाने की अनुमति प्रदान की है।


कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा राजा नाहर सिंह की प्रतिमा के लिए भूमि पूजन करते हुए, साथ में हैं समाज के गणमान्य नागरिक

मूलचंद शर्मा ने कहा कि अमर शहीद राजा नाहर सिंह की 25 फुट ऊंचाई की प्रतिमा बनाई जाएगी, जिससे राजा नाहरसिंह महल की शोभा बढ़ेगी और बल्लभगढ़ शहर में आने-जाने वाले लोगों को इसके इतिहास के बारे में भी जानकारी मिलेगी। बल्लभगढ़ में रानी की छतरी में भी करीब 2 करोड़ रुपए की लागत से जीर्णोधार का कार्य करवाया है।

कार्यक्रम में आए समाज के गणमान्य लोगों ने परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा का आभार प्रकट किया। इस मौके पर सतवीर डागर, अजीत तेवतिया, वीरपाल जाट, प्रधान सुभाष चौधरी, रिछपाल लांबा, टिपरचंद शर्मा, आनंदपाल राठी, दयाचंद यादव, धर्मपाल यादव, पारस जैन, बृजलाल शर्मा, प्रताप भाटी, ओमप्रकाश धनखड़, बृजभूषण सैनी, सुभाष लांबा, राहुल मलिक, प्रेम खट्टर, रविंद्र सिंह, भवानी सिंह, लखन बेनीवाल, संदीप चौधरी, जोगेंद्र रावत, राहुल खुंटेला, आजाद सिंह, विनोद गोस्वामी, आनंदपाल राठी, मुनेश नरवाल, नीलम चौधरी, सुषमा यादव सहित इलाके के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# एमबीबीएस के तीन छात्र गंगा में बहे, दो को बचा लिया गया

भाषा। बदायूं

**बदायूं** जिले के उझानी कोतवाली क्षेत्र स्थित कछला गंगा घाट पर शनिवार दोपहर स्नान करते समय एमबीबीएस के पांच छात्र गंगा नदी में गहरे पानी में डूबने लगे, जिनमें से दो छात्रों को बचा लिया गया, लेकिन तीन छात्रों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए और लापता छात्रों की तलाश की जा रही है। सभी छात्र 22 से 26 वर्ष के बीच के हैं। राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूं के प्राचार्य डॉक्टर धर्मेंद्र गुप्ता ने बताया कि 2019 बैच के पांच छात्र जय मौर्य (निवासी-जौनपुर), पवन प्रकाश (बलिया) नवीन सेंगर (हाथरस), प्रमोद यादव (गोरखपुर) और अंकुश गहलोत (भरतपुर-राजस्थान) बिना कोई सूचना दिए कछला घाट पर गंगा स्नान को गए थे। उन्होंने बताया कि नहाते समय गहरे पानी में जाने से पांचों डूबने लगे, जिसके बाद स्थानीय गोताखोरों की मदद से अंकुश गहलोत और प्रमोद यादव को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। उन्होंने बताया कि तीन अन्य छात्रों को गोताखोरों की मदद से ढूंढने के प्रयास किए जा रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉक्टर ओपी सिंह ने बताया कि डूबे तीनों छात्रों की गंगा में स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश की जा रही है। जिलाधिकारी बदायूं मनोज कुमार ने बताया कि वह एसएसपी के साथ मौके पर मौजूद हैं और लापता छात्रों की तलाश की जा रही है। उन्होंने कहा कि अभी तक लापता तीनों छात्रों में से किसी का कुछ भी पता नहीं चल सका है। कुमार ने कहा कि स्थानीय नागरिकों एवं गोताखोरों की मदद से लगातार प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि इस घटना की जांच कराई जाएगी।



**भदोही में दलित युवक का शव बरामद:** भदोही। जिले के औराई थाना क्षेत्र में शनिवार को पुलिस ने एक अनुसूचित जाति (दलित) के युवक का शव बरामद किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। औराई थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) गगन राज सिंह ने बताया कि नथुआ गांव की पुलिया के नीचे एक लाश के होने की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को बरामद किया। उन्होंने बताया कि मृत व्यक्ति की पहचान जिले के गोपीगंज थाना क्षेत्र के लोहा निवासी ओमप्रकाश (42) के रूप में हुई। उन्होंने कहा कि ओमप्रकाश के बड़े भाई मंगरू राम की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों से मिली जानकारी के आधार पर एसएचओ ने बताया कि ओमप्रकाश की पत्नी नहीं है और उसकी 12 वर्ष की एक बेटी ननिहाल में रहती है। उन्होंने बताया कि वह घर में अकेला रहता था तथा पिछले तीन दिनों से उसे घर पर नहीं देखा गया। एसएचओ ने बताया कि मृतक के शरीर पर कोई बाहरी चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि मौत कैसे हुई। उन्होंने कहा कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

# पुत्रवधू की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या

भाषा। पीलीभीत

**जिले** के पीलीभीत में पूरनपुर थाना क्षेत्र के गांव उदयपुर खुर्द में एक व्यक्ति ने अपनी पुत्रवधू की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। पूरनपुर कोतवाली पुलिस के अनुसार, शुक्रवार शाम थाना क्षेत्र के गांव उदयपुर खुर्द निवासी ममता (32) पर उसके ससुर छोटेलाल (60) ने संपत्ति विवाद में कुल्हाड़ी से हमला किया, जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि घटना के बाद आरोपी ससुर मौके से फरार हो गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ पूरनपुर) ज्योति यादव ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि हत्यारे को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि घटना के पीछे संपत्ति का विवाद बताया जा रहा है। पुलिस ने परिजनों के हवाले से बताया कि मृत महिला के पति की पिछले साल अप्रैल में मृत्यु हो गई थी, जिसके बाद से वह अपने तीन बच्चों के साथ ससुराल में रहकर जीवन यापन कर रही थी।

## इटावा में घर में घुसकर महिला की हत्या कर लूटपाट

**इटावा।** इटावा जिले में जसवंतनगर थाना इलाके के एक गांव में बदमाशों ने घर में घुसकर एक महिला की हत्या कर दी और नकदी और जेवर लूटकर फरार हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। इटावा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संतोष कुमार ने पत्रकारों को बताया कि जसवंतनगर थानाक्षेत्र के पाठकपुरा गांव में शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात में दो-तीन अज्ञात बदमाशों ने बेगम श्री (50) की सिर पर प्रहार कर हत्या कर दी और घर में रखे जेवर, नकदी और कीमती सामान लूटकर फरार हो गए। उन्होंने कहा कि महिला का बेटा शिवरात्रि पर्व के लिए गंगाजल लेने कांवड़ लेकर गया हुआ था। एसएसपी ने बताया कि पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है। पुलिस ने बदमाशों की तलाश के लिए कई टीमें गठित की हैं। इसस बीच कई लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिसस का दावा है कि जल्द ही बदमाशों को गिगरफ्तार कर लिया जाएगा।




## सीएम ने बलरामपुर चीनी मिल समूह की मालकिन को किया सम्मानित

**गोंडा।** बलरामपुर चीनी मिल समूह की संस्थापिका स्व० पदमश्री श्रीमती मीनाक्षी सरावगी के द्वारा उत्तर प्रदेश के कृषकों के हित में किए गए कार्य एवं चीनी उद्योग के विकास में दिए गए योगदान के लिए उन्हें मरणोपरांत उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिनांक 17 फरवरी 2023 को लखनऊ में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। यह जानकारी देते हुए बलरामपुर चीनी मिल समूह की यूनिट मैजापुर के महाप्रबंधक गन्ना पीके चतुर्वेदी ने बताया कि स्व० पदमश्री श्रीमती मीनाक्षी सरावगी को दिए जाने वाला पुरस्कार उनकी पोती सुश्री अवंतिका सरावगी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के कर कमलों से प्रप्त किया। इस अवसर पर सुश्री अवंतिका सरावगी ने अपनी दादी के कार्य को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि मैज़ापुर चीनी मिल में नवीन इकाई लगाने एवं पेराई क्षमता बढ़ाने में सुश्री अवंतिका सरावगी का महत्वपूर्ण योगदान है।

## खेत की रखवाली करने गए किसान पर धारदार हथियार से हमला, मौत

कौशांबी। जिले के कौशांबी थाना क्षेत्र में खेत की रखवाली करने गए किसान पर धारदार हथियार से हमला किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना शुक्रवार देर रात की है। घायल किसान को इलाज के लिए ले अस्पताल ले जाया गया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी रमाशंकर सरोज ने बताया कि थाना क्षेत्र के बाराम्बरी गांव निवासी शिव कुमार सरोज (40) हर दिन रात में खेत की रखवाली करने जाते थे। कुछ देर बाद वह घर वापस लौट आते थे। 17 फरवरी की रात शिवकुमार खेत की रखवाली करने गए, लेकिन रात में वह घर वापस नहीं लौटे। उन्होंने बताया कि करीब दो बजे रात में परिजन उनकी खोज में खेत की ओर गए तो खेत के किनारे वह घायल अवस्था में पड़े मिले। उन पर धारदार हथियार से प्रहार किया गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस शिवकुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बारा ले गई जहां से डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

## महाशिवरात्रि के अवसर पर विशेष पहल

**वाराणसी।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर लोगों के लिए विशेष प्रकार की पहनावे से लेकर सुंदर दिखने की अपनी पहल को बढ़ाते हुए मिंत्रा लोगो को दैनिक फैशन के लिए आए और इसका उद्देश्य ग्राहकों को दैनिक फैशन के सर्वश्रेष्ठ विकल्प प्रदान करके इस प्लेटफॉर्म के साथ उनका जुड़ाव मजबूत करना और उन्हें अपने दैनिक जीवन के हर पहलू में स्टार बनाना है 'बी एक्स्ट्राऑर्डिनरी एवरी डे' के तहत लोगों को फैशन की प्रेरणा देने वाले सिने स्टार्स को इस कैम्पेन में लाकर हम उनके फैंस के साथ अपना संबंध मजबूत कर रहे हैं रनबीर कपूर और कियारा इस पहल को लोगों तक पहुंचा के लिए तैयार हैं।

# हादसे में दो श्रद्धालुओं की मौत, छह घायल

**मथुरा।** जिले के जैंत थाना इलाके में राजस्थान के भरतपुर से आ रहे श्रद्धालुओं का एक आटो रिक्शा रास्ते में खड़े ट्रक से टकरा गया जिससे चालक समेत दो की मौत हो गई और छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। शनिवार को पुलिस ने यह जानकारी दी।पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) त्रिगुण बिसेन ने बताया कि राजस्थान के भरतपुर जिले के कामां थाना क्षेत्र के अकबरपुर निवासी आठ से अधिक लोग महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक के लिए यमुना नदी का जल लेने के लिए वृन्दावन आ रहे थे। उन्होंने बताया कि जैंत थाना क्षेत्र के चौमुहां फ्लाईओवर से उतरते समय श्रद्धालुओं से भरा ऑटो रिक्शा अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे खड़े ट्रक में जा घुसा। उन्होंने बताया कि हादसे में थाना छाता के चंदोरी निवासी ऑटो चालक विष्णु व कामां (राजस्थान) के अकबरपुर निवासी शिवदान उर्फ सिब्बो (17) की मौत हो गई। ऑटो रिक्शा में सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस राजमार्ग किनारे खड़े ट्रक को जैंत थाने ले गई।

**बिजनौर में कार की चपेट में आने से बाइक सवार युवक, बालक की मौत:** बिजनौर जिले के स्योहारा थाना इलाके में एक कार की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक और बालक की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) राम अर्ज ने बताया कि शुक्रवार शाम स्योहारा थाना क्षेत्र के गांव पैंदापुर के निकट एक कार की टक्कर से बाइक सवार सत्यपाल (30) और प्रणव (सात) की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, चालक कार लेकर फरार हो गया और उसके बारे में कुछ पता नहीं चल सका।

**गुलदार के हमले में किशोरी की मौत:** बिजनौर जिले के नगीना थाना इलाके में अपनी मां के साथ मंदिर जा रही 14 वर्षीया किशोरी की गुलदार (तेंदुए की एक प्रजाति) के हमले में मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) संग्राम सिंह ने बताया कि नगीना थाना क्षेत्र के छोटा कीरतपुर निवासी अदिति (14) शुक्रवार की शाम अपनी मां के साथ मंदिर जा रही थी, तभी गुलदार ने उस पर हमला बोल दिया। उन्होंने बताया कि गांव वालों के शोर मचाने पर गुलदार अदिति को छोड़कर भाग गया। अदिति को अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसकी मौत हो गई। सीओ ने बताया कि मामले में आगे की कार्वाई की जा रही है।

## बिना दस्तावज नेपाल सीमा पार करने की कोशिश कर रहा चीनी नागरिक गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** यहां भारत-नेपाल सीमा पर बिना वैध दस्तावेज के सीमा पार करने की कोशिश कर रहे एक चीनी नागरिक को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) आदित्य कुमार ने पीटीआई-भाषा को बताया कि चीनी नागरिक को शुक्रवार शाम गौरीफंटा में गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया, पुलिस हिरासत में पूछताछ के दौरान चीनी नागरिक भारत में ठहरने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। डीएसपी ने कहा कि मामले में गहन जांच के बाद ही आगे की कार्वाई की जाएगी।

## रेलकोच के मजदूर का शव घर में पंखे से लटकता मिला

**लालगंज** रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के उदवामऊ गांव में रेलकोच में मजदूरी करने वाले एक युवक को शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के पंखे से लटकता पाया गया। घटना से परिजनो में कोहराम मच गया वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया है। उदवामऊ गांव निवासी चंद्रशेखर यादव रेलकोच में मजदूरी का कार्य करता है। शुक्रवार की सायं वह काम के बाद घर वापस लौट आया था। वही घर के अंदर स्थित पंखे से उसका शव साडी के सहारे लटकता देख परिजनो के होश उड़ गये। मौके पर मौजूद लोगो ने कमरे का दरवाजा तोडकर मामले की सूचना पुलिस को दी। घटना से पत्नी वंदना समेंत परिजनो का रो-रो कर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी शिवशंकर सिंह ने बताया कि शव को पीएम के लिये भेजने के साथ युवक की मौत के कारणो की जांच की जा रही है।

# राष्ट्रीय रामायण मेले का स्वर्ण जयंती महोत्सव शुरू

## केंद्रीय मंत्री ने किया शुभारंभ, देशभर से विद्धानों का लगा जमावड़ा

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय रामायण मेला के 50वें स्वर्ण जयंती महोत्सव के उदघाटन सभा की अध्यक्षता पंजाब पटियाला के संत बाबा भूपतिन्दर सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में सूक्ष्म एवं लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार केन्द्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा व विशिष्ट अतिथि के रूप मे सवतंत्र प्रभार पिछडा वर्ग कलयाण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग राज्य मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने दीप प्रज्जवलन कर मेले के उदघाटन की घोशणा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चित्रकूट आकर अपने को धन्य पा रहा हूं। बिन सत्संग विवेक न होई भगवान राम की कृपा संतो की संगति से ही प्राप्त होती है। रामायण पर कहा कि यह ग्रंथ मानव को जीवन जीने की कला सिखाता है। धर्म के बारे में कहा कि बिना इसे अपनाए मुक्ति



नहीं मिल सकती। उन्होंने अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के बारे में कहा कि 2024 मे देष के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उद्घाटन करेंगें। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उप्र के 23 करोड लोगो को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दमदारी के साथ सत्ता धर्म व भारतीय संस्कृति की रक्षा कर रहे है। मंत्री ने कहा कि मै यहां मुख्य अतिथि के रूप में नहीं मुख्य सेवक के रूप में चित्रकूट में उपस्थित हुआ हूं। उन्होंने कहा कि मानव के जीवन में किसी भी प्रकार की कोई समस्या आए तो उसका समाधान रामचरित मानस पढने से हो सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री के बारे में कहा कि विष्व की किसी भी समस्या का समाधान करने में सक्षम है। कहा कि भरत ने भगवान राम की खडाऊ सिर पर रखकर राज्य किया। उन्होंने आगे कहा कि कलयुग में केवल राम नाम का आधारा ही मानव जीवन का बेडा पार कर सकता है। कलयुग केवल राम अधारा सुमिर सुमिर नर उतरहि पारा। मेले के उदघाटन सभा की अध्यक्षता करते हुए पंजाब के पटियाला के संत बाबा भूपिन्दर सिंह ने चित्रकूट की महिमा का बखान करते हुए कहा कि चित्रकूट प्रेम की भूमि है। यहां भरत और राम का अथाह प्रेम देखकर मानव तो क्या पत्थर भी पिघल गए थे। उन्होंने गुरु तेग बहादुर की चर्चा कर भारतीय संस्कृति की रक्षा करने का संकल्प की भी जानकारी दी। बताया कि डा राममनोहर लोहिया का जो सपना था कि चित्रकूट में ही रामायण मेला क्यों हो इसकी व्याख्या करते हुए बताया कि मेले में जो लोग खो जाते हैं अर्थात अपने संप्रदाय, जाति, वर्ग से विलग हो गए वे सभी अपने समाज में आकर मिल जाते है। कार्यक्रम का संचालन डा चन्द्रिका प्रसाद दीक्षित ललित ने किया।

इसके पूर्व चित्रकूट के साधु संतो व महंतो के निषानों के साथ भव्य षोभायात्रा निकाली गई जो रामघाट से हाथी घोडो, बैडबाजों की धुन पर पटाबनैती व दीवारी लोकनृत्य प्रस्तुत करते हुए रामायण मेला पहुंची। जहां मेले के कार्यकारी अध्यक्ष राजेष करवरिया, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने पूजन वंदन कर पुश्पार्चन किया।

## सम्मान के साथ हुआ बीएसएफ जवान का अंतिम संस्कार

**कुरारा** (हमीरपुर) कुरारा कस्बे के बीएसएफजवान को पश्चिम बंगाल में ड्यूटी के दौरान दो माह पूर्व हुए ब्रेन हैम्बरेज की बीमारी के चलते बुधवार को निधन हो गया जिसका अंतिम संस्कार कस्बे में बीएसफ40 बटालियन की सलामी के साथ हुआ।कस्बे के नौटंकी मैदान निवासी बिकास तिवारी पुत्र श्याम बिहारी तिवारी उम्र करीब 38 वर्ष जो कि पश्चिम बंगाल के रानी नगर सिलीगुड़ी में तैनात थे। को करीब दो माह पूर्व ब्रेन हैम्बरेज का अटैक हुआ था जिसका इलाज सिलीगुड़ी में ही मिलिट्री अस्पताल में चल रहा था। बीते बुधवार हालत गंभीर होने पर उनका निधन हो गया। शुक्रवार देर रात शव कुरारा आया जिसके चलते शनिवार को साथ आये बीएसएफ40 बटालियन के जवानों की सलामी के बाद कस्बे में अंतिम संस्कार हुआ। विकास तिवारी के अंतिम संस्कार में सदर विधायक मनोज प्रजापति व ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

## कांग्रेस नेता अजय राय पर बाबतपुर हवाईअड्डे के कार्यवाहक निदेशक ने मुकदमा दर्ज कराया

**वाराणसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के विमान को वाराणसी के बाबतपुर हवाईअड्डे पर न उतरने देने के बयान को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय राय पर फूलपुर थाने में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय राय ने मंगलवार को आरोप लगाया था कि हवाईअड्डा प्राधिकरण ने अंतिम समय पर राहुल गांधी के विमान को यहां उतरने की अनुमति नही दी जिससे उन्हें राष्ट्रीय राजधानी लौटना पड़ा। राय ने कहा था कि गांधी को प्रयागराज के कमला नेहरू मेमोरियल अस्पताल में एक समारोह में शिरकत के लिए प्रयागराज जाना था। पुलिस के अनुसार बाबतपुर हवाई अड्डे के कार्यवाहक निदेशक अजय पाठक ने फूलपुर थाने में एयरपोर्ट अथॉरिटी की साख को क्षति पहुचाने और बदनाम करने की साजिश करने को लेकर राय के खिलाफ तहरीर दी है।

## पीयूष को महाकाल सम्मान से नवाजा गया

**ऊंचाहार**(रायबरेली) क्षेत्र के गांव सादे की बाजार निवासी डा.पीयूष मिश्र पीयूष को कटरा गुलाब सिंह प्रतापगढ़ में महाकाल सम्मान से नवाजा गया है। महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर आयोजित भयहरणनाथ महोत्सव प्रतापगढ़ में युवा साहित्यकार,चिन्तक,संस्कृत शिक्षाविद् के रूप में डा.पीयूष को महाकाल सम्मानष् से विभूषित किया गया है। समाजसेवी जलपुरुष डा.समाजशेखर, महोत्सव अध्यक्ष राजकुमार शुक्ल,पत्रकार उमेश श्रीवास्तव तथा साहित्यकार अनूप उपाध्याय ने संयुक्त रुप से स्मृति चिह्न, प्रमाण पत्र,माल्यार्पण करके डा.पीयूष को महाकाल सम्मान से अलंकृत किया। उल्लेखनीय है कि भगवान भोलेनाथ को समर्पित तीन दिवसीय महाकाल महोत्सव के अन्तर्गत आयोजित विराट कवि सम्मेलन का डा.पीयूष मिश्र ने संचालन किया। डा.अंशुल, कपिल तिवारी,जनकवि प्रकाश, देवी प्रसाद मिश्र वेदांती सहित सैकड़ों साहित्यकारों,बौद्धिक विद्वानों ने इस उपलब्धि पर डा.पीयूष को बधाई दी है।

## गोकना गंगा घाट पर शिव भक्तों का सैलाब उमड़ा

**ऊंचाहार**(रायबरेली) महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवालयों में जलाभिषेक के लिए जल लेने हेतु क्षेत्र के गोकना गंगा घाट पर शिव भक्तों का सैलाब उमड़ा था। प्रातः काल से ही बड़ी संख्या में लोग स्नान पूजन करके जल भर रहे थे। क्षेत्र के गोकना गंगा घाट पर भारी भीड़ उमरी थी। भीड़ के कारण गंगा घाट पर मेले जैसा नजारा रहा ।प्रातः काल 3 बजे से शिवभक्त विभिन्न वाहनों से गंगा तट पर पहुंच रहे थे। जहां पर स्नान पूजन के साथ लोग जल पात्रों में जल लेकर शिवालयों में जलाभिषेक के लिए पहुंचे थे। गंगा घाट पर स्थित हजारों वर्ष पुराने शिवलिंग पर पर जलाभिषेक होता रहा ।यहां पर जलाभिषेक के लिए शिव भक्तों की लंबी लंबी कतारें लगी हुई थी। गोकना गंगा घाट के वरिष्ठ पुजारी जितेंद्र द्विवेदी ने बताया कि गंगा तट पर आने वाले सभी श्रद्धालुओं को तट की स्वच्छता और गंगा के महात्म के बारे में निरंतर बताया गया। गंगा तट पर सुरक्षा व्यवस्था भी मुकम्मल की गई थी।

## जिलाधिकारी ने महाशिवरात्रि पर्व पर शहर व सलोन का भ्रमण कर शांति एव सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**रायबरेली।** जिलाधिकारी श्रीमती माला श्रीवास्तव ने आज महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत रायबरेली शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर शांति एव सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा। उन्होंने सबसे पहले कोतवाली सदर में पुलिस अधीक्षक श्री आलोक प्रियदर्शी के साथ सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए की गई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने सलोन कोतवाली का निरीक्षण किया और सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## भगवान शिव के जयकारों की गूंज, निकली शिव बारात

**टाण्डा।** अम्बेडकर नगर ।महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर भगवान भोले शिव के जयकारों की गूंज रही। भोले शंकर के मंदिरों में शिव भक्तों की भारी भीड़ अगाघ श्रद्धा व भक्ति को प्रतिबिम्बित कर रही थी। बेलपत्रए अक्षतए पुष्पए भांगए धतूराए गन्ना की गेडीए बेरए रोलीए चन्दनए फलए दूधए दहीए घीए शहदए मेवाए जौ की बालीए बेलए मिष्ठानए धूप.दीप आदि के साथ भक्तगण हर हर महादेव व बम भोले के जयकारों के साथ शिवालय में अपने क्रम के आने का इंतजार करते खड़े रहे। शिव मंदिरों पर भक्तों की भीड़ में बच्चेए वृद्धए महिलाये शामिल रहीं। क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री तामेश्वर नाथ महादेव डुहियाए श्री झारखण्ड नाथ महादेव छज्जापुरए श्री नर्वदेश्वर महादेव कस्बा कोइरानाए नागेश्वर नाथ महादेव चौकए श्री उदासीन आश्रम सहित विभिन्न शिवालयों पर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना करते हुए पूजन अर्चन किया। वहीं दूसरी ओर नगर के सब्जी मंडी में श्री महाकाल सेवा समिति के तत्वावधान में भगवान शंकर व माता पार्वती की भव्य प्रतिमा स्थापित किया गया है। इस अवसर पर शाम को श्री शिव विवाह सेवा समिति झारखण्डी छज्जापुर के तत्वावधान में समिति के अध्यक्ष श्रवण कुमार अग्रवाल की देखरेख में शिव बारात श्री झारखण्ड नाथ महादेव मंदिर छज्जापुर से निकलकर मंदिर पंहुच कर देर रात्रि में समाप्त हो गई।

## अवॉर्ड टीम ने मानिकपुर सीएचसी का किया निरीक्षण

**मानिकपुर**/चित्रकूट। जिले के मानिकपुर सीएचसी का भारत सरकार कायाकल्प अवॉर्ड की टीम ने निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान टीम ने हॉस्पिटल में साफसफाई व मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। शनिवार को भारत सरकार ने कायाकल्प अवॉर्ड योजना के तहत 12 बजे डॉक्टरों की तीन सदस्यीय टीम ने मानिकपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। टीम में आए डॉ सुनील सिंह, डॉ एहतराम व डॉ प्रमोद ने जेएसवाई, ऑपरेशन थियेटर, चिकित्सा अधिकारी कक्ष, औषधि वितरण कक्ष, एक्सरे रूम, लिपिक कक्ष, परामर्शदाता कक्ष, इमरजेंसी इंजेक्शन वार्ड का निरीक्षण किया।

# हस्तशिल्पियों को दिए गए हुनर निखारने के टिप्स

**इटावा।** सरोज जन कल्याण सेवा संस्थान, द्वारा ''एक दिवसीय वर्कशॉप/सेमिनार-जागरूकता कार्यक्रम-2022-2023' का आयोजन विकास आयुक्त (हस्तषिल्प) वस्त्र मंत्रालय आईएमए बिल्डिंग, जनपद-इटावा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक कुमार गुप्ता अपर निर्देशक (हस्तषिल्प), वस्त्र मंत्रालय द्वारा शुभारम्भ किया गया। संस्था के अध्यक्ष सुनील कुमार ने मुख्य अतिथि व अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर, बैच पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सुनील कुमार ने कार्यशाला के आयोजन के बारे में अवगत कराते हुए हस्तशिल्पियों को बताया कि यह जागरूकता कार्यक्रम उनके कार्य, प्रोडक्शन, डिजाइन, मार्केटिग प्रणाली को बढ़ाने हेतु आयोजित की गयी हैं जिसमें 50 हस्तशिल्पियों को टीए व



डीए भी दिया गया। संस्था द्वारा समय-समय पर वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से यह कार्यशाला आयोजित कि जाती रहेगी और हस्तषिल्पियों को वस्त्र मंत्रालय की अन्य लाभ की योजनाओं के बारे में अवगत कराया जाता रहेगा और वस्त्र मंत्रालय की योजनाओं लाभ उन्हें दिलाया जाता रहेगा। संस्था के कार्यकर्ता नूर आलम ने कार्यषाला में आये हुये हस्तषिल्पियों को जागरूकता किट वितरण किया और उनके हस्तषिल्प कार्ड, बैंक विवरण व आधार कार्ड लेने के उपरान्त सभी के उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर कराये गये। संस्था की डिजाइनर रुबी चौहान ने वर्कशॉप में हस्तषिल्पियों को अपने हैडीक्राफ्ट प्रोडक्शन आइटम की नई-नइ डिजाइन जो मार्केट में फैशन को बढ़ावा देती हैं संस्था द्वारा समय-समय पर वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से यह कार्यशाला आयोजित कि जाती रहेगी और हस्तषिल्पियों को वस्त्र मंत्रालय की अन्य लाभ की योजनाओं के बारे में अवगत कराया जाता रहेगा और वस्त्र मंत्रालय की योजनाओं लाभ उन्हें दिलाया जाता रहेगा। संस्था के जीएसटी एवं वित्तीय विषेशज्ञ सुनील कुमार ने वर्कशॉप में हस्तषिल्पियों को अपने हैडीक्राफ्ट आइटम किस जीएसटी रेट में आता है उसकी सही जानकारी दी गयी। संस्था के मार्केटिग विषेशज्ञ रमाकान्त ने हस्तषिल्पियों को जानकारी दी कि जो हस्तषिल्प अपने प्रोडक्शन की बिक्री मार्केट में या जेम-पोंटल या ऑनलाइन के द्वारा बिक्री करते है उसका पूरा पैसा बैंक खाते में प्राप्त करे और जो भी भुगतान जैसे-कच्चा माल खरीदना, लेबर का भुगतान, ट्रांसपोटेषन का भुगतान सभी बैंक से करे। ई-मार्केटिंग एक्सपर्ट एण्ड क्वालिटी पैकिंग विषेशज्ञ उपेन्द्र कुमार वर्मा ने हस्तषिल्पियोंने भी कार्यशाला को संबोधित किया।

# ऊं नमः शिवाय की रही गूंज

**लालगंज** रायबरेली। शिवरात्रि के अवसर पर क्षेत्र के शिवालय ऊं नमः शिवाय के जयकारो से गुंजायमान रहे। पावन पर्व के अवसर पर जहां श्रंद्वालुओं ने मां गंगा में प्रात:कालीन स्नान कर पुण्य लाभ लिया वही शिवालयों में भोले बाबा के दर्शन का विश्व कल्याण की कामना की। शिवरात्रि के अवसर पर गेंगांसो गंगा तट पर सुबह से ही स्नानार्थियों का तांता लगा रहा। भीड को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के भी इंतजाम किये थे। स्नान के बाद श्रद्वालुओं ने क्षेत्र के प्रसिद्व शक्तिपीठ ऐहार स्थित बाबा बाल्हेश्वर धाम समेंत गहिरेश्वर, सतनेश्वर, मनकामेश्वर समेंत दर्जनो स्थानो पर बने शिव मंदिरो में भोले बाबा को धतूरा, गन्ना, दूध, फूल, बेर आदि चढ़ाते हुए मन्नतें मांगी। सबसे अधिक भीड बाल्हेश्वर धाम में दिखाई दी जहां भोरकाल से ही दर्शनार्थियों का रेला लगा रहा। जहां लगे मेंले में भी श्रंद्वालुओं ने जमकर खरीददारी की।

## महाशिवरात्रि पर मेले में उमड़ा हुजूम

**नसीराबाद** रायबरेली ।महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर नसीराबाद थाना स्थित शिव मंदिर में सुबह से ही शिव भक्तों की लंबी लंबी कतारें जलाभिषेक के लिए लगी रहीं ।आस पास व कई गांव के लोग दूर-दूर से भी भोले बाबा की एक झलक पाने के लिए जल, बेल, फूल पत्ते, आदि से जलाभिषेक के लिए लाइन में खड़े दिखाई दिये। नगर पंचायत नसीराबाद में यह शिव मंदिर बहुत ही प्राचीन व विशाल है। जहां शिवरात्रि के पावन दिन इस प्राचीन मंदिर में एक विशाल मेले का भी आयोजन किया जाता है। मेले में आसपास के गांव, लछनी , मऊ, जमालपुर हुरैया, टेगना ,पूरे बंन्धन ,शाहपुर ,सतपेडा ,छतोह, रहीमगंज ,अशरफ्पुर ,पूरे सोमबंशी ,खेरवा ,कुकहा ,टूडी ,शाहपुर, सहित दर्जनों गांव से लोग भोले बाबा को प्रसन्न करने के लिए जल चढ़ाने आते हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 19 फरवरी, 2023



## तारीफ उधर भी

यूपी में अभी बीते दिनों एक काफी बड़ा इवेंट संपन्न हुआ जिसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर के निवेशक उत्तर प्रदेश में रुपया लगाने को इच्छुक दिखे। पूरा इवेंट उत्तर प्रदेश के लिए गर्व की बात थी खास तौर पर मुख्यमंत्री खुद ही मेहमानों की अगवानी कर रहे थे। अधिकारियों मंत्रियों और सरकार के नेतृत्व में टीम भावना के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। उसके बाद मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल और मंत्रिपरिषद की बैठक में अधिकारियों और मंत्रियों की खूब तारीफ की और सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही जब सीएम साहब विभाग के प्रमुख सचिव और अपर मुख्य सचिव के साथ इस संदर्भ में बैठक कर रहे थे उन्होंने किसी एक अधिकारी का नाम नहीं लिया




लेकिन एक अधिकारी की तरफ मुखातिब होकर उनके प्रबंधन और उनके जज्बे को लेकर बहुत तारीफ की। वहां बैठे कई और प्रमुख सचिव इस बात को लेकर चिंतित थे कि कहीं मुख्यमंत्री जी सिर्फ दो अधिकारियों का नाम लेकर ही प्रशंसा न करें लेकिन मुख्यमंत्री ने सामूहिक रूप से सभी अधिकारियों की प्रशंसा की लेकिन एक साहब जिनके प्रबंधन की दाद बसपा और समाजवादी पार्टी सरकार देती रही हैं उनकी भी मुख्यमंत्री जी तारीफ की। बैठक में साहब की तारीफों के पुल बांधे गए यह देखकर वहां बैठे अन्य अधिकारियों ने ताली बजाकर मुख्यमंत्री की हां में हां मिलाई।

## अपनी धुन में डिप्टी

रस्सी जल गई बल नहीं गया। कर कुछ नहीं पाते लेकिन जनता दरबार पूरा लगता है। सप्ताह में एक दिन नहीं दो दो दिन। अपने शिविर कार्यालय में और अपने गृह जनपद में भी। सुनवाई ऐसे करते हैं जैसे प्रदेश के मुखिया यही हों। अधिकारियों को निर्देश भी उसी स्टाइल में देते हैं जैसे पहले दिया करते थे। अब फिलहाल कोई अधिकारी इनको इतनी अधिक घास डालता नहीं है क्योंकि जानता है इनके पास पद तो है लेकिन पावर नहीं है। पावर तो बड़े महाराज के पास है जिन्हें पिछली भगवा सरकार में ये महोदय सीधा टक्कर देने में लगे हुए थे। उस दौरान भी वह बड़े महाराज थे और यह डिप्टी थे। इसके बावजूद भी यह बड़े महाराज से आंखे तरेरे रहते थे। चुनाव में इनको पटकनी क्या मिली इन्हें अपनी हैसियत का अंदाजा हो गया। फिर तो इन्हें बड़े महाराज के आगे नतमस्तक होना ही था और यह हो भी गए लेकिन अभी भी इनके भीतर काफी टीस भरी पड़ी है जिसे यह अब जनता दरबार लगाकर पूरा करते हैं और दिखाने का प्रयास करते हैं कि रस्सी जल गई तो क्या हुआ अभी भी मेरे अंदर बहुत दम है।

## छब्बे नहीं दूबे बनकर लौटे

चौबे गए थे छब्बे बनने लेकिन दूबे बनकर लौटे। यह कहावत नगर निगम के नटवरलाल कर निरीक्षक पर




सटीक बैठती है। नगर निगम के नटवरलाल कर निरीक्षक ने अपनी निजी खुन्नस निकालने के लिए एक व्यापारी को सबक सिखाने का प्लान बना लिया। डंडइया बाजार में कर निरीक्षक ने नगर निगम के बड़े अफसर से गृहकर वसूली अभियान चलाने की अनुमति ले ली। फिर क्या था। नटवरलाल कर निरीक्षक ने डंडइया बाजार में एक साथ 14 दुकानों पर सीलिंग कार्रवाई कर डाली। लेकिन इनकी चाल उल्टी पड़ गयी। कार्रवाई की खबर आग की तरह पूरे बाजार में फैल गयी और देखते ही देखते कार्रवाई के विरोध में व्यापारियों ने हंगामा शुरू कर दिया। बढ़ते हंगामे और प्रदर्शन

## पाना नहीं देना है

अभी पिछले दिनों सम्पन्न हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आखिरी दिन महामहिम के हाथों सम्मान पाने के लिए शिक्षण संस्थानों के कई शिक्षक जुगत लगाने में जुटे रहे। कई ने तो इतने ऊपर से पैरवी करा दी कि पास जारी करने वाले साहब अपने मातहतों पर ही बरस पड़े। साहब ने मातहतों को ताकीद दी कि यदि प्रोग्राम के दौरान कुछ भी गड़बड़ हुआ तो खैर नही। साहब का पारा देख अधिकारियों के पसीने छूट गए। अंत में संशोधन करते हुए आदेश जारी करना पड़ा कि त्रुटिवश प्रिंट हो गया था। सम्मान पाना नहीं देना है। आदेश जारी होने के बाद शिक्षकों के तेवर ठंडे पड़ गए।



हुआ यूं कि महामहिम के हाथों सम्मान पाने के लिए जारी सूची में कुछ नाम हटा दिए गए तो शिक्षकों ने संशोधन करने की मांग करते हुए कुलपति पर चहेतों को ले जाने के आरोप तक लगा दिए थे। कार्यकाल के आखिरी दिनों से गुजर रहे एक नेता जी ने तो चयन प्रक्रिया को सिस्टम के तहत ले जाने की बात कहते हुए शिक्षकों को ले जाने की मांग तक कर डाली। भला हो वक्त पर साहब को ख्याल आ गया वरना स्टेज पर सम्मान कार्यक्रम के दौरान भी लोग सम्मान पाने की जुगत में लगे रहते।

## इंतजार, इंतजार, इंतजार

कानून की रक्षा का जिम्मा संभालने वाले खाकी महकमे के मुखिया के करीबी और एक महत्वपूर्ण कमिश्नरेट की कमान संभाल रहे बड़े ओहदेदार इस समय गहरी चिंता में हैं। उनकी चिंता का कारण उनके समकक्ष दूसरे बड़े ओहदेदार हैं जो अभी-अभी अध्ययन अवकाश से वापस यूपी लौटे हैं। दरअसल यह दूसरे वाले बड़े ओहदेदार भगवा सरकार के दुलारे हैं। कानून की पढ़ाई के लिए विदेश जाने से पहले वह महकमे की सर्वाधिक महत्वपूर्ण यूनिट के प्रभारी थे। अब वापस लौट आए हैं तो फिर उन्हें कोई बेहतर पोस्टिंग मिलना तय है लेकिन विभाग में ऐसी चर्चा है कि इस बार उनकी नजर एक महत्वपूर्ण कमिश्नरेट पर है। इसी वजह से वह अपनी नई तैनाती के लिए कोई प्रयास करने के बजाए चुपचाप बैठे हुए हैं। दरअसल वह जानते हैं कि उनके निशाने पर जो कमिश्नरेट है उसके प्रभारी महकमे के मुखिया की आंख के तारे हैं। उनके रहते उन्हें हिलाना आसान नहीं होगा। मुखिया का सेवाकाल अगले महीने ही समाप्त होने वाला है। अगर सेवा विस्तार न मिला तो उनका रास्ता साफ हो जाएगा। यही वजह है कि वह इंतजार में हैं कि पहले मुखिया की विदाई हो जाए और उसके बाद ही वह अपने प्रयास प्रारंभ करें।

# महाशिवरात्रि पर अनुष्ठान में रत रहे योगी, लोक कल्याण की मंगलकामना की

## गोरखनाथ मंदिर में गो दुग्ध से भोलेनाथ के रुद्राभिषेक से की शुरुआत

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर, लखनऊ

**देवाधिदेव** महादेव भगवान शिव की उपासना के विशेष पर्व महाशिवरात्रि पर मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ गोरक्षपीठ से लगायत विभिनन शिवालयों तक भोलेनाथ के दर्शन, पूजन, जलाभिषेक, रुद्राभिषेक आदि अनुष्ठान में रत रहे। विधि विधान से पूजनोपरांत उन्होंने प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की। मुख्यमंत्री सुबह 7 बजे से लेकर दोपहर बाद 2.45 बजे तक अलग-अलग मंदिरों में उपासना व भ्रमण में रत रहे।



शनिवार सुबह महाशिवरात्रि पर सीएम योगी के आनुष्ठानिक कार्यक्रमों की शुरुआत गोरखनाथ मंदिर से हुई। मठ के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में उन्होंने भगवान भोले शंकर का गो दुग्ध से रुद्राभिषेक किया। मठ के पुरोहित एवं वेदपाठी ब्राह्मणों ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया। रुद्राभिषेक के बाद मुख्यमंत्री ने हवन तथा आरती कर चराचर जगत के कल्याण हेतु महादेव से प्रार्थना की। आखिर में प्रसाद का वितरण हुआ। अनुष्ठान का यह कार्य तीन घण्टे से अधिक समय तक चला। इसके पूर्व मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर में भी पूजन किया। उन्होंने यहां भगवान नंदी का पूजन कर भगवान शंकर का जलाभिषेक किया। उल्लेखनीय है कि नाथपंथ की परंपरा में गुरु गोरखनाथ सबका कल्याण करने वाले भगवान शिव के अवतार माने जाते हैं। गोरखनाथ मंदिर के मूल में भी लोक कल्याण एवं लोक मंगल की ही भावना है। ऐसे में गोरक्षपीठाधीश्वर के लिए महाशिवरात्रि का पर्व बेहद महत्वपूर्ण होता है।

गोरखनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि का अनुष्ठान पूर्ण करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंधियारीबाग स्थित प्राचीन मानसरोवर शिव मंदिर, राजघाट स्थित मुक्तेश्वरनाथ मंदिर व झारखंडी स्थित झारखंडी महादेव मंदिर का भ्रमण किया। इन तीनों शिव मंदिरों में उन्होंने भगवान भोलेनाथ का दर्शन, पूजन व जलाभिषेक कर लोक मंगल की कामना की। मंदिरों के भ्रमण के दौरान सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर जगह सुरक्षा, सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा इंतजाम रखा जाए। महाशिवरात्रि पर्व पर शिवालयों के भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री सबसे पहले अंधियारी बाग स्थित प्राचीन मानसरोवर मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महादेव का दर्शन पूजन किया। मानसरोवर के बाद सीएम योगी मुक्तेश्वरनाथ मंदिर पहुंचे और दर्शन, पूजन के बाद में चांदी के पात्र में रखे दुग्ध व जल से महादेव का अभिषेक किया। दोपहर में मुख्यमंत्री पीपीगंज के भरोहिया स्थित पितेश्वरनाथ शिव मंदिर भी पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सभी को शुभकामनाएं दीं। एक ट्वीट में उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि की सभी प्रदेश वासियों एवं श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! भगवान भोलेनाथ और मां पार्वती की कृपा से समस्त जगत का कल्याण हो, यही प्रार्थना है।

यूपी बोर्ड परीक्षा

# 504 टीमें गठित कर की गई 815 परीक्षा केन्द्रों की निगरानी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रमुख** सचिव, माध्यमिक व बेसिक शिक्षा एवं महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा गूगल मीट के माध्यम से शनिवार को प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यूपी बोर्ड परीक्षा की समाप्ति तक परीक्षा केन्द्रों की लगातार निगरानी की जाए। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी।

सचिव मध्यामिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश दिब्यकान्त शुक्ल ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित वर्ष 2023 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाओं में परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्नपत्रों की सुरक्षा एवं शुचिता के दृष्टिगत प्रदेश के सभी जनपदों के जिला विद्यालय निरीक्षकों को जनपद स्तर पर टीमें गठित कर परीक्षा केन्द्र के स्ट्रांग रूम की विशेष निगरानी के लिए निर्देश प्रदान किए गए हैं। निगरानी व्यवस्था की मॉनीटरिंग माध्यमिक शिक्षा परिषद, मुख्य कार्यालय में स्थापित कन्ट्रोल रूम से देर रात्रि तक की गई। प्रदेश के जिला विद्यालय निरीक्षकों द्वारा कुल 504 टीमें गठित कर 815 परीक्षा केन्द्रों की निगरानी की गई। यह निगरानी परीक्षा की समाप्ति तक नियमित रूप से की जाएगी।

# यूपी का प्रशासन तंत्र पूरी तरह असंवेनशील: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में कोई दिन ऐसा नहीं जाता जब बहन-बेटियों की इज्जत पर हमला न होता हो। मुख्यमंत्री के नारी सशक्तिकरण और नारी सुरक्षा का यही मॉडल है। प्रशासन तंत्र पूरी तरह असंवेनशील हो गया है। हर तरफ जंगलराज की स्थिति है। खुद भाजपा सरकार की एजेंसी नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरों के आंकड़े कहते हैं कि उत्तर प्रदेश में महिलाएं असुरक्षित हैं।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के गृह जनपद गोरखपुर में पुलिस किस तरह बेलगाम और बर्बर हो गई है इसका ताजा उदाहरण मुक्तेश्वर नाथ मंदिर के बाहर फूल बेच रही महिलाओं के साथ हुए दुर्व्यवहार से दिखता है। पिछड़ी जाति की महिलाएं मंदिर के बाहर फूल बेचकर गुजारा करती है। एक दरोगा ने दूकानदारों को खदेड़ने के साथ उनके फूल बिखेर दिये। एक महिला के विरोध करने पर उसे दरोगा ने थप्पड़ मारे और बुरी तरह से पीटा। दरोगा ने महिलाओं को भद्दी-भद्दी गालियां भी दीं। अखिलेश ने कहा कि एक और उदाहरण जौनपुर जनपद के बरसठी क्षेत्र का हैं। यहां पुलिस ने आरएसएस कार्यकर्ता की पत्नी की साड़ी खींची और नाबालिग बच्चियों के साथ बदतमीजी की। भाजपा का मातृ संगठन आरएसएस हैं जब भाजपा सरकार में उसके कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस का यह रवैया हो गया है, तब आम आदमी की सुरक्षा की कल्पना कैसे की जा सकती हैं। अखिलेश ने कहा कि फतेहपुर चौरासी में परीक्षा देने जा रही 10वीं की छात्रा को अगवा करने का प्रयास हुआ। शुक्लागंज जाजमऊ के दीपक नगर में मंगलवार को बर्थ.डे पार्टी में आई डांसर से गैंगरेप की घटना शर्मनाक हैं। उरई में दिन दहाड़े बैंक के ग्राहक सेवा केन्द्र में कार्यरत युवती के अपहरण का प्रयास हुआ।

अखिलेश ने कहा कि उक्त घटनाएं बताती हैं कि भाजपा सरकार में किस तरह अराजकता है। इस सरकार में कोई भी सुरक्षित नहीं है। सभी अन्याय और अत्याचार के शिकार हैं। भाजपा सरकार में महिला अस्मिता पर लगातार हो रहे हमलों पर शासन-प्रशासन मौन है। लोगों को अब हर क्षण अपनी सुरक्षा को लेकर डर सताने लगा है। भाजपा की डबल इंजन सरकार में जनता असहाय और असुरक्षित है। सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा सरकार की डबल इंजन सरकार का एक इंजन जरूर हटाने जा रही है तभी लोगों को राहत मिल सकेगी।

## सपा जातीय जनगणना के लिए ब्लाक स्तर पर चलाएगी अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी जातीय जनगणना की मांग पर बल देने के लिए अब ब्लाक स्तर तक अभियान चलाएगी। समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य डॉ. राजपाल कश्यप विभिन्न जनपदों में विधानसभा के ब्लाक स्तर पर संगोष्ठियां कर अन्य पिछड़ा वर्ग सहित सभी जातियों की जातिवार जनगणना की मांग पर लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे।

प्रत्येक जिलों में विधानसभा के ब्लाक स्तर पर संगोष्ठी का प्रथम चरण 24 फरवरी 2023 से प्रारम्भ होकर 5 मार्च 2023 तक चलेगा। इसमें 24 व 25 फरवरी को वाराणसी, 26 व 27 फरवरी को सोनभद्र, 28 फरवरी और 1 मार्च को मिर्जापुर, 2 व 3 मार्च को भदोही में संगोष्ठियां होंगी। 4 व 5 मार्च 2023 को प्रयागराज में इस कार्यक्रम का समापन होगा।

समाजवादी पार्टी जातीय जनगणना कराने जाने की मांग पुरजोर ढंग से उठाती रही है। समाजवादी पार्टी का मानना है कि जातिवार गणना कराये जाने से विभिन्न जातियों के संवैधानिक अधिकार सुरक्षित हो सकेंगे और सभी को उनकी संख्या के अनुसार हक और सम्मान मिल सकेगा।

# चालकों के सॉफ्ट स्किल के लिए परिवहन निगम काउंसलर की करेगा व्यवस्था

- मुख्य प्रधान प्रबंधक की अध्यक्षता में ग्रामीण अंचल में चालकों को प्रोत्साहन देने के लिए कमेटी गठित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**परिवहन** मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि चालकों को क्षेत्रीय स्तर पर काउंसलिंग की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि एक ही ड्राइवर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट कानपुर में कार्यरत है। क्षेत्रीय स्तर पर चालकों को सॉफ्ट स्किल एवं यात्रियों के प्रति मधुर व्यवहार करना तथा ड्राइविंग स्किल में सुधार करने के लिए प्रोफेशनल ट्रेनर रखने की योजना है तथा ड्राइवरों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण होगा।

परिवहन मंत्री ने बताया कि बसों में नई टेक्नोलॉजी आ रही है इसलिए उसके संबंध में ड्राइवरों को ट्रेनिंग दिए जाने की योजना है। उन्होंने बताया कि नई टेक्नोलॉजी के संबंध में उसके उपयोग तथा सावधानियों के बारे में ड्राइवरों को ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्होंने बताया कि ज्यादा संख्या में बसें खरीदी जा रही हैं इसलिए ज्यादा ड्राइवरों को ट्रेनिंग की आवश्यकता होगी। इसके साथ-साथ ग्रामीण अंचल में चालकों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है क्योंकि संविदा ड्राइवर का पारिश्रमिक



किलोमीटर के आधार पर होता है जो ग्रामीण क्षेत्रों में कम हो जाता है तो चालकों का भुगतान कम बनता है। दयाशंकर सिंह ने बताया कि चालकों को ग्रामीण क्षेत्रों में ड्राइविंग करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ग्रामीण अंचल में प्रोत्साहन योजना शुरू किये जाने एवं क्षेत्रीय स्तर पर काउंसलिंग व काउंसलर की व्यवस्था तथा उनके प्रोत्साहन योजना पर विचार करने के लिए मुख्य प्रधान प्रबंधक प्रशासन की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि इससे ग्रामीण अंचलों में ड्राइवरों में चाह बढ़ेगी और अधिक संख्या में परिवहन निगम को ग्रामीण अंचलों में भी ड्राइवर मिल सकेंगे जिससे लोगों को आवागमन में सुरक्षा के साथ सुविधाजनक यात्रा मुहैया होगी।

# तालिबान के नक्शे कदम पर चल रही है भाजपा: संजय सिंह

- कानपुर देहात घटना के विरोध में 'आप' आज सभी जिलों में करेगी बुलडोजर आहुति यज्ञ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कानपुर** देहात में मां-बेटी की जलकर मौत हो जाने से दुखी आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी व सांसद संजय सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कटघरे में खड़ा करते हुए महाशिवरात्रि पर्व पर गोमती नगर स्थित प्रदेश कार्यलय पर 'बुलडोजर आहुति यज्ञ' किया और सरकार को सद्बुद्धि देने के लिए प्रार्थना की।

इस मौके पर निकाय चुनाव प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह सूरज प्रधान, ब्रज कुमारी सिंह, सरबजीत सिंह मक्कड़, रोहित श्रीवास्तव, शेखर दीक्षित सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

यज्ञ के उपरांत आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान संजय सिंह ने कहा कि कानपुर देहात की घटना हिंदुस्तान की घटना है न कि तालिबान की। उन्होंने कहा कि भाजपा तालिबान के नक्शे कदम पर चल रही है। संजय सिंह ने बताया कि वह पीड़ित परिवार से मिलने उनके पास गए जहां मृतिका प्रमिला देवी के बेटे शिवम दिक्षित ने विस्तारपूर्वक घटना की जानकारी दी। शिवम दीक्षित के दिए गए बयान के अनुसार पहले शासन प्रशासन की मौजूदगी में बुलडोजर से उनका पक्का मकान गिरा दिया गया और दुखद है कि उनके मकान के पास ही भगवान शिव का मंदिर भी गिरा दिया गया फिर जब पीड़ित परिवार डीएम के पास पहुंचा और घटना की जानकारी दी तो वहां से भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। हर तरफ से निराशा हाथ लगने पर प्रमिला देवी के परिवार ने घटनास्थल के पास ही एक झोपड़ी बना ली जिसको रात में आग लगाकर जला दिया गया और इसी कृत्य में प्रमिला देवी और उनकी पुत्री की जलकर मौत हो गई। संजय सिंह ने कहा कि जब इस घटना ने तूल पकड़ा तो सरकार कह रही कि प्रशासन इसकी जांच करेगा लेकिन हम कहते हैं कि झोपड़ी में आग लगाने वाले प्रशासनिक लोग थे इसलिए कभी भी चोर चोर की जांच नहीं करता। हत्यारा हत्यारे की जांच नहीं करता। प्रशासन प्रशासन की जांच नहीं कर सकता। इसलिए आम आदमी पार्टी की मांग है कि उच्च न्यायालय की निगरानी में सीबीआई इस केस की जांच करें।

इसी के साथ संजय सिंह ने मांग कि है कि पीड़ित परिवार को पक्का मकान, एक करोड़ का मुआवजा और दोनों बेटों को सरकारी नौकरी दी जाए। संजय सिंह ने कहा कि यह बुलडोजर किसी का सगा नहीं है और ना ही किसी वर्ग विशेष या धर्म विशेष के लिए हमदर्दी रखता है।

# प्रदेश के एक-एक जिले तक पहुंचेगी निवेश की बहार

- उद्यमियों के लिए वेस्ट यूपी के जिले पहली पसंद के रूप में सामने आए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपीजीआईएस** के माध्यम से प्रदेश के सभी हिस्सों में निवेश के माध्यम से विकास की गंगा बहाने की योगी सरकार की योजना रंग लाती दिख रही है। प्रदेश का ऐसा कोई भी क्षेत्र, मंडल या जिला नहीं है जहां निवेश के लिए प्रस्ताव न प्राप्त हुए हैं। योगी सरकार के सबसे पसंदीदा सेक्टर की बात करें तो एमएसएमई के अंतर्गत प्रदेश के सभी 75 जिलों में निवेश के लिए एमओयू दर्ज किए गए हैं। जब यह एमओयू धरातल पर उतरेंगे तो इनके माध्यम से प्रत्येक जिले में युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।




एमएसएमई के तहत निवेश करने वाले उद्यमियों के लिए पश्चिम उत्तर प्रदेश के जिले पहली पसंद के रूप में सामने आए हैं। इनमें गौतमबुद्धनगर पहले पायदान पर रहा है। इस जिले में निवेश के लिए कुल 392 एमओयू किए गए जिसके माध्यम से 18693 करोड़ रुपए से उद्यम लगाए जाएंगे। इनमें इलेक्ट्रिानिक व्हीकल मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट से लेकर इंडस्ट्रियल पार्क, पैकेजिंग यूनिट, ऑटोमोबाइल पार्ट्स समेत कई इंडस्ट्रीज शामिल हैं। दूसरे पायदान पर आगरा है जहां के लिए 78 एमओयू हुए हैं और 13543 करोड़ रुपए का निवेश होगा। तीसरे पायदान पर गाजियाबाद है जहां 12887 करोड़ का निवेश होना संभावित है जिसके लिए एमएसएमई सेक्टर के तहत सबसे ज्यादा 2266 एमओयू साइन किए गए हैं। वहीं मेरठ के लिए 396 एमओयू के माध्यम से 10542 करोड़ का निवेश संभावित है। प्रदेश की सांस्कृतिक नगरी वाराणसी को भी एमएसएमई के अंतर्गत 212 एमओयू दर्ज किए गए हैं। इसके माध्यम से 5404 करोड़ रुपए का निवेश होगा। वहीं मुरादाबाद में 132 एमओयू के जरिए 5090 करोड़ रुपए निवेश किए जाएंगे। कानपुर नगर ;322 एमओयूद्ध में 4587 करोड़, लखनऊ 201 एमओयू में 4558 करोड़, अलीगढ़ 196 एमओयू में 4224 करोड़ और हापुड़ 208 एमओयू में 3926 करोड़ रुपए के निवेश होने हैं। इन टॉप 10 जिलों के माध्यम से ही प्रदेश में कुल 4403 एमओयू हुए हैं जिसमें 83454 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित है। यह निवेश कुल एमओयू के 60 प्रतिशत से भी ज्यादा है।

## धार्मिक महत्व वाले जिलों में भी पहुंचा निवेश

**प्रदेश** के धार्मिक महत्व वाले जिलों में भी निवेश के लिए एमओयू किए गए हैं। योगी सरकार द्वारा इन जिलों में सभी क्षेत्रों में विकास की जो बयार बहाई गई है उससे निवेशक काफी उत्साहित हैं। महादेव की नगरी वाराणसी में 5404 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है तो गोरखपुर में 79 एमओयू के माध्यम से 1764 करोड़ का निवेश होगा। भगवान कृष्ण की नगरी मथुरा में 78 एमओयू हुए हैं जिनके जरिए 1050 करोड़ रुपए निवेश की संभावना है। संगम नगरी प्रयागराज में 68 एमओयू के द्वारा 1020 करोड़, चित्रकूट में 126 एमओयू के माध्यम से 826 करोड़ और भगवान राम की नगरी अयोध्या में 70 एमओयू से 611 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावित हैं। कभी प्रदेश के पिछड़े इलाकों में पहचाना जाने वाला बुंदेलखंड भी योगी सरकार के प्रयासों से निवेश के लिए पसंदीदा गंतव्य बनकर सामने आया है। इसके अंतर्गत चित्रकूट में 126 एमओयू के माध्यम से 826 करोड़ रुपए का निवेश होना है तो महोबा के लिए 58 एमओयू किए गए हैं जिनमें 760 करोड़ रुपए का निवेश संभावित है। वहीं झांसी 45 एमओयू में 476 करोड़, बांदा में 52 एमओयू से 370 करोड़, हमीरपुर 30 एमओयू में 318 करोड़, ललितपुर 28 एमओयू में 292 करोड़ और जालौन 16 एमओयू में 188 करोड़ रुपए का निवेश हो सकता है। कुल मिलाकर बुंदेलखंड के इन जिलों में 3230 करोड़ रुपए के निवेश के लिए 355 एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

# जातियों की विसंगतियां दूर होने के बाद हो जातिगत जनगणना

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**शनिवार** को राष्ट्रीय अध्यक्ष, निषाद पार्टी एवं कैबिनेट मंत्री उप्र सरकार डॉ संजय कुमार निषाद जनपद खीरी के एक दिवसीय दौरे के दौरान निघासन कामता नगर के कर्बला मैदान में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राजधानी लखनऊ में हुये यूपीजीआईएस 23 का आयोजन अति सफल रहा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों से तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह समेत कई केंद्रीय मंत्रियों का बहुमूल्य मार्गदर्शन और सहयोग प्राप्त हुआ। निषाद ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के सफल आयोजन के लिए, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री सहित केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व, निवेशकों, उद्यमियों व व्यापारियों तथा सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया है। निषाद ने कहा कि समिट के सफल आयोजन से दुनिया भर के दिग्गज निवेशक नये उत्तरप्रदेश में निवेश करने को आतुर हैं। कहा कि उन्हें विश्वास है कि इससे अपना प्रदेश तरक्की के पथ पर और तेज गति से आगे बढ़ेगा और लाखों युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेंगे। उन्होंने बिहार राज्य में राज्य सरकार द्वारा करवाई जा रही जातिगत जनगणना का समर्थन करते हुए कहा कि निषाद पार्टी शुरू से ही जातिगत जनगणना के पक्षधर में रही है बस जातियों की विसंगतियों को दूर करने के बाद ही जातिगत जनगणना होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले यह तय हो जाना चाहिए कि राष्ट्रपति द्वारा जारी सेंसस मैनुअल 1961 के आधार पर मझुआ/मझवार समाज अनुसूचित का हकदार है किंतु पूर्व की सपा/ बसपा/ कांग्रेस की सरकार द्वारा मझुआ समाज को केवल वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया गया है, और पूर्व की सरकारों ने अपने केवल एक वर्ग विशेष का ध्यान और उत्थान करने लिए मझवार आरक्षण के नाम पर मछुआ समाज को फुटबॉल की तरह समझा व बरगलाया। आज बिहार सरकार भी यही कर रही है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार को यह स्पष्ट कर देना चाहिए कि बिहार के निषादध्मछुआ समाज को अनुसूचित में गिनने का कार्य करेंगे या फिर पिछड़े वर्ग में क्योंकि जातिगत जनगणना तभी सफल होगी तब सर्वोधित सभी जातियों को सेन्सस मेनुअल 1961 के आधार पर गिना जाए। निषाद ने इन्वेस्टर समिट में प्रधानमंत्री द्वारा मत्स्य विभाग में अपार संभावनाओं को लेकर किये प्रोत्साहन पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मत्स्य विभाग प्रधानमंत्री की मंशानुसार कार्य करने का काम कर रहा है।

## नगर आयुक्त ने धार्मिक स्थानों पर सफाई के निर्देश दिए

**लखीमपुर** खीरी। महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने नगर क्षेत्र में स्थित धार्मिक स्थलों विश्वनाथमंदिर, बाबा वनखण्डी नाथ मंदिर, भारद्वाजी स्थित दुर्गा माता मंदिर, चौक स्थित फूलमती मंदिर, सराय काइयां स्थित कमलेश्वर मंदिर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय साफ-सफाई की स्थिति को देखा गया और धार्मिक स्थलों व आसपास सफाई व्यवस्था को दुरस्त रखने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सराय काइयां में स्थित मंदिर का निरीक्षण के समय पास में ही बनी पुलिया को भी देखा गया। जन-सामान्य की सुविधा के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय द्वारा पुलिया के किनारे दीवार बनाये जाने अधिशासी अभियंता निर्माण को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के साथ निरिक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त एस के सिंह, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# होली पर यात्रियों की भारी भीड़ को लेकर रोडवेज ने की तैयारी

- प्रमुख मार्गों पर बसों के बढ़ेंगे फेरे
- जरूरत पड़ीं तो अनुबंधित बसें भी करेंगी लंबी दूरी का सफर

संवाददाता। सीतापुर

**इस** बार 8 मार्च को पड़ रहे होली के त्योहार में गैर प्रांतों से लोगों को लाने ले जाने के लिए उत्तर प्रदेश का परिवहन निगम अभी से अलर्ट हो गया है। यात्रियों की भारी संख्या का दबाव देखते हुए बसों पर अधिक दौड़ने का बोझ पड़ना स्वाभाविक है। इसे देखते हुए वर्कशॉप में बसों की मरम्मत का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। वहीं कुछ ऐसी बसें जो बीमार हालत में यानी जर्जर हैं, उन्हें भी खिड़कियों में शीशे व लाइटें आदि लगाकर दुरुस्त किया जा रहा है। यूपी रोडवेज के सीतापुर डिपो पर चल रही, तैयारियों के मुताबिक इस बार जरूरत पड़ने पर निगम बसों के साथ अनुबंधित बसों को भी यात्रियों की सहूलियत के लिए, जुटाया जाएगा। सीतापुर डिपो में अभी 96 सरकारी बसें, और 68 अनुबंधित बसें है। त्योहार पर यात्रियों को उनके कार्यस्थलों से लाने और घरों तक पहुंचाने के लिए डिपो को तैयार किया जा रहा है। संचालन चाक चौबंद बनाए रखने के लिए नए सिरे से कंट्रोल रूम बनाकर कर्मचारियों की तैनाती की जा रही है। जिसके चार दिन पूर्व व पांच दिन बाद तक होली स्पेशल बसों को चलाया जाएगा। तीन हजार बसों के अतिरिक्त फेरे लगाने वाले बस ड्राइवर और कंडक्टरों को प्रोत्साहन भत्ता भी मिलेगा। कुछ क्षेत्रीय रूट को छोड़ जितने भी लंबी दूरी के रूट हैं, उन सब पर बसों के अतिरिक्त फेरों की व्यवस्था की गई है। दिल्ली, मथुरा, लखनऊ, बहराइच, गोरखपुर, आगरा यह वह प्रमुख रूट हैं, जिनपर बसों के अतिरिक्त फेरों की व्यवस्था की गई है। होली आठ मार्च को है, जिसके चार दिन पूर्व व पांच दिन बाद तक होली स्पेशल बसों को चलाया जाएगा। परिवहन निगम ने इस दौरान सराहनीय कार्य करने वाले चालकों, परिचालकों को भी पुरस्कृत करने का निर्णय लिया है। इस बारे में सीतापुर डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश कुमार ने आई इंडिया को फोन पर बताया कि होली के पर्व पर भीड़ होने के बावजूद यात्रियों को उनके गंतव्यों तक पहुंचने में कोई दिक्कत न हों, इसे लेकर समुचित प्रबंध किए जा रहे हैं।

# भोले के दरबार में उमड़े शिवभक्त

- शिवभक्तों ने कतारबद्ध होकर पूजा अर्चना की
- शिव भगवान का किया जलाभिषेक

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी



**महाशिवरात्रि** पर्व पर शिवमन्दिर गोला में सुबह से शाम तक उमड़ता रहा सैलाब। शिवभक्तों ने कतारबद्ध होकर पूजा अर्चना कर शिवजी का किया जलाभिषेक व बेलपत्र पुष्पएफ्लए भांगए धतूराए मिष्ठानए और बेर आदि को अर्पित किया। गोला के भोला के दरबार में सुबह से शाम तक शिवभक्तों का सैलाब उमड़ता रहा है जगह जगह पर शिव महिमा का होता रहा है गुणगान। सांयकाल शिवबारात का आयोजन हुआ जो कि नगर के मुख्य मार्गों पर शिवजी की आरती व पुष्प वर्षा व प्रसाद का वितरण हुआ। बताते चलें कि नगर में महाशिवरात्रि पर गोला के भोला के जयकारों व घंटा घड़ियालों की गूंज से गोला शिवमय हो गया इस बीच शिव मंदिर को आधुनिक व फूलों से सजाया गया था जिसकी चकाचौंध गजब की थी। पहली बार पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद थीए शिवभक्तों की सहायता में पुलिस प्रशासन मुस्तैद दिखाई पड़ा। गोला के आसपास के शिवालयों में भारी भीड़ भाड़ दिखाई पड़ीए नगर के अलावा क्लेश हरण व त्रिलोकी नाथए टेढ़े नाथ मंदिर में पूजा अर्चना करने वाले शिवभक्तों की भीड़ पूरे दिन उमड़ती रही।

# एसआरएमएस मेडिकल कालेज में रिसर्च प्रोटोकॉल राइटिंग पर दो दिवसीय वर्कशाप

संवाददाता। बरेली

**एसआरएमएस** मेडिकल कालेज में रिसर्च प्रोटोकॉल राइटिंग पर दो दिवसीय वर्कशाप आयोजित हुई। इसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मेडिकल के पीजी विद्यार्थियों को रिसर्च को गाइड लाइन के साथ इसे लिखने की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में शोध को बढ़ाने से इसका लाभ मरीजों के साथ डाक्टरों को भी मिल सकता है। ऐसे में गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए रिसर्च करना और उसे लिखना बेहद जरूरी है। रिसर्च प्रोटोकाल राइटिंग वर्कशाप में कई अन्य विषयों की भी जानकारी दी गई। एसआरएमएस मेडिकल कालेज और इंस्टीट्यूट आफ एप्लाइड स्टैटिस्टिक्स की ओर से दो दिवसीय रिसर्च प्रोटोकॉल राइटिंग वर्कशाप का आयोजन फिजियोलॉजी विभाग ने किया। शुक्रवार सुबह मेडिकल कालेज के कार्यवाहक प्राचार्य एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा महेंद्र सिंह बुटोला, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा.आरपी सिंह, कार्यक्रम के आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डा.क्रांति कुमार, इंस्टीट्यूट आफ एप्लाइड स्टैटिस्टिक्स कानपुर के एडिशनल डायरेक्टर व डा पदम सिंह रिसर्च एंड डेवलपमेंट स्कीम के नेशनल कोऑर्डिनेटर डा शुभम पांडेय, एम्स ऋषिकेश के कम्युनिटी एंड फैमिली मेडिसिन विभाग के डा संतोष कुमार, रामा इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज कानपुर के माइक्रोबायोलॉजी विभाग की डा.निधि पांडेय ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर वर्कशाप का आरंभ किया। उद्घाटन सत्र में एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा.महेंद्र सिंह बुटोला ने वर्कशाप में सभी का स्वागत किया और मेडिकल रिसर्च के लिए वर्कशाप की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि डा पदम सिंह रिसर्च एंड डेवलपमेंट स्कीम के अंतर्गत मेडिकल क्षेत्र में शोध को बढ़ावा दिया जा रहा है। रिसर्च में प्रोटोकॉल की जानकारी के साथ बेसिक और एडवांस तकनीक की जानकारी के लिए ऐसी वर्कशॉप से विद्यार्थियों को काफी फायदा होता है। डा शुभम पांडेय ने कहा कि डा पदम सिंह की ओर से मेडिकल फील्ड में रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए देश की सबसे बड़ी स्कीम संचालित की गई है।



## क्विक न्यूज

### मिश्रिख में आग लगने से 30 बीघा फसल जलकर खाक

**सीतापुर।** वीओ-उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में आग की लपटों की चपेट में आकर कई किसानों की गन्ने की फसल जल गई। आग की सूचना से गांव में हाहाकार मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निकांड में डेढ़ लाख से अधिक का नुकसान होना बताया जा रहा है। पूरा मामला सीतापुर के मिश्रिख इलाके के मढ़िया इस्लामनगर गांव का है। बताया जाता है कि यहां गांव के बाहर हाईटेंशन लाइन गुजरी है। शुक्रवार को बिजली के तारों के आपस में टकराने से स्पार्किंग हो गई, इससे चिंगारी गन्ने के खेत में पहुंच गई। कुछ ही देर में चिंगारी शोला बन गई। आग की तेज लपटों ने आसपास के सात किसानों की गन्ने की फसलों को अपनी आगोश में ले लिया। सूचना मिलते ही किसान और गांव के लोग मौके पर पहुंचे। दमकल की टीम भी मौके पर आ गई। फायर ब्रिगेड ने लोगों की मदद से काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन इस अग्निकांड में मढ़िया इस्लामनगर निवासी रामपाल उर्फचनपाल, रामसिंह, रामसरे, सरजू, बलिराम, रमाकांत शुक्ल, अमित राठौर की गन्ने की फसल जली है। किसानों की मानें तो इस अग्निकांड में डेढ़ लाख से अधिक का नुकसान हुआ है।

### महाशिवरात्रि के दिन धूमधाम से निकली शिव बारात

**शाहजहांपुर।** शहर के मोहल्ला सराय काइयां स्थित ओम कालेश्वर नाथ मंदिर से निकलने वाली शिव बारात बड़े धूमधाम से निकाली गई। जिसमें देवस्वरूप झाँकी काफी आकर्षण का केंद्र रही। शिव बारात सराय काइयां से प्रारंभ हुई जो घंटाघर होकर दलेलगंज पुतुलाल चौराहा होते हैजा के भोलेश्वर नाथ धाम जाकर सम्पन्न हुई। इस शिव बारात में भगवान भोलेनाथ दूल्हा बनकर नंदी पर बैठकर निकलते हैं। भगवान शिव की इस बारात में हजारों शिवभक्त बैंड बाजे व डीजे पर थिरकते हुए अपने भोले बाबा की बारात में शामिल होते हैं। इस दौरान हजारों महिलाएं भी मौजूद रहती है। शिव बारात का जगह जगह पर स्वागत किया जाता है जहां फल मिष्ठान का वितरण किया जाता है। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस का पहरा रहता है। शिव बारात में रामसनेही राठौर अरविंद दीक्षित उर्फपुत्तू संजीव गुप्ता पंकज गुप्ता लल्ला राठौर स्वदेश राठौर रूपम मौर्या मनीष दीक्षित अनिल शुक्ला आदि का सहयोग रहा।

### सांप काटने से किसान की जान गई

**बरेली।** खेत में काम करने के दौरान एक किसान को जहरीले सांप ने काट लिया उसकी अस्पताल में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हाफिजगंज थाना क्षेत्र के गांव सावरखेड़ा निवासी कल्याण दास पुत्र नन्नू लाल की बीती रात एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि कल्याण दास कल सुबह रोजाना की तरह अपने खेत पर गए थे जहां पर काम के दौरान एक जहरीले सांप ने उन्हें काट लिया जिससे उनकी हालत बिगड़ने लगी वह तुरंत घर वापस लौटे और घटना की जानकारी अपने घर वालों को दी जो उन्हें तुरंत एक स्थानीय अस्पताल ले गए और फिर इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां देर रात उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक की पत्नी का नाम रामवती है वह दो बेटों का पिता था।

### डीसीएम से टकराई पिकअप, क्लीनर की मौत

**सीतापुर।** सीतापुर जिले में शनिवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में पिकअप के क्लीनर की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया है। पूरे मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के बाद काफी देर तक मौके पर हड़कंप मचा रहा। पूरा मामला सीतापुर के सिधौली इलाके का बताया जा रहा है। हादसा शनिवार सुबह 5 बजे के करीब हुआ है। बताया जाता है कि एक तेज रफ्तार पिकअप महमूदाबाद चौराहे के पास हाईवे के किनारे खड़ी डीसीएम में टकरा गई। हादसे में लखीमपुर के थाना मितौली इलाके के निवासी 35 वर्षीय अनुज की मौत हो गई है। सिधौली अस्पताल ले जाते समय युवक ने दम तोड़ दिया है। इस हादसे में पिकअप के चालक घायल हो गया है। उसे अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। फिलहाल सिधौली पुलिस ने मामले में दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बम बम भोले के जयकारों से गूंजा ओयल

**ओयल-खीरी।** महा शिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर नगर के नर्मदेश्वर महादेव मेंढक मंदिर ओयल में दर्शनार्थियों का प्रातः काल से तांता लगा रहा। मंदिर के कपाट ब्रह्म मुहूर्त में प्रातः खोले गए। मंदिर के मुख्य पुजारी शांति तिवारी ने पहले राजपरिवार के साथ नर्मदेश्वर महादेव का विधि विधान पूर्वक रुद्राभिषेक कराया। इसके पश्चात सुबह करीब 7बजे मंदिर के कपाट आमजनों के लिए खोल दिए गए।

# सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष का वैश्य फैडरेशन ने किया भव्य स्वागत

संवाददाता। शाहजहांपुर

**ऑल** इंडिया वैश्य फेडरेशन की एक बैठक शहर के सत्यम होटल में हुई जिसमें संगठन का विस्तार किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए बरेली मण्डल की अध्यक्ष नीतू गुप्ता ने कहा कि संगठन का उद्देश्य विभिन्न उपवर्गों में बंटे हुए वैश्य समाज को एकजुट करना है। संगठन के जिलाध्यक्ष विशम्भर दयाल गुप्ता ने जिला इकाई का विस्तार करते हुए श्री गोपाल गोशाला व रोजा आढ़ती व्यापार मंडल के महामंत्री अजय गुप्ता को जिला महामंत्री,



अक्षत गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष,आनन्द गुप्ता को मीडिया प्रभारी बृजेश वैश्य को जिला इकाई का संरक्षक महिला जिला इकाई का जिलाध्यक्ष ज्योति गुप्ता, जिला महामंत्री नलिनी ओमर को मनोनीत किया। महानगर अध्यक्ष अनिल गुप्ता प्रधान ने रजनी गुप्ता को महानगर अध्यक्ष,सुधा ओमर को महामंत्री नेहा गुप्ता को उपाध्यक्ष,आरती गुप्ता को कोषाध्यक्ष अंशिका गुप्ता को युवा जिलाध्यक्ष,श्रेया ओमर को युवा महामंत्री,श्रुति गुप्ता को उपाध्यक्ष,अन्नपूर्णा गुप्ता को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया। इस अवसर पर संगठन की बरेली मण्डल अध्यक्ष नीतू गुप्ता ने प्रिंस गुप्ता को तिलहर इकाई का अध्यक्ष व कीर्ति गुप्ता को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया। इस अवसर पर समाज के संरक्षक बृजेश वैश्य को सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बनाये जाने पर सभी ने हर्ष व्यक्त करते हुए बृजेश वैश्य जी का भव्य स्वागत किया । इस अवसर पर कुलदीप गुप्ता प्रियंक गुप्ता शशांक गुप्ता प्रिया गुप्ता शिवि गुप्ता श्रुति गुप्ता अपूर्व अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## बदमाशों ने युवक पर हमलाकर किया ढाई लाख रुपये लूटने का घायल का आरोप

**शाहजहांपुरनिगोही।** गांव से बहन के घर जा रहे बाइक सवार को दो बदमाशों ने धारदार हथियार व लाठियों से हमला कर लहूलुहान कर दिया। घायल का आरोप है कि हमलावरों ने उससे ढाई लाख रुपये की नगदी लूट ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उसे घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। निगोही थाना क्षेत्र के गांव हथिया तिवारी निवासी सोनू मिश्रा शनिवार सुबह सात बजे बाइक से खुदागंज के मुहल्ला पक्का निवासी बहन प्रभा पांडेय के घर जा रहे थे वह जैसे ही विठौली गांव के रेलवे अंडरपास के पास पहुंचे। पहले से घात लगाकर बैठे बाइक सवार दो बदमाशों ने चलती बाइक पर धारदार हथियार व लाठियों से उसके ऊपर हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन में गिर गये। वह कुछ समझ पाता उससे पहले एक बदमाश ने उसके सिर पर तमंचा रख दिया और बहन को देने के लिए रखे ढाई लाख रुपये लूट लिए। दोनों बदमाश जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए है। बाद में उन्हें राहगीरों की मदद से निगोही थाने पहुंचाया पुलिस ने उपचार के लिए निगोही सीएचसी ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं दिन-दहाड़े हुई लूट की घटना से क्षेत्र के लोगों में दहशत है, तो वहीं पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# अंतर विभागीय पूर्वोत्तर रेलवे खेलकूद प्रतियोगिता-2023 का हुआ आगाज

संवाददाता। बरेली

**कल** रेलवे स्टेडियम रोड नम्बर 4 इज्जतनगर पर अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता 2023 मे क्रिकेट प्रतियोगिता में दो मैच खेले गये। पहला मैच आर पी एफ व स्टोर डिपो के मध्य खेला गया जिसमें आर पी एफ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 220 रनों का लक्ष्य रखा जिसमें गोपाल ने 60 ,नीरज ने 42 व संदीप ने 34 रनों का योगदान दिया स्टोर की तरफ से कृष्णा यादव व अमर सिंह ने 2-2 विकेट लिए,लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्टोर की टीम 18.3 मे मात्र 112 रनों पर आल आउट हो गयी राम भरोसे ने 24 रन बनाये।आर पी एफकी तरफसे नरेन्द्र व नीरज ने 2-2 विकेट लिए इस तरह आर पी एफ ने यह मैच 107 रनों से जीत लिया प्रतियोगिता का दूसरा मैच लेखा विभाग व इंजीनियरिंग विभाग के मध्य खेला गया जिसमें लेखा विभाग ने पहले खेलते हुए सचिन खत्री के 48 रनों की मदद से 126 रनों का लक्ष्य रखा इंजीनियरिंग की ओर से राजपाल ने 3 एवं शाहिद व कौशिक ने 2-2 विकेट लिये लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंजीनियरिंग की टीम ने 126 रनों का लक्ष्य 17.4 ओवरों में प्राप्त कर जीत दर्ज की जिसमें सूरज ने 42 व लोकेश ने 27 रनों का योगदान दिया। लेखा विभाग की ओर ने अमरपाल ने 3 विकेट लिये इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारम्भ मंडल रेल प्रबंधक महोदया रेखा यादव द्वारा सभी विभागों की टीमों व कोचों से परिचय प्राप्त कर किया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक इंफ्रा विवेक गुप्ता,अपर मंडल रेल प्रबंधक राजीव अग्रवाल,मंडल क्रीड़ा अधिकारी सनत जैन,नीतू सिंह,लक्ष्मी गुंजियाल, रोहित गुप्ता,अरुण कुमार,डॉ हरीश, ऋषि पाण्डेय,विनीत कुमार,निकुंज सक्सेना, राजकुमार,महेश गुप्ता,शैलेश सिंह, शुभम कुमार, सहायक क्रीड़ा अधिकारी शिखर दयाल,माजिद हसन खान,पुष्पेंद्र सिंह, आकाश कुमार, अजय कश्यप, पंकज, बलवंत, अर्जुन, बृजेश सागर,योगेश राठी,नितिन कुमार एवं आरिफहुसैन आदि मौजूद रहे।



# पेज एक का शेष

## अरबपति सोरोस...

करता है लेकिन इसके साथ संगठनों के विमर्श गढ़ने, धन की आवाजाही और अपने एजेंडे को बढ़ाने का मार्ग भी प्रशस्त होता है। विदेश मंत्री ने कहा, यह सब पारदर्शी खुले समाज की वकालत के नाम पर किया जाता है। गौरतलब है कि अडाणी समूह 24 जनवरी को अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा उस पर लेखा धोखाधड़ी और स्टॉक हेरफेर का आरोप लगाए जाने के बाद से गंभीर दबाव में है। इन आरोपों को समूह ने दुर्भावनापूर्ण, आधारहीन और भारत पर सोचा-समझा हमला कहकर खारिज कर दिया है।

## भारतीयों को...

कट्टरपंथी गतिविधियों के खिलाफ सतर्कता की जरूरत पर जोर दिया। देश के तीन हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ की हालिया घटनाओं के संदर्भ में उनका यह बयान आया।

## धनुष-बाण...

में, उद्धव ने पार्टी के नेताओं की एक बैठक की अध्यक्षता की। विधान परिषद सदस्य सचिन अहीर ने संवाददाताओं को बताया कि उद्धव ने उनसे हर जिले का दौरा करने और कार्यकर्ताओं में जोश भरने को कहा है। इस बीच, पुणे में उद्धव और शिंदे नीत खेमों के कार्यकर्ताओं ने शहर के नवी पेठ इलाके में एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की। एक मराठी समाचार चैनल द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में दोनों खेमों के कार्यकर्ता पहुंचे थे। पुलिस के मौके पर पहुंचने और स्थिति को नियंत्रित करने तक तनाव बना रहा।

## पूरे देश...

पिछले साल जुलाई में किया गया था। इस समिति ने अपनी अनुशंसाओं में कहा है कि न्यायाधिकरणों में उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता के साथ-साथ केंद्र और राज्यों से दो न्यायिक सदस्य और एक तकनीकी विभाग का सदस्य होना चाहिए। जीएसटी परिषद की 49वीं बैठक खत्म होने के बाद सीतारमण ने संवाददाताओं से कहा कि जीएसटीएटी को स्थापित करने पर जीओएम की रिपोर्ट भाषा में कुछ बदलाव के साथ स्वीकार कर ली गई। इसे रविवार को राज्यों के साथ साझा किया जाएगा और उसके बाद न्यायाधिकरण को स्थापित करने को लेकर एक अंतिम मसौदा तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जून के 16,982 करोड़ रुपए समेत जीएसटी क्षतिपूर्ति के सारे बकाया का जल्द भुगतान कर दिया जाएगा। केंद्र ने यह राशि अपने संसाधनों से जारी करने का निर्णय लिया है और इसे भविष्य के मुआवजा उपकर संग्रह से वसूल किया जाएगा।

## दिल्ली मेयर...

के छह सदस्यों का चुनाव किया जाए। मालूम हो कि दिल्ली नगर निगम के चुनाव बीते साल चार दिसंबर को हो गए थे और सात दिसंबर को मतगणना हुई थी। निगम के 250 वार्डों में से आम आदमी पार्टी को 134 वार्डों में जीत के साथ स्पष्ट बहुमत मिला था। भाजपा को 104 वार्डों में जीत मिली थी। कांग्रेस को केवल नौ सीटों से ही संतोष करना पड़ा था। दिल्ली नगर निगम अधिनियम 1957 के मुताबिक, महापौर और उप महापौर का चुनाव एमसीडी चुनाव के बाद सदन की पहली बैठक में किया जाना चाहिए। चुनाव परिणाम आने के करीब महीने भर बाद छह जनवरी को महापौर चुनाव के लिए सदन की बैठक बुलाई गई थी, लेकिन इस दिन मनोनीत पार्षदों को पहले शपथ दिलाने के पीठासीन अधिकारी के फैसले का आम आदमी पार्टी ने विरोध किया। इसे लेकर सदन में हंगामा हो गया और पीठासीन अधिकारी ने सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। इसके बाद 24 जनवरी को बैठक भी हंगामे की भेंट चढ़ गई, लेकिन इस दिन मनोनीत पार्षदों की शपथ हो गई थी। महापौर चुनाव की तीसरी कोशिश के तहत छह फरवरी को निगम सदन की बैठक बुलाई गई। इस दिन पीठासीन अधिकारी सत्या शर्मा ने मेयर, डिप्टी मेयर और स्टैंडिंग कमेटी के छह सदस्यों के चुनाव एक साथ कराने का जैसे ही ऐलान किया और कहा कि मनोनीत पार्षद मेयर चुनाव में हिस्सा लेंगे, तो आप सदस्यों ने फिर कड़ा विरोध किया और पार्टी इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट चली गई।

## कूनो पहुंचे...

तक अलग अलग बाड़ों में रखा गया था। विशेषज्ञों ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के एक प्रतिनिधिमंडल ने पिछले साल सितंबर की शुरुआत में केएनपी का दौरा किया था ताकि जमीन पर दुनिया के सबसे तेज दौड़ने वाले जानवरों के आवास के लिए वन्यजीव अभयारण्य में व्यवस्था का जायजा लिया जा सके। इन चीतों के स्थानांतरण के लिए पिछले महीने भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच एक करार हुआ था। दक्षिण अफ्रीका ने भारत को ए चीते दान किए हैं। भारत को प्रत्येक चीता को स्थानांतरित करने से पहले इन्हें वहां पकड़ने के लिए 3,000 डॉलर का भुगतान करना पड़ता है। भारत ने पिछले साल अगस्त में इन दक्षिण अफ्रीकी चीतों को विमान से देश लाने की योजना बनाई थी, लेकिन दोनों देशों के बीच औपचारिक समझौते पर हस्ताक्षर करने में देरी के कारण ऐसा नहीं हो सका। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर को अपने 72वें जन्मदिन पर अफ्रीकी देश नामीबिया से लाए गए आठ चीतों को केएनपी में छोड़ा था। हालांकि, उस समय दक्षिण अफ्रीकी सरकार से अनुमोदन के अभाव में इन 12 चीतों को केएनपी नहीं लाया जा सका था। चीतों का नया घर कूनो राष्ट्रीय उद्यान विंध्याचल पर्वत के उत्तरी किनारे पर स्थित है और 700 वर्ग किलोमीटर से अधिक में फैला हुआ है।

## साहिल की...

दी और शव को साजिश के तहत ढाबे के फ्रीजर में छुपा दिया। इस बारे में अन्य आरोपियों यानी अपने पिता, चचेरे भाइयों और दोस्तों को बताया। शव को छुपाने के बाद सभी आरोपी शादी के समारोह में व्यस्त हो गए। पुलिस ने एफआईआर में आपराधिक साजिश रचने, सबूत मिटाने जैसी कई और धाराएं जोड़ी हैं। हत्याकांड का खुलासा 14 फरवरी को उस समय हुआ जब कड़ी पूछताछ के बाद साहिल पुलिस को अपने ढाबे पर लेकर पहुंचा और फ्रीजर खोला, जिसमें निक्की का शव छुपाकर रखा गया था। मेट्रोपॉलिटन कोर्ट ने शनिवार को साहिल के पिता, दोनों चचेरे भाइयों और दो दोस्तों को तीन दिन की रिमांड पर भेज दिया है। इससे पहले क्राइम ब्रांच ने खुलासा किया कि साहिल ने निक्की के फोन से सारा डेटा डिलिट कर दिया था।

# हर तरफ शिव शम्भू का उद्घोष

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी



**मोहम्मदी** क्षेत्र के तमाम मंदिरों और शिवालयों में महाशिवरात्रि को लेकर पूरे दिन शिव शम्भू के उद्घोषों गूँजता रहा। कोतवाली क्षेत्र के अमीन नगर चौकी के अंतर्गत आने वाले बाबा टेढ़े नाथ धाम व रामपुर चौकी के अंतर्गत आने वाले बाबा जंगली नाथ धाम व पालन नाथ धाम पर जल्द सुबह से ही भक्तों का आवागमन शुरू हो गया था जो देर शाम तक चलता रहा। बताते चले बाबा टेढ़े नाथ, जंगली नाथ, पालन नाथ की मान्यता महाभारत कालीन होने से अधिक है ज्ञात हो महाशिवरात्रि के दिन ही भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इस दिन व्रत रखकर शिव-पार्वती की पूजा करने का विधान है। खास बात ये है कि इस बार 700 साल बाद ऐसा मौका आया है जब महाशिवरात्रि पर पंच महायोग बन रहा है जिसके चलते शिवभक्तों में इस बार महा शिवरात्रि को लेकर खास उत्साह पूरे देश में दिखाई पड़ रहा है। वही यदि बाबा टेढ़े नाथ धाम की बात करें तो सुबह चार बजे से ही शिव भक्तों का आवागमन शुरू हो गया था, जो देर शाम तक विधिवत ढंग से चलता रहा। शिव भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था को पुलिस उपाधीक्षक अरविंद वर्मा व कोतवाली प्रभारी अम्बर सिंह समेत भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा।

# सृष्टि के प्रथम शिवलिंग के जलाभिषेक को उमड़ा सैलाब

● भगवान ब्रम्हा के 108 कुंडीय यज्ञ से प्रकट हुआ था शिवलिंग





रतन पटेल। चित्रकूट

**विश्व** प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ चित्रकूट में मन्दाकिनी नदी के रामघाट तट पर भगवान ब्रम्हा द्वारा स्थापित सृष्टि के प्रथम शिवलिंग स्वामी मत्यगेंद्रनाथ के जलाभिषेक और पूजन के लिए शिवरात्रि पर देश भर से लाखों शिव भक्तो का जमावड़ा लगा हुआ है। पतित पावनि माँ मन्दाकिनी में आस्था की डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालु फूल और बेलपत्र आदि से राजाधिराज का अभिषेक कर रहे है। श्रद्धालुओ के उमड़े सैलाब को देख प्रशाशन ने मेला परिक्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए है। आदि तीर्थ के रूप में समूचे विश्व में विख्यात भगवान श्री राम की तपोभूमि चित्रकूट में मन्दाकिनी नदी के रामघाट तट स्थित स्वामी मत्यगेंद्रनाथ (भगवान शिव) मन्दिर का गौरवशाली इतिहास है। मंदिर के पुजारी विपिन महाराज राजाधिराज भगवन शिव के प्राचीन मंदिर की महिमा का बखान करते हुए कहते हैं कि मान्यता है कि इस मंदिर में विराजमान चार शिवलिंग में से एक शिवलिंग भगवान ब्रम्हा द्वारा सृष्टि रचना से पूर्व किया गया है। इसके अलावा एक को स्थापित भगवान श्री राम ने वनवास काल के दौरान किया था। बताया कि भगवान ब्रम्हा जी ने सृष्टि की रचना के लिए रामघाट स्थित यज्ञवेदी अखाड़ा में यज्ञ किया था। 108 कुंडीय यज्ञ से मदमस्त हाथी की तरह झूमता हुआ एक शिवलिंग प्रकट हुआ था, जिसकी स्थापना भगवान ब्रम्हा ने मत्यगेद्रनाथ के रूप में रामघाट में की थी और उनको चित्रकूट का क्षेत्रपाल नियुक्त किया था। इसीलिए जब भगवान श्री राम यहां पर वनवास काटने आए तो उन्होंने चित्रकूट निवास के लिए स्वामी मत्यगेंद्रनाथ से आज्ञा ली थी। इसके बाद श्रीराम ने खुद उस शिवलिंग के बगल में एक शिवलिंग की स्थापना की थी। ऐसी मान्यता है कि चित्रकूट आने पर यदि किसी ने मत्यगेंद्रनाथ के दर्शन नहीं किए तो उसको कामतानाथ के दर्शन और कामदगिरि की परिक्रमा का पूर्ण लाभ नहीं मिलता है। प्राचीन शिव लिंग के पूजन और जलाभिषेक के लिए प्रतिवर्ष लाखो की संख्या में देश भर से श्रद्धालु चित्रकूट आते है। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर रामघाट स्थित राजाधिराज मत्यगेंद्रनाथ स्वामी मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों की धूम है। देर शाम को भोलेनाथ की भव्य बारात निकलेगी, चार प्रहर की महाआरती के साथ साथ रातभर पूजन अनुष्ठान का दौर चलेगा। उन्होंने बताया कि जो मनुष्य प्रातः काल मंदाकिनी में स्नान कर मत्यग्येंद्रनाथ का पूजन करता है, उसके सभी मनोरथ पूरे होते हैं। शिवरात्रि पर तो जलाभिषेक और दर्शन-पूजन के लिए देश भर से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लाखों में पहुंच जाती है।

## क्विक न्यूज़

### ट्रेन से कटकर महिला की मौत

**फतेहपुर।** खागा रेलवे स्टेशन के समीप शनिवार की सुबह रेलवे लाइन पार करते समय 52 वर्षीय एक महिला ट्रेन की चपेट में आ गई। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के चौड़गरा गांव निवासी राम किशोर की पत्नी विजमा सिंह आज सुबह महाशिवरात्रि पर्व पर दर्शन के लिए मंदिर जा रही थी। बताते है कि इसी दौरान रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गई। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुँची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाद मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया।

### नौ पर शांतिभंग की कार्रवाई

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक लोगों के विरूद्ध 151 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार मलवां थानाध्यक्ष ने एक, किशनपुर दो, खखरेरू एक, सुल्तानपुर घोष एक, थरियांव दो तथा असोथर थानाध्यक्ष ने दो लोगों पर शांति भंग के तहत कार्रवाई है।

### गांजे के साथ युवक को दबोचा

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार की सुबह गश्त के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांजा के साथ युवक को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय भेजा है। जानकारी के अनुसार बिंदकी कोतवाली के उपनिरीक्षक सुमित नारायण अपने हमराही सिपाही के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर विमलेश उर्फदद्दी पुत्र स्व. राम सजीवन सोनकर निवासी मुहल्ला पुरानी बिंदकी को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से दो किलो एक सौ पचास ग्राम गांजा बरामद करते हुए उसके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया।

### महाशिवरात्रि पर शिवालों में हर-हर महादेव के उदघोषो की रही गूंज



**फर्रुखाबाद।** महाशिवरात्रि के पर्व पर शिवालय मंदिरो में हर हर महादेव के जयघोषो ब घंटा घड़ियालो की गूंज रही। प्रातः काल से ही भगवान शंकर के भक्त जनों ने पांचाल घाट पर पहुंचकर गंगा स्नान किया और मंदिर शिवालयो में गंगाजलए बेल पत्रीए धतूराए दूधए दही फूल आदि को चढ़ाकर भगवान शंकर को प्रसन्न किया। शहर के रेलवे रोड स्थित ऐतिहासिक पांडेश्वर नाथ मंदिर में प्रात काल से ही शिव भक्तों की लंबी लंबी कतारें देखी गई। शहर के मुख्य रोड होने की वजह से पुलिस की काफी चाक चौबंद व्यवस्था रही। भगवान शंकर के भक्त ने भगवान शिव पर गंगाजल बेल पत्री धतूरा आदि को चढ़ाकर शिव शंकर भोले से मन्नत मांगी। कोतवाल ईश्वर महादेव मंदिर रायदीपचंद में रंगेश्वर भोले नाथ महाराज महाकाल मंदिर पुराना कोटा पर्चा द्वादश ज्योतिर्लिंगए शिव मंदिर नूनहाई में कालेश्वर नाथ मंदिर आदि मंदिरों में भक्तों ने पूजा अर्चना की मिट्ठू कूचा में हनुमान मंदिर में विराजमान भगवान शिव का रुद्राभिषेक धूमधाम से कराया गया। सुबह से लेकर शाम शिवालयो में हर हर महादेव के जयघोषो ब घंटा घड़ियालो की गूंज रही। रुद्राभिषेक कराने वालों में हिमांशु चौहानए चिंपू अग्रवालए धीरज सारस्वत एधीरूए प्रदीप सिंह एकुक्कू चौहान आदि ने व्यवस्था देखी। इस दौरान पुलिस की चाक.चौबंद व्यवस्था रही।

### कर्ता करे न कर सकै, शिव करै सो होय, तीन लोक नौ खंड में महाकाल से बड़ा ना कोय



**फर्रुखाबाद।** श्री महाकाल मंडली के संस्थापक व श्री पांडेश्वरनाथ शिवालय में हनुमान मंदिर के पुजारी पंडित श्री प्रखर शर्मा जी ने बताया की बाबा महाकालेश्वर जी की कृपा से फर्रुखाबाद जिले में पहली बार श्री पांडवेश्वर नाथ शिवालय से महाकाल पालकी यात्रा का आयोजन बड़ी धूम धाम से हुआ। सर्व प्रथम प्रातः आरती के बाद बाबा महाकाल जी को हल्दी व मेहदी लगाई गई इसके बाद में महाकाल जी का स्वर्ण शीश का पूजन हुआ जिसके बाद पालकी यात्रा का शुभ आरंभ हुआ पूजन श्री पांडवेश्वर नाथ द्वादश ज्योतिर्लिंग मठ के पुजारी उमेश शर्मा जी द्वारा हुआ है यात्रा के प्रारंभ में बाहर से आए हुए कलाकारों के द्वारा शंकर जी की झांकी रही उसके पीछे बाबा महाकाल पालकी में सुशोभित थे। इसके बाद श्री महाकाल मण्डली डमरू बैंड आकर्षण का केंद्र रहा यात्रा के अंत में बाबा महाकाल जी चंद्रशेखर स्वरूप में रथ पर विराजमान थे। यात्रा के मठिया देवी मंदिर पहुंचने पर माता सिद्धिदात्री जी के संग महाकाल जी का गठजोड़ विवाह करने के तत्पश्चात यात्रा का विसर्जन श्री पडिश्वरनाथ द्वादश ज्योतिर्लिंग मठ पर हुआ। श्री महाकाल मण्डली द्वारा यात्रा को भव्य एवं सफल बनाने के प्रयास में फर्रुखाबाद जनपद वासियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। जनपद वासियों ने जगह जगह पर पुष्प वर्षा एवं बाबा महाकाल की आरती कर यात्रा को सफल बनाया। यह यात्रा जनपद में एक आकर्षण का केंद्र बनी। यात्रा की व्यवस्था अनुज राजपूत, अभय गुप्ता, राहुल यादव, अभिषेक, अमित, अंशुल, आलोक, अखिल व किशन ने संभाली।

### बुन्देलखण्ड में आस्था का केन्द्र है सरीला का शिव मंदिर



**हमीरपुर।** सरीला मैं आज धूम धाम से शिव जी की बारात निकाली गयी। नंदी बैल पर सवार होकर भगवान भोलेनाथ दूल्हे जे रूप मे नगर भ्रमण पर निकले जहां लोगों ने पूरे नगर को दुल्हन की तरह सजाया और उनके स्वागत के लिए नगर की गलियों मैं हजारों की संख्या मे भक्त मोजूद रहे भोले बाबा की बारात में भूत प्रेत सहित ब्रह्म विष्णु भी साथ साथ चल रहे थे नगर मैं जगह जगह स्वागत द्वार सजाये गये थे वही दो दर्जन से ज्यादा विभिन्न स्कूलों की झांकियाँ निकालीगई सैकड़ों की संख्या मैं घोड़े बैंड ढोल नगाड़े मोजूद रहे सुबह से आज हजारों महिलाओं पुरुषों ने मंदिर जाकर शिव जी का जलाभिषेक किया मंदिर परिसर मैं पुलिस प्रशासन ने चौक चोबंद व्यवस्था रखी सुरक्षा की नजर से जिलाधिकारी चंद्रभूषण त्रिपाठी पुलिस अधीक्षक शुभम् पटेल उपजिलाधिकारी ख़ालिद अंजुम, सीओ आशीष यादव, थानाध्यक्ष जरिया के साथ भारी पुलिस बल मोजूद रहा नगर सांस्कृतिक समिति के सचिव महेन्द्र राजपूत ने नगर मैं पधारे सभी अतिथियों का स्वागत किया साथ ही नगर के कार्यकर्ताओं एवम् पुलिस प्रशासन के सराहनीय सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

### डीएम ने किया एयरपोर्ट का निरीक्षण

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने आज एयरपोर्ट, टर्मिनल बिल्डिंग, एप्रोच रोड, हवाई पट्टी, वेटिंग रूम आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने एयरपोर्ट अथॉरिटी एवं कार्यदायी संस्था राइट्स के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाए तथा निर्धारित शासन के अनुरूप कार्यों को गुणवत्तापूर्ण कराएं ताकि एयरपोर्ट का संचालन हो सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री कुंवर बहादुर सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कार्यदाई संस्था तथा एयरपोर्ट एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# एसपी ने पैदल गश्त कर परखी सुरक्षा व्यवस्था

संवाददाता। चित्रकूट

**पुलिस** अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शान्ति सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर रामघाट का भ्रमण कर ड्यूटी में तैनात पुलिस बल को सतर्कता से ड्यूटी करने के निर्देश दिये।



शनिवार को महाशिवरात्रि पर्व पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला तीर्थक्षेत्र के रामघाट पहुंचीं। यहां से वह पैदल गश्त करती हुई विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। भ्रमण दौरान ड्यूटी में तैनात पुलिस बल को सतर्कता से ड्यूटी करने के निर्देश दिये। चेताया कि कोई हादसा नहीं होना चाहिए। ड्यूटी दौरान सभी पुलिस कर्मी चौकन्ने रहें।

इसी क्रम में एलआईयू, डाग स्क्वायड की संयुक्त टीम ने महाशिवरात्रि पर्व व रामायण मेला के मद्देनजर संदिग्ध लोगों व वस्तुओं की जांच की। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व पुलिस उपाधीक्षक एलआईयू अनुज मिश्रा की देखरेख में डाग स्क्वायड एवं एलआईयू की संयुक्त टीम ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शान्ति सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर रामघाट व रामायण मेला परिसर में सघन जांच की।

# 63 हजार करोड़ के निवेश से बदलेगी चित्रकूट की तस्वीर

संवाददाता। चित्रकूट



● प्रभारी मंत्री ने प्रेस वार्ता में गिनाई यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की उपलब्धियां ● यूपी में पर्यटन का बडा हब बन रहा चित्रकूट- आर के सिंह

**उत्तर** प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी नरेंद्र कश्यप ने शनिवार को विकास भवन सभागार में पत्रकार वार्ता कर यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में योगी सरकार को मिली उपलब्धियों का बखान किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि योगी राज में जंगलराज का खात्मा होने से दुर्दांत डकैतों के आतंक के लिए कुख्यात रहे बुंदेलखंड के चित्रकूट की अब तस्वीर और तकदीर बदलने वाली है।पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण चित्रकूट अब बडे निवेशकों की पसंद बन चुका है। जल्द ही इलाके का औद्योगिक विकास होगा।जिससे क्षेत्र के हजारों बेरोजगार युवाओं को काम मिलेगा। शनिवार को विकास भवन सभागार में बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल,जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव,भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे,पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की मौजूदगी में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने योगी सरकार की उपलब्धियों का जमकर बखान किया। मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में तीन दिवसीय यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया था। जिसका शुभारंभ 10 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया एवं 12 फरवरी को समापन देश की राष्ट्रपति द्वारा आयोजित हुआ।बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन प्रदेश में पहली बार हुआ। समिट में 25 हजार से अधिक प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया। इसके साथ ही 41 देशों के लगभग एक हजार से अधिक प्रतिनिधियों ने तीन दिवसीय समिट में भाग लिया।16 देशों के 21 शहरों में अंतर्राष्ट्रीय निवेशक बैठकर प्रदेश के विभिन्न मंत्रियों द्वारा किया गया।बताया कि भारत के 10 शहरों में राज्य सरकार द्वारा रोड शो निवेशक संपर्क अभियान आयोजित किए गए। प्रदेश के सभी 75 जनपद में जिला स्तरीय रोड शो तथा 25 विभागीय क्षेत्र विशिष्ट इन्वेस्टर्स मीट आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में बाहर से आने वाले निवेशक अब प्रदेश के विभिन्न जनपदों में उद्योग लगाने का रास्ता तलाश रहे हैं। मुख्यमंत्री जी की इच्छा प्रदेश के सभी निवेशकों के प्रति स्पष्ट मत रहा है कि उत्तर प्रदेश में कैसे कारोबार बढ़े वह प्रदेश की 25 करोड़ की जनता का निर्वहन करते हुए उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाने का कार्य कर रहे हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि चित्रकूट भगवान श्री राम की तपोस्थली व कर्मभूमि रही है यहां के किसान, उद्यमी आदि लोग समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं। जिन निवेशकों ने यहां पर उद्योग स्थापित करने का एमओयू किया है वह बधाई के पात्र हैं। बताया कि जनपद चित्रकूट में 63 हजार करोड़ रुपए का एमओयू साइन हुआ है,जो एक इतिहास है।मंत्री ने कहा ि कइस बात की कल्पना नहीं की गई थी कि उत्तर प्रदेश में चित्रकूट 11वां स्थान पायेगा यह शुभ संकेत है।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रत्येक देश के शहर में अपनी पहचान बढ़ा रहा है। चेन्नई जैसे देश के निवेशक यूपी में निवेश कर राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत विश्व पटल पर शक्तिशाली देश बनने के लिए आगे बढ़ रहा है।

# बम भोले के जयकारों से गूंजा सिद्धपीठ तांबेश्वर



संवाददाता। फतेहपुर

● कांवरियों के जत्थों ने चढ़ाया गंगाजल, श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

● सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहा पुलिस बल

**महाशिवरात्रि** का पर्व इस वर्ष धूमधाम से मनाया गया। जिले के सभी शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं का तांता देर रात से ही सिद्धपीठ के मुख्य द्वार पर लग गया था। सिद्धपीठ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी पुलिस ने पुख्ता इंतेजाम किये थे। महिला पुलिस के साथ-साथ पीएसी और पुलिस के जवान सिद्धपीठ परिसर के चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहे। सिद्धपीठ तांबेश्वर धाम में विराजमान भगवान शिव के दर्शन का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। कांवरियों का जत्था भी बराबर आता रहा और उन्हें शिव दर्शन कराने के लिए मौके पर मौजूद पुलिस महकमे के जवान लगे रहे। दूध, गंगाजल, मेवा, मिष्ठान के साथ फूलों के श्रृंगार से भगवान शिव का पूजा-अर्चना का सिलसिला बराबर जारी रहा। मंदिर परिसर पर भजन-कीर्तन कर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को मनाने का पूरा प्रयास किया। अपनी-अपनी मन्नत पूर्ति के लिए श्रद्धालुओं ने परिक्रमा भी लगाई। मंदिर के समीप लगे मेले का श्रद्धालुओं ने लुत्फ उठाया।

हर वर्ष की भांति फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चर्तुदशी तिथि को मनाए जाने वाला महाशिवरात्रि पर्व का नजारा बहुत ही अजीबो गरीब रहा। सिद्धपीठ तांबेश्वर धाम समेत अन्य स्थानों में विराजमान शिवलिंगों की पूजा की गई। सिद्धपीठ तांबेश्वर में कुंभ जैसा माहौल रहा। श्रद्धालुओं की भीड़ अनन्त रही। जिसकी गणना नहीं की जा सकती थी। भगवान शिव के दर्शन के लिए कांवरिया, श्रद्धालुओं एवं परिक्रमा लगाने वाले भक्तों की भीड़ देर रात से ही सिद्धपीठ के मुख्य द्वार पर जमा होने लगी। महाशिवरात्रि के महापर्व के पूर्व ही पुलिस ने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही आने वाले श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए तैयारियां कर ली थीं।

### टीका के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में युवक व वृद्ध जख्मी, दोनों उरई रेफर

**राठ( हमीरपुर )।** मझगवां क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात रात शादी के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में युवक व एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कालेज उरई में इलाज के लिये भर्ती कराया गया है, हर्ष फायरिंग की घटना को लेकर पुलिस जांच पड़ताल शुरु कर दी है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को मझगवां थाने के नौरंगा गांव निवासी करन सिंह राजपूत की पुत्री श्रृष्टि की शादी का कार्यक्रम गेस्ट हाउस में चल रहा था बारात जनपद महोबा के चरखारी से आई थी। रात्रि में जयमाला व खाना पीना होने के बाद खुशनुमा माहौल में टीका रस्म के दौरान लड़का पक्ष की ओर से एक युवक ने हर्ष फायरिंग कर दी। हर्ष फायरिंग से नौरंगा गांव निवासी 18 वर्षीय राहुल सिंह पुत्र तुलसीदास साहू और 61 वर्षीय प्यारेलाल पुत्र दयाराम अहिरवार घायल हो गये। युवक सहित वृद्ध को गोली लगने की जानकारी पर वहां लोगों में हड़कंप मच गया।

# महाशिरात्रि पर्व पर रोटी घर ने वितरित की ठंडाई



संवाददाता। फतेहपुर

**नारी** स्मिता फाउंडेशन ने महाशिवरात्रि पर्व पर सिद्धपीठ श्री तांबेश्वर मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया। साथ ही दर्शन करने आए श्रद्धालुओं को लेटकर परिक्रमा करने में दिक्कत न हो इसके लिए मैट भी बिछवाई। संचालिका स्मिता सिंह ने बताया कि विगत गई वर्षों से प्रसाद वितरण एवं मैट बिछाने का काम रोटी घर द्वारा किया जा रहा है। कल सायंकाल मंदिर के गेट तक मैट बिछाई गई। वहीं आज प्रात:काल से ही रोटी घर के सदस्यों ने स्टॉल लगाकर ठंडाई का वितरण भव्यता के साथ किया।

श्रद्धालुओ की भीड़ ने भगवान भोलेनाथ का प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही गगनभेदी जयकारों से समूचा प्रांगण गुंजायमान रहा। इस अवसर पर नीरजा चौहान, विवेक मिश्रा, श्रेय शुक्ला, प्रशांत पाटिल, प्रखर शुक्ला, राजकुमार, रीतिक, नीरज, प्रियांशु, राधा अवस्थी, ऋषिका तिवारी, मनोज मिश्रा, लोकेश त्रिपाठी, अखिलेश, धीरज, प्रिंस, प्रशांत, प्रबल गुप्ता, समीर, राजा गुप्ता, अमित चौहान, अंकित चौहान आदि आदि मौजूद रहे।

# पति को 12 वर्ष की कैद, सास दोषमुक्त

● गर्भवती महिला को मार डालने का मामला

**फतेहपुर।** गर्भवती महिला को पीटकर कारखाने की स्पेलर मशीन में फंसाकर मार डालने के मामले में कोर्ट ने पति को दोषी करार दिया। मामले में पति को 12 साल कारावास और आठ हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामले में सास को दोषमुक्त किया है। घटना के बाद से पति जेल में निरुद्ध चल रहा है। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हसऊपुर निवासी विशेषर की पुत्री सोनी उर्फ अनीता की शादी पांच फरवरी 2017 को चितीसापुर गांव निवासी अवधेश मौर्या के साथ हुई थी। शादी के बाद 17 दिसंबर 2019 को अनीता की मौत हो गई थी। विशेषर ने बेटी के पति अवधेश, सास मुन्नी देवी, ससुर मुन्नूलाल के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। ससुरालीजनों पर आरोप लगाया कि दहेज में बाइक और सोने की चेन की मांग करते थे। मांग पूरी न होने के कारण अनीता को मारापीटा और अपने ही कारखाने के स्पेलर की साफ्टीन में फंसाकर मार डाला। सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रमिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की एएसजे कोर्ट नंबर चार के न्यायाधीश अनिल कुमार ने शुक्रवार को अंतिम सुनवाई की। सुनवाई के बाद कोर्ट ने पति को 12 साल कैद और आठ हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। सास को दोषमुक्त किया है। ससुर की मुकदमे के ट्रायल के दौरान ही मौत हो चुकी है।

# गांव के बीच से ट्रक गुजरने को लेकर ग्रामीणों ने लगाया जाम, एक घंटा अवरुद्ध रहा यातायात

संवाददाता। राठ(हमीरपुर)

**मझगवां** थाने के जराखर गांव में मौरंग से भरे ट्रक निकलने से शनिवार को आक्रोशित भातीय किसान यूनियन व ग्रामीणों ने अटगांव-जराखर मार्ग पर जाम लगा दिया। जाम लगने से ट्रकों की लाइन लग गई। इस दौरान जाम की सूचना पर पहुंची मझगवां पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझा कर जाम खुलवाया। जाम करीब एक घंटे तक लगा रहा।



भाकियू के तहसील अध्यक्ष रामप्रकश, अमर सिंह, जगदीश सिंह, मोतीलाल, राहुल कुमार, धर्मपाल, नंदराम, दीपक, नरेंद्र, निर्दोष सिंह, महेंद्र पाल, शैलेंद्र, जयनारायण ने पुलिस को बताया कि सिंचाई की सुविधा नहर प्रणाली से पर्याप्त न होने के कारण किसान निजी कल नलकूप लगाकर सिंचाई की व्यवस्था कर रहे है। भू-जल स्तर नदियों में बह रहे जल पर आधारित है। मौरंग का खनन नदियों के जल स्तर से नीचे गया तो नलकूप पानी देना बंद कर देंगे। यहां के किसान भुखमरी की स्थिति पर पहुंच जाएंगे। टोलाखंगारन गांव मौरंग का खनन कार्य किया जा रहा है। जराखर गांव से मौरंक से भरे ट्रक निकलने से ग्रामीणों में रोष है। ट्रक चालक गांव के बीच से निकालते है। जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है। इसी को शनिवार को भाकियू व ग्रामीणों ने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन कर जाम लगाया। इस दौरान ट्रकों की लाइन लग गई। थानाध्यक्ष मझगवां पंकज तिवारी ने बताया कि मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम खुलवा दिया गया है।

### सड़क हादसों में किशोरी सहित चार लोग घायल

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान किशोरी सहित चार लोग घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के मधोकीपुर गांव निवासी राम स्वरूप का 22 वर्षीय पुत्र सूरज अपनी 15 वर्षीय चचेरी बहन नैंसी देवी पुत्री राजेश के साथ महाशिवरात्रि के पर्व पर कानपुर जनपद के सरसौल दर्शन के लिए गया था। वापस लौटते समय जैसे ही यह लोग थाने के रानीपुर ओवर ब्रिज पर पहुंचे तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रहे आटो ने टक्कर मार दिया। जिससे भाई-बहन घायल हो गये। इसी प्रकार गाजीपुर थाना क्षेत्र के लौगांव निवासी राम बाबू का 28 वर्षीय पुत्र अजय बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था। जैसे ही वह गांव से कुछ दूर पहुंचा तभी सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। इसी प्रकार बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ईसापुर मजरे डीघ गांव निवासी शिव प्यारे का 18 वर्षीय पुत्र अंशू बाइक से दर्शन के लिए जा रहा था।

# भोले बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने को भोर-पहर से ही लगी रही कतारें





संवाददाता। घाटमपुर

● गोस्वामी मोहाल स्थित शिव मंन्दिर से चली बरात भोले की बरात जयमाल कार्यक्रम के बाद नगर भ्रमण

**गत** वर्षो की तरह इस साल भी शिव रात्रि का पर्व पर भोले बाबा की बरात निकाली गयी, वही ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिवपुराण का पाठ एंव मेले लगे, क्षेत्र के बिहारे श्वर मंन्दिर सजेती, भद्रेश्वर महादेव मन्दिर निबिया खेड़ा, पातालेशवर महादेव पतरसा, बाबा बैजनाथ पतारा, र्मार्कंन्डेश्वर बाबा सिधौल और औलियाशवर महादेव करचुलीपुर भीतर गांव के प्राचीन मंन्दिरों की सजावट और मेंले लगे, तथा रात्रि में शिव पुराण का पाठ हुए।

शिव रात्रि पर्व पर नगर के गोस्वामी मोहाल स्थिति शिव मन्दिर से भोले बाबा की बरात निकली, पुराना अस्पताल रोड पर बारी श्वर महादेव मंन्दर होते हुए कुष्मॉण्डा देवी मंन्दिर पंहुची। भोले बावा और पार्वती के जयमाल कार्य क्रम हुआ, दोपहर बाद शिव बारात कुष्मॉण्डा देवी मन्दिर से कानपुर रोड होते हुए मुख्य चौराहा पंहुची बस स्टाप के पास बाबा के भक्तो द्वारा प्रसाद बितरण किया गया, तमाम भक्तों ने शर्वत तथा पानी के पाउच बितरण किये, बाद में भोले की बरात मूसानगर रोड होते हुए नगर पालिका कार्यालय होते हुए बारी श्वर महादेव पंहुची। ग्रामीण क्षेत्र के कस्वा पतारा, सजेती, भीतरगांव, साढ़,और रेवना आदि में भी शिवरात्रि पर्व पर शिव मंन्दिरों और शिववालयों में भोर पहर से ही भोले के दरवार में हाजिरी लगाने के लिये कतार में लगने लगे थे तथा दिन चढ़ते ही भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी।

# उत्तर कोरिया ने समुंद्र में मिसाइल दागी

## अमेरिका-दक्षिण कोरिया की सैन्य तैयारियो के बीच लिया ये फैसला

भाषा। सियोल

**उत्तर कोरिया** ने शनिवार को अपनी राजधानी से जापान के करीब समुद्र में लंबी दूरी की मिसाइल दागी। यह जानकारी पड़ोसी दक्षिण कोरिया और जापान ने दी है। दक्षिण कोरिया द्वारा अमेरिका के साथ सैन्य अभ्यास की घोषणा पर उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्रालय द्वारा दी गई धमकी के एक दिन बाद यह संदिग्ध मिसाइल दागी गई है। दक्षिण कोरिया और जापान की सेनाओं के मुताबिक मिसाइल उच्च कोण से दागी गई ताकि पड़ोसी देशों के इलाकों में इसके जाने से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि मिसाइल ने अधिकतम 5,700 किलोमीटर की उंचाई से गुजरते हुए करीब 900 किलोमिटर की दूरी तय की। इसी तरह की जानकारी नवंबर में तब मिली थी जब उत्तर कोरिया ने हवासॉन्ग-17 अंतर महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया था। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर यह मिसाइल समान्य उंचाई से रास्ता तय करे तो अमेरिका की मुख्य भूमि तक पहुंच सकती है। जापान सरकार की प्रवक्ता हिरोकाजु मत्सुनो ने बताया कि मिसाइल से किसी नुकसान की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि मिसाइल के जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र में ओशिमा द्वीप के पश्चिम तटी से करीब 200 किलोमीटर दूर गिरने की आशंका है। ओशिमा होक्काइदो मुख्य द्वीप के उत्तर में स्थित है। उत्तर कोरिया द्वारा कथित मिसाइल परीक्षण उसके विदेश मंत्रालय की धमकी के एक दिन बाद हुआ है। दक्षिण कोरिया द्वारा अमेरिका के साथ प्योंगयांग के खिलाफ अपनी तैयारी को चुस्त दुरस्त करने के लिए सैन्य अभ्यास की श्रृंखला की घोषणा की गई जिसके बाद उत्तर कोरिया ने चेतावनी दी थी की कि वह अभूतपूर्व कार्वाई करेगा। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक एओल के कार्यालय ने कहा कि उनके राष्ट्रीय सुरक्षा निदेशक किम सुंग हान




ने आपात सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता की जिसमें सदस्यों ने मिसाइल परीक्षण को गंभीर उकसावा और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का उल्लंघन करार दिया और कहा कि इससे क्षेत्र में तनाव बढ़ेगा। उन्होंने खराब होती आर्थिक स्थिति और खाद्य असुरक्षा के बावजूद उत्तर कोरिया द्वारा परमाणु हथियार विकास की योजना को आगे बढ़ाने की निंदा करते हुए कहा कि इससे केवल अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध और सख्त होंगे। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि तोक्यो परीक्षण को लेकर वाशिंगटन और सियोल से संवाद कर रहा है। उन्होंने उत्तर कोरिया के परीक्षण को हिंसा की कार्वाई बताया जो अंतरराष्ट्रीय क्रम को उकसाएगा। गौरतलब है कि एक जनवरी के बाद यह उत्तर कोरिया द्वारा पहला ज्ञात मिसाइल परीक्षण है। एक जनवरी को उसने कम दूरी की मिसाइल दागी थी। पिछले सप्ताह प्योंगयांग में सैन्य परेड आयोजित की गई जिसमें एक दर्शन से अधिक अंतर महाद्वीपीय मिसाइलों को प्रदर्शित किया गया।

## यूक्रेन के लिए यह वक्त सैन्य सहायता दोगुनी करने का : ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक

**म्यूनिख।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने विश्व के नेताओं से यूक्रेन सैन्य सहायता दोगुनी करने की अपील करते हुए शनिवार को कहा कि अतिरिक्त हथियार एवं सुरक्षा गारंटी अभी युद्ध की विभीषिका झेल रहे इस देश को और भविष्य में शेष यूरोप को रूसी आक्रमण से बचाने के लिए जरूरी है। सुनक ने राष्ट्राध्यक्षों, रक्षा मंत्रियों और विश्व के अन्य नेताओं की वार्षिक बैठक म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में अपने संबोधन में यह संदेश दिया। इस साल के सम्मेलन में, यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के साल भर बाद अंतरराष्ट्रीय संबंधों के स्वीकार्य नियमों को खतरे पर चर्चा की जाएगी। युद्धक टैंक, अत्याधुनिक वायु रक्षा प्रणालियां और लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइलें यूक्रेन को मुहैया करने की ब्रिटेन की हालिया प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए सुनक ने वसंत के मौसम में रूस के संभावित हमले से पहले राष्ट्रों से सहयोग बढ़ाने की अपील की।

# पश्चिमी देश रूस को नष्ट करने के लिए प्रतिबद्धः रूसी राजदूत का दावा

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**यूक्रेन** पर रूसी हमले के एक साल पूरा होने से कुछ दिन पहले क्रेमलिन के संयुक्त राष्ट्र में राजदूत ने दावा किया है कि पश्चिमी देश रूस को नष्ट करने की अपनी प्रतिबद्धता से प्रेरित है। राजदूत ने ऐलान किया कि, हमारे पास अपने देश की रक्षा करने के अलावा और कोई दूसरा विकल्प नहीं था-इसकी आपसे रक्षा करना, अपनी पहचान और भविष्य की रक्षा करना है। पश्चिमी राजदूतों ने पलटवार करते हुए रूस पर सुरक्षा परिषद की बैठक का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। रूस ने अपने पड़ोसी देश यूक्रेन पर 24 फरवरी, 2022 को हमला किया था। परिषद में शुक्रवार की बैठक ने युद्ध में शामिल पक्षों के बीच गहरे मतभेद पर प्रकाश डाला क्योंकि युद्ध दूसरे साल की ओर बढ़ रहा है और इसका अंत होता नहीं दिखता, जबकि हजारों लोग मारे जा चुके हैं और नए सैन्य हमलों की



आशंका है। सुरक्षा परिषद एकमात्र अंतरराष्ट्रीय स्थान है जहां रूस नियमित रूप से यूक्रेन और इसके पश्चिमी समर्थकों का सामना करता है। संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वासिली नेबेंजिया ने फ्रांस और जर्मनी सहित पश्चिमी देशों पर आरोप लगाया कि यूक्रेन और अलगाववादियों (लुहांस्क और दोनेत्सक के) के बीच संघर्ष के अंत के लिए दोनों देशों में हुए मिंस्क समझौते को लागू करने से वे पीछे हट रहे हैं। यूक्रेन के पूर्वी औद्योगिक क्षेत्र लुहांस्क और दोनेत्सक में ज्यादातर रूसी भाषा बोलने वाले लोग रहते हैं और यह क्षेत्र अप्रैल 2014 में क्रीमिया पर रूस के कब्जे के बाद से आंदोलित है। नेबेंजिया ने कहा, आप अच्छी तरह से जानते हैं कि आपके लिए मिंस्क प्रक्रिया चीजों को छिपाने के लिए सिर्फ एक ढाल है, ताकि यूक्रेन की सरकार को फिर से हथियारबंद करके और इसे आपके भू-राजनीतिक हित के नाम पर रूस के खिलाफ युद्ध के लिए तैयार किया जा सके।

### रूस ने यूक्रेन में मानवता के खिलाफ अपराध किए हैं: अमेरिका

**म्यूनिख।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने शनिवार को कहा कि अमेरिका का मानना है कि रूस ने यूक्रेन मे मानवता के खिलाफ अपराध किए है। उन्होने कहा कि दोषियो को न्याय के कटघरे मे लाया जाना चाहिए। हैरिस ने राष्ट्राध्यक्षो, रक्षा मंत्रियो और विश्व के अन्य नेताओ की वार्षिक बैठक म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन मे कहा रूसी सेना ने नागरिकों के खिलाफ व्यापक और व्यवस्थागत हमले किए है।

### सीरिया में इस्लामिक स्टेट के हमले में मरने वालों की संख्या 53 हुई

**बेरूत।** मध्य सीरिया में एक सैन्य चौकी और लोगों पर इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के हमले में मरने वालों की संख्या 53 हो गई है। मरने वालों में ज्यादातर आम नागरिक हैं। ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने बताया कि मध्य शहर सुखना के पास शुक्रवार को यह हमला किया गया था। निगरानी संगठन ने बताया कि हमले में सीरियाई सेना की एक चौकी और निकटवर्ती स्थानों पर मौजूद लोगों को निशाना बनाया गया। संस्था ने बताया कि आईएस के लड़ाके मोटरसाइकिल पर इलाके में पहुंचे। शुक्रवार को संगठन ने बताया था कि हमले में 46 लोग मारे गए थे।

### नॉर्थ कैरोलिना से सांसद रहे ब्रोहिल का निधन

रालीग। नॉर्थ कैरोलिना से लंबे समय तक रिपब्लिकन सांसद रहे जिम ब्रोहिल का शनिवार तड़के 95 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके परिवार ने यह जानकारी दी। ब्रोहिल के बेटे ने बताया कि उनके पिता का निधन विंस्टन-सलेम में हुआ। बेटे ने शनिवार को कहा कि ब्रोहिल पिछले कई सालों से दिल की बीमारी से पीडि़त थे जो हाल के महीनों में और बिगड़ गई थी। उदारवादी रिपब्लिकन की छवि वाले ब्रोहिल ने 23 सालों तक सदन की सेवा की।

### अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने भारत को समर्थन दोहराया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के स्पीकर केविन मैक्कार्थी ने कैलिफोर्निया शहर में एक भारतीय-अमेरिकी दंपति की मेजबानी वाले स्वागत समारोह में भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधू का स्वागत किया। मैक्कार्थी ने आने वाले दिनों में दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों के प्रति अपना समर्थन भी दोहराया।शुक्रवार को इंडियन वेल्स शहर में प्रवासी भारतीय समुदाय के सदस्यों नक्षत्र और सुसान चांडी ने स्वागत समारोह की मेजबानी की। समारोह में कई अमेरिकी सांसद सहित 500 से अधिक लोग शामिल हुए। मैक्कार्थी ने अपनी टिप्पणी में आने वाले दिनों में भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों के प्रति अपना समर्थन दोहराया। वह पूर्व में भी मजबूत द्विपक्षीय संबंधों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जता चुके हैं।

# तालिबान ने कराची में पुलिस पर हमले की जिम्मेदारी ली



भाषा। कराची

**पाकिस्तान के** सबसे बड़े शहर कराची में स्थित पुलिस मुख्यालय पर शुक्रवार को घातक फिदाईन हमला आतंकवादियों ने किया था। पाकिस्तानी तालिबान ने एक संक्षिप्त बयान जारी करके इस हमले की जिम्मेदारी ली है। कई घंटों तक गोलीबारी और धमाकों की आवाज से कराची का मुख्य बाजार दहल उठा। सरकारी अधिकारियों और दक्षिणी सिंध प्रांत के पुलिस प्रमुख गुलाम नबी मेमन ने कहा कि इस हमले में तीन सुरक्षाकर्मियों और एक नागरिक की मौत हो गई, जबकि 18 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। कराची दक्षिणी सिंध प्रांत के तहत आता है। अधिकारियों ने कहा कि बम से लैस दो आत्मघाती हमलावरों को मार गिराया गया, लेकिन पुलिस के इमारत में घुसने पर कम से कम एक फिदाईन ने खुद को विस्फोट करके उड़ा लिया। सरकार के एक सलाहकार मुर्तजा वहाब ने पुष्टि की है कि पुलिस और संसदीय बलों ने एक संयुक्त अभियान के तहत शुक्रवार देर रात हुए हमले के तीन घंटों के अंदर पुलिस की इमारत को खाली करा लिया। वहाब ने कहा, मैं पुष्टि करता हूं कि आतंकवादियों के खिलाफ अभियान अब समाप्त हो गया है। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने एक बयान जारी करके कराची में हमले की निंदा की जो पाकिस्तान का प्रमुख वाणिज्यिक शहर है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि दी है। इसके पहले टीवी फुटेज में दिखाया गया था कि शहर में संट्रेल पुलिस थाने को अधिकारी घेरे हुए हैं क्योंकि निवासियों ने गोलीबारी और विस्फोट की आवाज आने की सूचना दी थी। पाकिस्तान के आंतरिक गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह खान ने कहा कि कुछ आतंकवादियों ने हैंड ग्रेनेड (हथगोले) फेंके क्योंकि वे पुलिस मुख्यालय में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे। पाकिस्तान में नवंबर के बाद से आतंकी हमलों में बढ़ोतरी देखी गई है जब पाकिस्तानी तालिबान ने सरकार के साथ महीनों लंबा संघर्ष विराम समझौता तोड़ा दिया था। पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान एक अलग समूह है और इसे अफगानिस्तान के तालिबान समूह का कथित सहयोगी माना जाता है। तहरीक-ए-तालिबान को पाकिस्तानी तालिबान के नाम से जाना जाता है।

### कराची पुलिस प्रमुख के दफ्तर पर टीटीपी के हमले के बाद हो रहा है सुरक्षा ऑडिट

**कराची।** पाकिस्तान की कानून प्रवर्तन एजेंसियां और सिंध सरकार पाकिस्तानी तालिबान के आतंकवादियों द्वारा कराची के पुलिस प्रमुख के दफ्तर पर हमले के मामले मे गंभीर सुरक्षा चूक का ऑडिट करेंगी। शनिवार को एक खबर मे यह दावा किया गया। घटना शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार रात्रि 7:10 बजे घटी जब तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादी देश के सबसे अधिक आबादी वाले शहर मे स्थित पांच मंजिला कराची पुलिस कार्यालय में घुस गए। पाकिस्तान के पुलिस कमांडो और अर्द्धसैनिक बलो के जवानो के साथ मुठभेड़ मे टीटीपी के तीन आतंकवादी मारे गए तथा तीन सुरक्षाकर्मियो समेत चार अन्य लोग भी मारे गए। प्रांतीय प्रशासन के एक वरिष्ठ सदस्य ने डॉन अखबार से कहा, गंभीर सुरक्षा चूक नजर आती है। खबर के अनुसार अधिकारियो ने इस बात को माना है कि हमले ने कई सवाल खड़े कर दिए और सुरक्षा ऑडिट की जरूरत है।

# तुर्किए में भूकंप के बाद मलबे में अब भी जीवित लोगों का मिलना जारी

भाषा। इस्तांबुल

बचाव दलों ने तुर्किए और सीरिया में छह फरवरी को आए विनाशकारी भूकंप के मलबे से और भी जीवित लोगों को बाहर निकाला है, जबकि लोगों के जीवित मिलने की संभावना घटती जा रही है। भूकंप के बाद शनिवार को हुए घटनाक्रम इस प्रकार हैं:- हेते में तीन लोगों को बचाया गया: बचाव अभियान के 13वें दिन एक दंपती और उसके बेटे को हेते प्रांत की राजधानी अंताक्या में एक अपार्टमेंट भवन के मलबे से निकाला गया। बाद में, बच्चे की मौत हो गई। सरकारी अनादोलु समाचार एजेंसी ने उनकी पहचान समीर मुहम्मद अक्कार (49), उनकी पत्नी रागदा (40) और 12 वर्षीय बेटे के रूप में की। खबरों के अनुसार, मलबे में दो और बच्चों के शव बरामद किए गए। शुक्रवार शाम तक तुर्किए में कुल मृतक संख्या 39,672 थी, जिसके साथ ही तुर्किए और सीरिया में भूकंप में मरने वालों की कुल संख्या बढ़ कर 43,360 पहुंच गई। घाना के फुटबॉल खिलाड़ी का शव मिला: इंग्लिश प्रीमियर लीग क्लब चेलसी और न्यूकैसल का प्रतिनिधित्व कर चुके घाना के फुटबॉल खिलाड़ी क्रिस्टियन अत्सु का शव अंताक्या शहर में भूकंप में ध्वस्त हुई एक इमारत के मलबे से बरामद किया गया। वह 31 साल के थे। अत्सु के प्रबंधक ने शनिवार को कहा कि तलाशी दल ने अंताक्या शहर में 12 मंजिला इमारत के मलबे से अत्सु का शव बरामद किया। प्रबंधक मूरत उजुनमेहमेट ने निजी समाचार एजेंसी डीएचए को बताया, अत्सु का शव मलबे के नीचे पाया गया था। फिलहाल उनके सामान की तलाश जारी है। अत्सु सितंबर में तुर्किए के क्लब हातायिस्पोर से जुड़े थे। उन्होंने छह फरवरी को आए भीषण भूकंप से कुछ घंटे पहले पांच फरवरी को कासिम्पसा एस.के के खिलाफ गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई थी। हातायिस्पोर ने कहा कि अत्सु के शव को घाना भेजा जा रहा है।

### अंटार्कटिक सागर में बर्फ लगातार दूसरे साल अपने न्यूनतम स्तर पर

भाषा। वाशिंगटन

**अंटार्कटिक** सागर में बर्फ के न्यूनतम स्तर ने पिछले साल का रिकार्ड तोड़ दिया है और साथ ही पिछले साल के न्यूनतम स्तर को इस साल पहले ही हासिल कर लिया गया है। यह जानकारी नेशनल स्नो ऐंड आइस डाटा सेंटर (एनएसआईडीसी) ने एक बयान जारी कर दी है। बयान में कहा गया कि 13 फरवरी 2023 को अंटार्कटिक सागर में बर्फ का स्तर गिरकर महज 19.1 लाख वर्ग किलोमीटर रह गया। इसके साथ ही इसने न्यूनतम बर्फ होने के पिछले साल के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। पिछले साल 25 फरवरी को सबसे कम 19.2 लाख वर्ग किलोमीटर बर्फ दर्ज की गई थी। बयान में कहा गया है कि यह मात्र दूसरा साल है जब अंटार्कटिक सागर में बर्फ का स्तर 20 लाख वर्ग किलोमीटर से कम हुआ है।

### ब्रिटेनः शैम्पेन की बोतल से पिता की हत्या के जुर्म में भारतीय मूल के व्यक्ति को उम्रकैद की सजा

**लंदन।** उत्तरी लंदन में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को पिता की हत्या के आरोप में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। आरोपी डीकन पॉल सिंह विज (54) को पिछले महीने ओल्ड बेली अदालत में सुनवाई के बाद दोषी पाया गया और शुक्रवार को उसी अदालत में विज को 18 साल की सजा सुनाई गई। जांच में शामिल एक पुलिस अधिकारी ने बताया, डीकन पॉल सिंह विज के इस कृत्य ने उसके परिवार को तबाह कर दिया। उन्हें हमेशा अपने प्रियजन के जाने के गम का सामना करना होगा जबकि विज को जेल में अपनी सजा काटनी होगी। पुलिस अधिकारी ने बताया, अर्जन सिंह विज (86) उत्तरी लंदन के साउथगेट में अपने बेटे के साथ रहते थे।

### भारत-अमेरिका संबंध इस सदी के लिए महत्वपूर्ण साझेदारी हैं : रिचर्ड वर्मा

**वाशिंगटन।** भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत रिचर्ड वर्मा ने सांसदों से कहा है कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध 21 सदी के लिए महत्वपूर्ण साझेदारी हैं। उन्होंने सीनेट से अनुरोध किया कि जल्द से जल्द नई दिल्ली के लिए अगले राजदूत के नाम की पुष्टि की जाए। भारत-अमेरिका संबंधों को गहरा करने के मजबूत समर्थक रहे वर्मा ने असैन्य परमाणु समझौते के कांग्रेस में पारित होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने 2014 में भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में कामकाज संभाला था और इस पद पर कार्य करने वाले वह पहले भारतीय-अमेरिकी बने। उन्होंने 2014 से 2017 तक भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में कार्य किया। वर्मा ने प्रबंधन एवं संसाधन विदेश उप मंत्री पद पर अपने नाम की पुष्टि के लिए सुनवाई के दौरान सीनेट की विदेश मामलों की समिति के सदस्यों से कहा, मुझे विश्वास है कि यह इस शताब्दी के लिए परिभाषित करने वाली साझेदारी है।

# अमेरिका के अर्कबुतला नगर में छह व्यक्तियों की गोली मारकर हत्या

भाषा। अर्काबुतला (अमेरिका)

**अमेरिका में** मिसिसिपी के टेट काउंटी स्थित अर्काबुतला नगर में शुक्रवार को एक व्यक्ति ने अपनी पूर्व पत्नी एवं सौतेले पिता समेत विभिन्न स्थानों पर छह लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी। शेरिफ ने कहा कि हत्या के कारण का पता लगाया जा रहा है। टेट काउंटी के शेरिफ ब्रैड लांस ने कहा कि हथियारों से लैस 52 वर्षीय रिचर्ड डेल क्रुम ने टेनेसी के पास अर्काबुतला में पूर्वाह्न करीब 11 बजे गोलीबारी की और एक दुकान के बाहर खड़े पिकअप ट्रक के चालक सीट पर बैठे व्यक्ति को गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों के अनुसार पुलिस अधिकारी घटनास्थल पहुंचे तभी उन्हें कुछ दूरी पर एक और गोलीबारी की सूचना मिली। अधिकारियों के अनुसार उक्त मकान पर पहुंचने पर एक महिला मृत मिली। शेरिफ ने महिला की पहचान क्रुम की पूर्व पत्नी के तौर पर की है। गोली लगने से महिला की मौत हो गई जबकि उसका वर्तमान पति घायल है। लांस ने कहा कि अधिकारियों ने क्रुम को उसके घर के बाहर से पकड़ लिया और उसे गिरफ्तार कर लिया। घर के पीछे अधिकारियों को दो लोग मृत मिले। एक व्यक्ति का शव सड़क पर और दूसरे का शव एसयूवी में था। पास के एक घर में उन्हें क्रुम के सौतेले पिता और सौतेली बहन का शव भी मिला। लांस ने कहा कि इस तरह की घटना पहले कभी नहीं देखी थी। उन्होंने कहा, अभी इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। उसने इस घटना को क्यों अंजाम दिया हम इसका पता लगा रहे हैं।

### संयुक्त राष्ट्र सामाजिक विकास आयोग के 62वें सत्र की अध्यक्ष चुनी गईं रुचिरा कंबोज

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज को संयुक्त राष्ट्र के सामाजिक विकास आयोग के 62वें सत्र का अध्यक्ष चुना गया है। कंबोज को इस सप्ताह न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में संयुक्त राष्ट्र सामाजिक विकास आयोग के 62वें सत्र की पहली बैठक में अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही नॉर्थ मैसेडोनिया से जॉन इवानोवस्की, डोमिनिक गणराज्य से कार्ला मारिया कार्लसन और लक्समबर्ग से थॉमस लैमर को 62वें सत्र का उपाध्यक्ष चुना गया। इससे पहले, सामाजिक विकास आयोग ने अपने 61वें सत्र के अंतिम दिन संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद को चार मसौदा प्रस्ताव मंजूरी के लिए भेजे थे। जिन मसौदा प्रस्तावों को सर्वसम्मति से अपनाया जाना है उनमें असमानताओं को दूर करने के लिए पूर्ण रोजगार सृजित करना और कोविड-19 महामारी के बाद सामान्य स्थिति बहाली पर जोर देना शामिल है।

# अमेरिका ने अलास्का में मार गिराई गई वस्तुओं को खोजने का अभियान समाप्त किया

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिकी सेना** ने शुक्रवार को कहा कि उसने 10 और 12 फरवरी को डेडहोरसे, अलास्का और लेक ह्यूरोन के पास मार गिराई गईं हवाई वस्तुओं की खोज समाप्त कर दी है।शुक्रवार देर रात जारी इस बयान से कुछ घंटे पहले अधिकारियों ने कहा था कि अमेरिका ने दक्षिण कैरोलिना के तट के पास गत 4 फरवरी को मार गिराए गए बड़े गुब्बारे के हिस्सों को बरामद करने के प्रयासों को पूरा कर लिया है। उसने कहा था कि उसके हिस्सों के विश्लेषण से अब तक के इन निष्कर्षों को बल मिला है कि वह एक चीनी जासूस गुब्बारा था।

अधिकारियों ने कहा कि अमेरिका का मानना है कि नौसेना, तटरक्षक बल और एफबीआई कर्मियों ने समुद्र तल से उस गुब्बारे के सभी हिस्सों को एकत्र कर लिया है, जिसमें प्रमुख उपकरण शामिल थे जिससे यह पता चल सकता है कि वह किस तरह की निगरानी करने और जानकारी एकत्रित करने में सक्षम था। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि काफी हिस्सा बरामद किया गया है और इसमें इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑप्टिक्स शामिल हैं। उन्होंने इस बारे में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया कि अमेरिका को इसके हिस्सों से अब तक क्या पता चला है। अमेरिकी उत्तरी कमान ने एक बयान में कहा कि हिस्सों को बरामद करने का अभियान बृहस्पतिवार को समाप्त हो गया और अंतिम टुकड़ों को विश्लेषण के लिए वर्जीनिया में एफबीआई लैब भेजा जा रहा है। उसने कहा कि दक्षिण कैरोलिना से हवाई और समुद्री पाबंदियां हटा ली गई हैं।

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the General Public that Mrs. Kamla Devi is owner/ attorney holder and in possession of Property bearing No. 464, built on Plot No. 57-B, area measuring 50 Sq., Yds., out of Khasra No.205, Situated at Onkar Nagar C, Tri Nagar, in the area of Village Chowkri Mubarkabad, Delhi "the said property". by virtue of GPA, Agreement to sell and will all dated 20.11.1979 executed by Mrs. Sushila Devi Gupta., All persons are hereby informed that above mentioned attorney holder want sell the said property to someone who is taking home loan from Fullerton India Home Finance Company Ltd. for purchase of the said property, if anybody has any objection/s upon said property /its ownership & Title/ its Sale and Mortgage. kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

# गूगल की बादशाहत पर आर्टीफिशियल बुद्धि का खतरा

## विज्ञापन से आय को लेकर भी चिंता

भाषा। लंदन

**गूगल की** सबसे अधिक इस्तेमाल की जाने वाली वेबसाइट के तौर पर बादशाहत निर्विवाद है और यह वर्ष 2000 के शुरुआत से ही शीर्ष सर्च इंजन बना हुआ है। हालांकि, वह नई कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) चैटबोट्स जैसे लोगों के सवालों का ऑनलाइन जवाब देने वाली चैटजीपीटी के आने के बाद उसके सामने अपनी बादशाहत खोने का खतरा उत्पन्न हो गया है। गूगल अपना एआई उत्पाद विकसित कर इसका मुकाबला



कर रहा है लेकिन चैटबॉट, बर्द ने बहुत शानदार शुरुआत नहीं की। इस महीने गूगल के विज्ञापन ने दिखाया कि बर्द ने जेम्स वेब अंतरिक्ष दूरबीन के बारे में गलत जानकारी दी। वेबसाइट की दुनिया में सबसे लोकप्रिय होने के साथ प्रतिष्ठा भी है और खासतौर पर अतुलनीय विज्ञापन राजस्व प्राप्त करती है। लेकिन हाल में प्रौद्योगिकी में आए बदलाव ने गूगल जैसे किरादारों के लिए अनिश्चिता पैदा की है। विज्ञापन राजस्व जिसने गूगल की सफलता में सबसे अधिक मदद की अब उतनी सशक्त नहीं रही। अगर एआई चैटबॉट जैसे चैटजीपीटी विज्ञापन राजस्व पर कब्जा करने लगे तो यह गूगल की विज्ञापन के मामले में शीर्ष सर्च इंजन के ओहदे को हिला सकती है। गूगल पर निर्भर रहने वाले लोग अकसर सवाल नहीं करते और ऐसा होता है कि वह गूगल के पहले सर्च पन्ने से आगे नहीं जाते लेकिन एआई के नए मंच के उदय से सामने आया है कि जैसे की है किसी विषय को खोजते हैं वह कुछ वेबसाइटों की लिंक तक सीमित नहीं है। इसके बजाय चैटबॉट उसे दिखाती भी है और वार्तालाप के स्वरूप में यह कार्य कर सकती है। ऐसी एआई बिना विवाद के नहीं रह सकती। चिंताएं जताई गई हैं कि इससे साहित्य चोरी हो सकती है या इससे भी अधिक नौकरियां जा सकती है।

### एआई में विशेषज्ञता

गूगल के लिए सफलता को जारी रखने की कुंजी कृत्रिम बुद्धिमत्ता मे विशेषज्ञता और उसे अपनी सेवाओं मे शामिल करना है। लेकिन इसकी कोई गांरटी नही है क्योंकि कंपनी सोशल मीडिया मे महारत हासिल करने की कम से कम से पूर्व मे की गई पांच कोशिशो मे असफल रही है। फिलहाल इसमें कोई आशंका नही है कि गूगल ट्रैफिक को संभाल सकता है लेकिन वास्तव मे सवाल है कि क्या वह सही माल मुहैया करा पाएगा। चैटजीपीटी जैसे नए खिलाड़ी गूगल की तरह सवालों को किस हद तक संभाल पाएंगे यह खुली बहस है। सबूत है कि वे नहीं संभाल सकते है क्योंकि चैटजीपीटी के सामने इस साल कई समस्याएं सामने आ चुकी है और अधिक मांग होने पर वह नए उपयोगकर्ताओं को स्वीकार नही कर पा रही थी या उनके सवालों का जवाब नही दे पा रही थी। चैटजीपीटी वह मंच है जिसपर मीडिया की सबसे अधिक नजर गई है। हालांकि, वह प्रतिद्वंद्वी बिग की तरह खुद को स्थापित कर सकती है जिससे अंततः गूगल का सरदर्द बढ़ेगा। बिग वैश्विक स्तर पर गूगल और बैदू के बाद तीसरा बड़ा सर्च इंजन है। यह स्थिति उसके द्वारा अपना एआई सर्च शुरू करने से बदल सकती है। और इसमे कोई शक नही है कि यह स्थापित कंपनी के लिए अधिक आय लेकर आएगी। गूगल के विपरीत माइक्रोसॉफ्ट विज्ञापन राजस्व पर बहुत अधिक निर्भर नही है और इसकी वजह उसका कारोबार मॉडल है। माइक्रोसॉफ्ट ने अपने राजस्व मे सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर और क्लाउड कंप्यूटिंग के रूप मे विविधता लाई है। उपभोक्ता और बाजार आंकड़ा सेवा स्टैटिका के मुताबिक गूगल के विज्ञापन राजस्व मे हिस्सेदारी गत सालो मे घटी है लेकिन इसके बावजूद कंपनी के कुल राजस्व मे इसकी 80 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कई लोग गूगल को सर्च इंजन मानते है लेकिन मोटे तौर पर यह विज्ञापन कंपनी है।

PUBLIC NOTICE
To be known to all that I, Dolly Saxena & Anand Saxena S/D/O Late Shri N.C. Saxena, Cont. 9999798360, Email: advocate12nm@gmail.com, R/o. Flat No 92 Block & Pocket-AO TCPO Officers CGHS Ltd Shalimar Bagh Delhi, has applied for the conversion of aforesaid property. The documents like Original Share Certificate, Allotment Letter and Possession Letter of Flat No 92 Block & Pocket-AO TCPO Officers CGHS Ltd Shalimar Bagh Delhi-88, issued by DDA, of aforesaid property have been lost. An F.I.R to this effect has been lodged in police station on dated 31.01.2023. Any person(s) claiming any right, having any objection or found in possession of original document may write/contact with above named person at above address within 15 days from the date of publication of this notice & can personally contact- Deputy Director (GH) C-block, 2nd floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

PUBLIC NOTICE
We are hereby to inform all concerned that we are going to destroy all medical records from Jan-2018 (7772/17-13593/18) to Dec-2019 (13594/18-20604/19) as per government's documents retention policy. In case any person thereof wants to see the treatment records or to have a copy of the same, may please contact medical record department within one month after the publishing of this article.
MATA ROOP RANI MAGGO HOSPTAL PVT. LTD.
C-8&9, Om Vihar, Phase-1, Uttam Nagar, Metro Pillar No. 709, N.D.-59
Dr. Aman Maggo - Medical Director

आईडी कार्ड खोने के संबंध में
सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा जारी गुड़िया का आईडी कार्ड, जिसका आईडी कार्ड नंबर 2314810 है, दिनांक 16-02-2023 को गुम हो गया तथा/अथवा खो गया है। जिस भी व्यक्ति को उक्त आईडी कार्ड मिले, उस व्यक्ति से उक्त आईडी कार्ड, मैनेजर डेट सर्विसेज ऐंड मैनेजमेंट्स ग्रुप, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एस.डी टावर, रोहिणी, सेक्टर-8, नई दिल्ली-110085 को लौटाने का अनुरोध किया जाता है।
अतएव आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के सभी ग्राहकों को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि उक्त आईडी कार्ड नंबर 2314810 के धारक किसी अनधिकृत व्यक्ति को कोई भुगतान नहीं करें।
कृपया आगे सूचित हों कि उक्त आईडी कार्ड धारक किसी भी व्यक्ति को कोई भुगतान करने वाला व्यक्ति ऐसा अपनी स्वयं की लागत, जोखिम और खतरे पर ऐसा करेगा तथा आईसीआईसीआई बैंक किसी भी भुगतान के लिए बाध्य नहीं होगा तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।
तिथि : 19-02-2023
स्थान : दिल्ली
वास्ते :-
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

PUBLIC NOTICE
Entire Property Bearing No. C-95, DDA Shed, Okhla Industrial Area, Phase-1, New Delhi-110020, Measuring 97.53 Sq.mtrs.
Be it known to all that my client Ananta Buildcon through its proprietor Mr. Tushar Arora intend to purchase the above captioned property from its owner NMP Technologies Pvt. Ltd. throught its Directors Ms. Bina Gupta and Ms. Mita Bhan, having office at 62, Godavri, Alaknanda, Delhi-110019. original title deeds/ documents being conveyance deed dt. 08.08.2006, duly registered in the office of the sub registrar, New Delhi as document no.17661 in addl. Book No.i Vol.No. 2176 on pages 182 to 193 on dated 14.08.2006.
Any person/Bank/F.I/Authority having any right, title, interest, claim or demand of any nature whatsoever in respect of the above captioned property, or has any sort of dispute/litigation and/or otherwise any objection for its sale to my clients, he/she/they should contact and notify such objection (with valid documentary proof) to the undersigned within 7 days from the date of publication hereof, failing which it will be presumed that the above captioned property is free from all sorts of encumbrances and my clients complete the said sale transaction.
RADHIKA ARORA (Advocate)
Chamber No. 564 Saket Court Complex, New Delhi -110017
Email: radhikaar03@gmail.com

# शिक्षा बंगाल में अशिक्षा में बदल गई है : प्रधान

## नेताओं और मंत्रियों के कदाचार बनी वजह

भाषा। कोलकाता



**केंद्रीय शिक्षा** मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उसके नेताओं और मंत्रियों के कदाचार की वजह से शिक्षा राज्य में अशिक्षा में तब्दील हो गई है।
उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस नीत पश्चिम बंगाल की सरकार के खराब शासन में शिक्षा क्षेत्र में केवल तोलाबाजी और कट मनी चल रहा है। शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक पदों की भर्ती में कथित घोटाले के सिलसिले में तृणमूल कांग्रेस के कई नेताओं और एक मंत्री की गिरफ्तारी को ओर इंगित करते हुए प्रधान ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों ने पूरे घोटाले का खुलासा किया और सजा दिलाने की जिम्मेदारी ली। केंद्रीय मंत्री राज्य सरकार प्रायोजित और सहायता प्राप्त स्कूलों में शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक पदों की भर्ती में कथित घोटाले के आरोप में राज्य के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी और भर्ती समिति और शिक्षा बोर्ड के कई अधिकारियों की गिरफ्तारी का संदर्भ दे रहे थे जिसकी जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)कर रहे हैं। यहां आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से प्रधान ने कहा, केंद्रीय एजेंसियों की जांच में प्रगति होने पर आने वाले दिनों में कई और बड़े नाम सीबीआई के दायरे में आएंगे...अब नौकरी भर्ती घोटाले में बिचौलिए पकड़े जा रहे हैं...केंद्रीय एजेंसियों द्वारा बड़े नाम आने का इंतजार करें।यह तय समय में होगा। प्रधान ने कोलकाता में पार्टी कार्यकर्ता के आवास पर मध्यान्ह भोजन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नीत तृणमूल पर हमला जारी रखते हुए आरोप लगाया, तृणमूल कांग्रेस का सबसे बड़ा अपराध भर्ती घोटाला , मध्यान्ह भोजन घोटाला और तोलाबाजी से पैसे एकत्र करना है। प्रधान के बयान पर तृणमूल कांग्रेस प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि प्रधान को शिक्षा क्षेत्र में अनियमितता को लेकर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उत्तर प्रदेश के कई स्थानों पर छापेमारी के बारे में स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

## एनआईए ने आतंकी गतिविधियों में इस्तेमाल किए गए तीन वाहन जब्त किए

भाषा। जम्मू

**राष्ट्रीय अन्वेषण** अभिकरण (एनआईए) ने शनिवार को कहा कि उसने जम्मू कश्मीर के पूर्व पुलिस अधिकारी दविंदर सिंह की आतंकी गतिविधियों से जुड़े एक मामले में तीन वाहन जब्त किए हैं। सिंह को 2021 में गिरफ्तार किया गया था। एनआईए के प्रवक्ता ने बताया कि इन वाहनों का इस्तेमाल आरोपी व्यक्तियों ने कश्मीर घाटी में आतंकी गतिविधियों में सहायता करने के लिए किया था। पूर्व पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) सिंह को प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के स्वयंभू कमांडर नवीद बाबू, रफी अहमद राठेर और अधिवक्ता इरफान शफी मीर के साथ उस वक्त गिरफ्तार किया गया था, जब उनकी कार को जम्मू कश्मीर पुलिस ने काजीगुंड के पास रोका था। वाहन की तलाशी में एक एके-47 राइफल, तीन पिस्तौल और हथियारों एवं गोलाबारूद का जखीरा बरामद किया गया था।

# अमित शाह ने दीक्षाभूमि और डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर के दर्शन किए

भाषा। नागपुर



**केंद्रीय मंत्री** अमित शाह ने शनिवार को नागपुर के रेशमीबाग इलाके स्थित दीक्षाभूमि स्मारक और डॉ.हेडगेवार स्मृति मंदिर के दर्शन किए। शाह दीक्षाभूमि गए जहां पर डॉ. भीमराव आंबेडकर ने 1956 में अपने समर्थकों के साथ बौद्ध धर्म की दीक्षा ली थी। शाह ने भारतीय संविधान के निर्माता को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वह पूर्वाह्न 10 बजकर करीब 30 मिनट पर दीक्षाभूमि आए थे।
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शाह ने इसके बाद रेशमीबाग स्थित डॉ.हेडगेवार स्मृति मंदिर गए। यह मंदिर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस)के संस्थापक का स्मारक है। शाह ने डॉ.हेडगेवार और आरएसएस के विचारक एम एस गोलवालकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। नागपुर दौरे के दौरान महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी उनके साथ थे। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री लोकमत अखबार के संस्थापक संपादक और स्वतंत्रता सेनानी जवाहर दर्डा की जन्म शताब्दी और अखबार के नागपुर से प्रकाशित मराठी संस्करण की स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होने के लिए शहर आए हैं, जिन्हें उनके समर्थक बाबूजी कहते हैं। शाह शुक्रवार शाम को नागपुर पहुंचे थे और उन्होंने फुटला झील में संगीतमय फव्वारे और लाइट शो का आनंद लिया था। फुटला झील में तैरते फव्वारे की परिकल्पना नागपुर से संसाद और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने की थी।

## बीजद-कांग्रेस ने भाजपा पर ओडिशा से विश्वासघात करने का आरोप लगाया

**भुवनेश्वर।** ओडिशा मे सत्ताधारी बीजू जनता दल (बीजद) और विपक्षी कांग्रेस पार्टी ने शनिवार को भाजपा पर राज्य के लोगों से विश्वासघात करने का आरोप लगाया। दोनो दलो ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के इस स्पष्टीकरण के बाद आरोप लगाया कि केंद्र के पास तटवर्ती राज्य को विशेष दर्जा देने की कोई योजना नही है। बीजद ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया कि वह राज्य के लोगो के साथ विश्वासघात कर रही है और अपने चुनावी वादे से पीछे हट गई है। बीजद उपाध्यक्ष और विधायक देबी प्रसाद मिश्र ने पीटीआई-भाषा से कहा, केंद्रीय वित्त मंत्री ने दुर्भाग्य से भाजपा का असली रंग सामने ला दिया। भाजपा ने अपने चुनाव घोषणापत्र मे ओडिशा को विशेष राज्य का दर्जा देने की बात कही थी, लेकिन इसके नेताओ ने इस दिशा मे काम नही किया। यह ओडिशा के लोगो के साथ विश्वासघात है।

## पंजाब के मुख्यमंत्री ने तालाब और महालक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना की

**जालंधर।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर जालंधर स्थित शक्ति पीठ देवी तालाब मंदिर और महालक्ष्मी मंदिर मे पूजा-अर्चना की। आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक मान ने कहा कि महाशिवरात्रि लोगो को सत्य की तलाश की दिशा मे प्रयास करने को प्रेरित करती है जो उन्हें भगवान शिव द्वारा प्रतिपादित परम चेतना की ओर ले जाता है। मान ने श्री महालक्ष्मी मंदिर स्थित शिवालय मे पूजा की और उम्मीद जताई कि यह त्योहार राज्य मे सामुदायिक सदभाव और भाईचारे की भावना को और मजबूत करेगा। मुख्यमंत्री ने श्री देवी तालाब मंदिर मे भी पूजा की।

## सड़क दुर्घटना में बस कंडक्टर की मौत, 14 अन्य घायल

**जींद।** जिले के लजवानां क्लां गांव के पास एनएच 152 डी पर शनिवार को एक ट्रक ने एक बस को टक्कर मार दी। इस घटना मे एक बस कंडक्टर की मौके पर ही मौत हो गई और 14 अन्य यात्री घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। जुलाना थाना प्रभारी समरजीत ने बताया कि जयपुर से एक बस एनएच-152 डी से चंडीगढ़ के लिए जा रही थी। उन्होंने बताया कि जब बस लजवाना क्लां गांव के पास पहुंची तो कोहरे के कारण एक ट्रक ने एक बस को टक्कर मार दी, जिसमे राजस्थान के झुंझुनू निवासी 25 वर्षीय सचिन की मौके पर ही मौत हो गई और 14 अन्य यात्रियो को चोटे आईं। उन्होने बताया कि सूचना पाकर जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलो को जुलाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से सात यात्रियो को गंभीर अवस्था के चलते पीजीआई, रोहतक भेज दिया गया।

## सरकार प्राकृतिक आपदा के चलते खराब हुई फसल के नुकसान की भरपाई के लिए कटिबद्ध : कटारिया

**जयपुर।** राजस्थान के कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार प्राकृतिक आपदाओ के कारण किसानो की फसल खराब होने के नुकसान की भरपाई के लिए कटिबद्ध है। कटारिया ने ग्राम पंचायत कालख, जोबनेर (जयपुर) मे किसानो को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की पॉलिसी प्रदान कर मेरी पॉलिसी, मेरे हाथ अभियान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत की। कटारिया ने कहा कि किसानो को अतिवृष्टि, ओलावृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदाओ से नुकसान झेलना पड़ता है और ऐसी आपदाओ से कृषको को राहत प्रदान करने के लिए फसल बीमा योजना बेहतर साबित हुई है।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया को मिलकर काम करें : जयशंकर

भाषा। नई दिल्ली



**विदेशमंत्री** एस.जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के लिए विश्व की दिशा तय करने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है।
रायसीना सिडनी बिजनेस ब्रेकफास्ट में दिए अपने अहम संबोधन में विदेश मंत्री ने कहा कि दुनिया की मौजूदा परिस्थिति भारत और ऑस्ट्रेलिया को एक दूसरे के लिए और काम करने को मजबूर करती है। इस समय ऑस्ट्रेलिया में मौजूद जयशंकर ने कहा, सबसे बड़े लक्ष्यों में एक लक्ष्य यह है कि वास्तव में कैसे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर से खतरे को कम करे, जिनमें एक (लक्ष्य) भरोसेमंद और लचीला आपूर्ति श्रृंखला का निर्माण शामिल है। यह वास्तव में भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान द्वारा शुरू की गई पहलों में एक है जिन्हें चिह्नित किया गया था। उन्होंने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया अपने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने के रास्ते पर है और भारत ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता (ईसीटीए) दोनों देशों के रिश्तों में उत्प्रेरक साबित होगा। गौरतलब है कि दोनों देशों ने दो अप्रैल 2022 को भारत-ऑस्ट्रेलिया ईसीटीए पर हस्ताक्षर किए थे और पिछले साल 29 दिसंबर को यह प्रभावी हुआ। आर्थिक थिंक टैंक जीटीआरआई के मुताबिक यह समझौता माल एवं सेवा का द्विपक्षीय व्यापार मजबूत करेगा और अगले पांच साल में दोनों देशों का कारोबार 70 अरब डॉलर तक पहुचांने में मददगार साबित होगा। जयशंकर ने कहा, दुनिया की स्थिति ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के लिए एक दूसरे के साथ मिलकर कार्य करने पर मजबूर किया है...मेरा मानना है कि जिस दिशा में दुनिया जा रही है और जिस तरह के बदलाव हो रहे हैं, यह भारत और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के लिए जरूरी है कि वे जिस दिशा में दुनिया जा रही है उसे आकार देने के लिए मिलकर काम करें। उन्होंने कहा कि भारत का लक्ष्य इस साल सात प्रतिशत विकासदर हासिल करने की है। लेकिन हम इसमें अगले पांच साल में सुधार की उम्मीद करते हैं। निश्चित तौर पर हम मानते हैं कि कम से कम एक या डेढ़ दशक में सात से नौ प्रतिशत विकास दर हासिल करेंगे। जयशंकर ने कहा कि भारत की आशावान आर्थिक स्थिति और निवेश में सकारात्मक माहौल की वजह मुश्किल समय में लिया गया फैसला है। आर्थिक विश्वास हमारी तैयार करने, समन्वय और विनिर्माण की क्षमता में देखा जा सकता है। मंत्री ने रेखांकित किया कि भारतीय प्रतिभा का उल्लेखनीय आगमन ऑस्ट्रेलिया में हुआ है। उन्होंने कहा, कैसे हम कौशल और विकास की क्षमता का विस्तार कर सकते हैं? हम इसके लिए ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालयों का भारत में स्वागत करते हैं। हमारे लिए यह केवल भारतीय छात्रों का ऑस्ट्रेलिया आना भर नहीं है। यह भारत और ऑस्ट्रेलिया द्वारा अधिक कौशल, अधिक प्रतिस्पर्धी प्रतिभा भारत में तैयार के लिए मिलकर काम करने को लेकर है।

# राउत की जमानत निरस्त करने की ईडी की याचिका पर अदालत ने पूछाः मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी क्यों नही

भाषा। मुंबई

**बंबई उच्च** न्यायालय ने शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से पूछा कि उसने पात्रा चॉल पुनर्विकास परियोजना के मामले में मुख्य आरोपियों को कभी गिरफ्तार क्यों नहीं किया। ईडी ने इस मामले में शिवसेना सांसद संजय राउत को दी गई जमानत को निरस्त करने की मांग की है। मामले में संजय राउत और सह-आरोपी प्रवीण राउत को एक विशेष अदालत ने धन शोधन के मामलों में 9 नवंबर, 2022 को जमानत दे दी थी। उन्हें गिरफ्तारी के सौ दिन से अधिक समय बाद जमानत दी गई थी। ईडी ने उसी दिन जमानत के खिलाफ अदालत का रुख करते हुए इस पर अंतरिम रोक की मांग की थी, लेकिन अदालत ने कोई अंतरिम आदेश जारी करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एन आर बोरकर ने शनिवार को ईडी की याचिका पर विशेष सुनवाई की। न्यायाधीश ने पूछा कि एजेंसी ने मुख्य आरोपी और हाउसिंग डवलपमेंट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एचडीआईएल) के प्रवर्तकों सारंग तथा राकेश वधावन को गिरफ्तार क्यों नहीं किया। ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल अनिल सिंह ने दलील दी कि विशेष अदालत ने जमानत देते हुए अप्रासंगिक सामग्री पर विचार किया। उन्होंने कहा कि धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) धनशोधन के खिलाफ कड़ी कार्वाई के लिए लागू किया गया था। सिंह ने कहा, यह (धन शोधन) हत्या के आरोप से भी गंभीर है और इसमें इस कृत्य को अंजाम देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्वाई जरूरी है। सिंह जब सारंग और राकेश वधावन के खिलाफ आरोप पढ़ रहे थे तो अदालत ने पूछा कि क्या ईडी ने मौजूदा मामले में दोनों को गिरफ्तार किया था। सिंह ने कहा कि एजेंसी ने ऐसा नहीं किया था क्योंकि वे एक अन्य मामले में न्यायिक हिरासत में थे, लेकिन ईडी ने उनके बयान दर्ज किए थे। अदालत ने कहा, वे मुख्य आरोपी हैं। उनके खिलाफ धनशोधन के आरोप हैं। अगर उन्हें अनुसूचित अपराध में जमानत पर छोड़ा जाता है तो क्या होगा? पीठ ने सिंह से उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय के पहले के ऐसे फैसले दिखाने को भी कहा जिनमें इस आधार पर जमानत निरस्त कर दी गई कि निचली अदालत का आदेश प्रतिकूल था। सुनवाई दो मार्च को भी जारी रहेगी।

## बीएसएफ ने पाक सीमा के पास तस्करों से मुठभेड़ के बाद हथियार, मादक पदार्थ जब्त किए

भाषा। नई दिल्ली

**सीमा सुरक्षा बल** (बीएसएफ) ने शनिवार को पंजाब के गुरदासपुर में भारत और पाकिस्तान के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास पाकिस्तानी तस्करों से मुठभेड़ के बाद 20 पैकेट हेरोइन और हथियारों तथा कारतूस का जखीरा बरामद किया। एक अधिकारी ने बताया कि बीएसएफ की 113 बटालियन ने आज सुबह गुरदासपुर जिले के खसावली गांव के पास तस्करों की संदिग्ध गतिविधि देखी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई। बीएसएफ के उप महानिरीक्षक प्रभाकर जोशी ने गुरदासपुर में संवाददाताओं से कहा, सुबह 5:30 बजे घने कोहरे में गश्त के दौरान बीएसएफ के कांस्टेबल हेमराम ने कुछ संदिग्ध गतिविधियां देखीं। जब उन्होंने तस्करों को चुनौती दी तो उन्होंने पाकिस्तान की ओर से गोली चलाना शुरू कर दिया। हमारे जवानों ने भी जवाब में गोली चलाईं। जोशी ने बताया कि एक गश्ती कमांडर के नेतृत्व में टीम ने भी बीएसएफ जवानों का साथ दिया।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मीनाक्षी सुंदरेश्वर मंदिर में दर्शन किए



भाषा। मदुरै (तमिलनाडु)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को यहां श्री मीनाक्षी सुंदरेश्वर मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना की। राष्ट्रपति बनने के बाद अपने पहले तमिलनाडु दौरे पर आईं मुर्मू जब दोपहर में प्राचीन मंदिर में पहुंचीं, तो उनका मंदिर की ओर से पूर्ण सम्मान (पूर्णकुंभम) किया गया। राष्ट्रपति ने करीब एक घंटा मंदिर परिसर में बिताया। इससे पहले तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि और प्रदेश के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री टी मानो थंगराज ने यहां हवाई अड्डे पर पहुंचने पर मुर्मू का स्वागत किया। इस दौरान रवि परंपरागत तमिल परिधान धोती और शर्ट पहने हुए थे। राष्ट्रपति के आधिकारिक ट्विटर एकाउंट से ट्वीट किया गया, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मदुरै में मीनाक्षी अम्मा के दर्शन के साथ तमिलनाडु का दौरा शुरू किया। उन्होंने देवी मां से सभी की कुशलता के लिए प्रार्थना की। राष्ट्रपति भवन ने भी एक तस्वीर साझा की, जिसमें एक बच्ची को मुर्मू का अभिवादन करते हुए देखा जा सकता है। यहां सर्किट हाउस में कुछ समय के प्रवास के बाद राष्ट्रपति कोयंबटूर जाएंगी।

# जम्मू-कश्मीरः महाशिवरात्रि पर मुस्लिम दंपत्ति ने भगवान शिव को जल अर्पित किया

भाषा। मट्टन (जम्मू-कश्मीर)

**जम्मू-कश्मीर के** अनंतनाग जिले के मार्तंड सूर्य मंदिर में शनिवार को महाशिवरात्रि के मौके पर दर्जनों भक्तों के साथ राजस्थान के एक मुस्लिम दंपत्ति ने भी भगवान शिव को जल अर्पित किया। हरियाणा के कुरुक्षेत्र की रहने वाली जोया खान ने पीटीआई-भाषा को बताया, यह हिंदुओं (महाशिवरात्रि) और मुसलमानों (शब-ए-मेराज) दोनों के लिए एक शुभ अवसर है और ऐसा नहीं है कि हम मुसलमान (मुस्लिम) मंदिर नहीं जा सकते हैं। जोया की शादी राजस्थान के रहने वाले फैजान खान हुई है। उन्होंने आगे बताया, मैंने शिवजी को जल चढ़ाया है। यह दंपत्तियों के लिए अच्छा माना जाता है। मेरी मां ने भी मुझे इसके बारे में बताया है। हम मुस्लिम हैं लेकिन हमें यह परंपरा पसंद है। इसलिए हम इसका पालन करते हैं। श्रीनगर के डल झील स्थित शंकराचार्य मंदिर पहुंची जोया ने बताया, यहां आने से पहले, हमने सोचा था कि यहां हिंदू-मुस्लिम सांप्रदायिक तनाव हो सकता है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है। लोगों को इसके बारे में तब तक पता नहीं चलेगा जब तक वे वहां नहीं जाते।इसके अलावा जम्मू के शुभम ने कहा, मैं यहां अपने चाचा के साथ पुजारी के रूप में शिवरात्रि पूजा में हिस्सा लेने आया था। हमने सुबह 3 बजे पूजा शुरू की। यह मंदिर महत्वपूर्ण है क्योंकि शंकराचार्य ने यहां तपस्या की थी।वहीं, कश्मीरी पंडित राकेश रैना ने कहा, हम प्रार्थना और कामना करते हैं कि भगवान शिव सभी पर अपना आशीर्वाद बनाए रखें ताकि हाल ही में तुर्किए में जो कुछ हुआ, वैसी आपदाएं दोबारा न आएं। इसके अलावा यहां की पूजा व्यवस्था से प्रभावित मुंबई की पर्यटक ज्योति ने बताया, हमने यहां दर्शन किए, यहां का प्रबंधन बहुत अच्छा है।



## भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की अपील को लेकर साधु-संतों ने शुरू की पदयात्रा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ मे सामाजिक समरसता का संदेश देने और भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की अपील को लेकर साधु-संतों ने शनिवार को पदयात्रा की शुरुआत की। अखिल भारतीय संत समिति की छत्तीसगढ़ इकाई के तत्वावधान मे हो रही राज्यव्यापी पदयात्रा को विश्व हिंदू परिषद (विहिप) का समर्थन प्राप्त है। विश्व हिंदू परिषद के एक पदाधिकारी ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर दंतेवाड़ा समेत चार स्थानो से शुरू हुई हिंदू स्वाभिमान जागरण संत पदयात्रा 19 मार्च को राजधानी रायपुर मे संतो की एक विशाल सभा के साथ संपन्न होगी। दंतेवाड़ा मे मां दंतेश्वरी मंदिर मे पदयात्रा की शुरुआत के मौके पर संवाददाताओ से बात करते हुए विहिप की छत्तीसगढ़ इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा ने कहा कि पदयात्रा का उद्देश्य सामाजिक सद्भावना फैलाना और हिंदू धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। वर्मा ने बताया कि इसके अलावा यात्रा के दौरान साधु-संत लोगो से भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने में योगदान देने की अपील भी करेंगे। उन्होंने कहा, भारत को विभाजन (1947 में) के बाद एक हिंदू राष्ट्र के रूप में घोषित किया जाना चाहिए था, लेकिन दुर्भाग्य से इसे एक धर्मनिरपेक्ष देश के रूप मे मान्यता दी गई थी। यह दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जिसकी पहचान हिंदुओ के देश के रूप में है। संत चाहते है कि सभी हिंदू योगदान दे और देश को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की अपील करें। वर्मा ने कहा कि पदयात्रा के दौरान धर्मांतरण, लव जिहाद, गौहत्या और इस तरह की अन्य गतिविधियो के बारे मे भी लोगो को जागरूक किया जाएगा। उन्होने कहा कि यात्रा 19 मार्च को रायपुर में समाप्त होने से पहले लगभग 700 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। इस बीच, पदयात्रा को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पास अब कोई मुद्दा नही बचा है इसलिए वह धर्म की राजनीति का सहारा ले रही है। बघेल ने कहा, भाजपा के सारे हथियार छत्तीसगढ़ मे निष्प्रभावी हो गए है। उनका आखिरी हथियार धर्म को लेकर है। मै विश्व हिंदू परिषद के साथियो से कहना चाहूंगा कि यदि आप हिंदू राष्ट्र बनाना चाहते है तो आपकी केंद्र मे पूर्ण बहुमत की सरकार है, वहां जाकर धरना दीजिए। वहां हमारे प्रधानमंत्री है, आपके तो नेता है, वहां जाकर कीजिए।

## देश में मॉडल स्टेट बनकर उभरा राजस्थानः गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को कहा कि राजस्थान विकास के सभी पायदान पर तेजी से अग्रसर होता हुआ देश में मॉडल स्टेट के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आदिवासी क्षेत्रो के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और उन्होंने अपने सालाना बजट में आदिवासी क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए कई महत्वपूर्ण सौगाते दी है। गहलोत प्रतापगढ़ जिले के धरियावद विधानसभा क्षेत्र मे राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां करीब 11.74 करोड़ रुपए के तीन विकास कार्यो का लोकार्पण एवं 59.68 करोड़ रुपए के 10 विकास कार्यो का शिलान्यास भी किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने आदिवासियों के कल्याण के लिए बजट में कोई कमी नही रखी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बजट मे सिंचाई क्षेत्र के मद मे एक बड़ा हिस्सा मेवाड़ अंचल को दिया है क्योंकि यहां सिंचाई परियोजनाओं के लिए प्रबल संभावनाएं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पंक्ति के आखिरी छोर पर खड़े व्यक्ति को केंद्र में रखकर योजनाएं बना रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपने स्तर पर प्रतापगढ़ सहित राजसमंद व जालोर जिलो में मेडिकल कॉलेज भी खोलेगी। एक बयान के अनुसार गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार योजनाओं को जमीनी स्तर तक प्रभावी रूप से लागू कर रही है। उन्होंने कहा, बजट 2023-24 में मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा की राशि 10 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपए की गई है। साथ ही, मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना में भी बीमा राशि 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपए कर दी गई है। उन्होंने कहा कि आमजन को महंगाई से राहत देने के लिए अब एक करोड़ एनएफएसए उपभोक्ताओ को निःशुल्क राशन के साथ प्रतिमाह मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट भी दिए जाएंगे। इन फूड पैकेट में प्रति परिवार एक-एक किलो दाल, चीनी, मसाले तथा खाद्य तेल दिया जाएगा। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 100 यूनिट प्रतिमाह निःशुल्क बिजली उपलब्ध करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानवीय दृष्टिकोण से पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) पुनः लागू की गई है जिससे कार्मिको का भविष्य सुरक्षित होगा और उनकी चिंताएं दूर होंगी। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू होने से प्रत्एक सरकारी कार्मिक का परिवार सुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होने केन्द्र सरकार से अपील की है कि सरकारी कर्मियो के हितो का ध्यान रखते हुए वे भी ओपीएस को पुनः लागू करें। समारोह में जल संसाधन विकास मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीय व सहकारिता मंत्री उदय लाल आंजना भी मौजूद थे।

# नए राज्यपालों ने शपथ के बाद संभाला पदभार

## रमेश बैस ने महाराष्ट्र, फागू चौहान ने मेघालय, शिव प्रताप शुक्ला ने हिमाचल, सी पी राधाकृष्णन ने झारखंड के राज्यपाल बने

एजेंसी। नई दिल्ली





हाल ही में नियुक्त कई राज्यपालों ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया। रमेश बैस ने शनिवार को महाराष्ट्र के 22वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली। बैस ने भगत सिंह कोश्यारी की जगह ली है। बैस को यहां राजभवन में बंबई उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एस. वी. गंगापुरवाला ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। बैस ने मराठी में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मौजूद थे। सितंबर 2019 से महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में कार्य करने वाले कोश्यारी ने पिछले सप्ताह इस्तीफा दे दिया था। दूसरी ओर फागू चौहान ने मेघालय के राज्यपाल पद की शपथ ली। मेघालय उच्च न्यायालय के न्यायधीश वानलुरा दिएंदोह ने उन्हें पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। चौहान (75) बिहार के राज्यपाल थे और उन्होंने बीडी मिश्रा का स्थान लिया है। चौहान पूर्वोत्तर के इस राज्य के 23वें राज्यपाल हैं। वहीं पूर्व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री शिव प्रताप शुक्ला ने हिमाचल प्रदेश के 29वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय की कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सबीना ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने संस्कृत में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू भी उपस्थित थे। राज्य के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने नियुक्ति पत्र पढ़ा। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिला स्थित रूद्रपुर निवासी शुक्ला चार बार के विधायक हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से की थी। वह भाजपा में 1983 में शामिल हुए थे और 1989,1991,1993 तथा 1996 में विधायक चुने गए थे। वह 2016 में राज्यसभा सदस्य चुने गए थे। उधर तमिलनाडु से भाजपा के वरिष्ठ नेता सी पी राधाकृष्णन ने राजभवन में झारखंड के 11वें राज्यपाल के तौर पर शपथ ली। राधाकृष्णन (65) को झारखंड उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह ने यहां एक समारोह में पूर्वाह्न करीब साढ़े ग्यारह बजे पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नए राज्यपाल ने अंग्रेजी में शपथ ग्रहण की।

# अक्षर और अश्विन ने कराई भारत की वापसी

- दोनों ने दिखाई बल्लेबाजी में दम
- आठवें विकेट के लिए 114 रन की साझेदारी की
- भारत की पहली पारी 83.3 ओवर में 262 रन पर सिमटी



**भाषा।** नई दिल्ली

**हरफनमौला अक्षर पटेल** की 74 रन की शानदार पारी के साथ रविचंद्रन अश्विन (37) के साथ आठवें विकेट के लिए 114 रन की साझेदारी के दम पर भारत ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को मैच में वापसी की।

भारत की पहली पारी 83.3 ओवर में 262 रन पर सिमटी जो ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी से एक रन कम है। नाथन लियोन के पांच विकेट से भारतीय टीम 139 रन तक शीर्ष क्रम के सात विकेट गंवाकर पहली पारी में बड़े अंतर से पिछड़ने के कागार पर थी लेकिन अक्षर और अश्विन ने अगले 29.3 ओवर (117 गेंद) तक ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों को सफलता से दूर रख मैच में भारत की वापसी कराई। अक्षर ने 115 गेंद की पारी में नौ चौके और तीन छक्के लगाए जबकि अश्विन ने 71 गेंद की पारी में पांच चौके जड़े। लियोन ने 29 ओवर में 67 दिए और टेस्ट में 22वीं बार पांच या उससे अधिक विकेट चटकाए। लियोन को पदार्पण कर रहे मैथ्यू कुहनेमैन (21.3 ओवर में 72 रन) और दूसरा टेस्ट खेल रहे टॉड मरफी (18 ओवर में 53 रन) का अच्छा साथ मिला। दोनों ने दो-दो विकेट लिए। दिन का खेल खत्म होने तक हालांकि ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए एक विकेट पर 61 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। ऑस्ट्रेलिया की कुल बढ़त 62 रन की हो गई और उसके नौ विकेट बचे हुए है। स्टंप उखडते समय ट्रैविस हेड 40 गेंद में 39 और मार्नुस लाबुशेन 19 गेंद में 16 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे जबकि उस्मान ख्वाजा (छह) रविंद्र जडेजा (23 रन पर एक विकेट) की गेंद पर श्रेयस अय्यर को कैच दे बैठे। डेविड वॉर्नर चोटिल होने के कारण मैच से बाहर हो गए है और उनकी जगह ख्वाजा के साथ हेड ने पारी का आगाज किया। भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज जहां स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष कर रहे थे वहीं पहले टेस्ट में 84 रन की पारी खेलने वाले अक्षर और अश्विन की जोड़ी को आक्रामक बल्लेबाजी करने का फायदा मिला। अक्षर ने कुहनेमैन के खिलाफ छक्का जड़कर लगातार दूसरा अर्धशतक जड़ा। उन्होंने लियोन के खिलाफ भी गेंद को दर्शकों के पास भेजा। अपनी पारी के दौरान उन्होंने पैट कमिंस के खिलाफ बैकफुट पंच पर शानदार कवर ड्राइव लगाए। दूसरी ओर अश्विन ने भी रन बनाने का कोई भी मौका नहीं छोड़ा। इस साझेदारी को ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस (41 रन पर एक विकेट) ने नई गेंद लेने के बाद तोड़ा। शुरुआती सत्र में विकेटों के पतझड़ के बाद विराट कोहली (84 गेंदों में 44 रन) और रविंद्र जडेजा (74 गेंदों पर 26 रन) ने लंच के बाद के सत्र में पांचवें विकेट के लिए 59 रन जोड़कर भारतीय पारी को स्थिरता प्रदान की लेकिन मरफी और बाएं हाथ के स्पिनर कुहनेमैन ने दोनों को जल्दी-जल्दी आउट कर ऑस्ट्रेलिया को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। कोहली मैच में शानदार लय में दिख रहे थे और बड़ी पारी खेलने की ओर बढ़ रहे थे लेकिन उन्हे किस्मत का साथ नहीं मिला। अंपायर ने कुहनेमैन की गेंद पर उन्हें पगबाधा करार दिया। भारत के इस पूर्व कप्तान ने मैदानी अंपायर के फैसले के खिलाफ डीआरएस (अंपायर के फैसले की समीक्षा) लिया लेकिन टेलीविजन रीप्ले में इस बात का कोई निर्णायक सबूत नहीं मिला कि गेंद पहले पैड पर लगी या बल्ले से। आखिरकार मैदानी अंपायर का फैसला बरकरार रहा और कोहली को पवेलियन लौटना पड़ा। इससे पहले मरफी ने पिछले कुछ समय से भारत के लिए लगातार अच्छी बल्लेबाजी कर रहे जडेजा को पगबाधा किया। इन दोनों के पवेलियन लौटने के बाद विकेटकीपर कोना भरत (छह) ने बल्ले से एक और बार निराश किया। स्वीप शॉट खेलने के चक्कर में गेंद उनके ग्लव्स में लगी और स्लिप में खड़े स्टीव स्मिथ ने विकेटकीपर के पीछे भाग कर शानदार कैच लपका। इससे पहले दिन के शुरूआती सत्र में लोकेश राहुल (17) की खराब लय जारी रही जबकि चेतेश्वर पुजारा (शून्य) अपने 100वें टेस्ट की पहली पारी यादगार नहीं बना सके। भारतीय शीर्ष क्रम में सिर्फ कप्तान रोहित शर्मा (32) ही अच्छी लय में दिखे। जामथा (नागपुर) की तुलना में कोटला की पिच की गति थोड़ी अधिक थी। ऐसे में लियोन ने फ्लाइटेड गेंदों का शानदार इस्तेमाल किया। इससे बल्लेबाजों के मन में संदेह पैदा हुआ और वे बार-बार चकमा खाते दिखे। सलामी बल्लेबाज राहुल ऑस्ट्रेलिया के दो डीआरएस (अंपायर के फैसले की समीक्षा) अपील में बच गए लेकिन इसके बाद लियोन की गेंद पर पगबाधा होकर पवेलियन लौटे। लियोन ने राउंद द विकेट से गेंदबाजी की ।

### स्कोरबोर्ड

**ऑस्ट्रेलिया पहली पारी:** 263,भारत पहली पारी:रोहित बो लियोन 32, राहुल पगबाधा लियोन 17, पुजारापगबाधा लियोन 00,कोहली पगबाधाकुहनेमैन 44,अय्यर का हैंड्सकॉम्ब बो लियोन 04,जडेजा पगबाधा मरफी 26 भरत का स्मिथ बो लियोन 06,अक्षर पटेल का कमिंस बो मरफी 74,अश्विन का रेनशॉ बो कमिंस 37, शमीको कुहनेमैन 02, सिराज नाबाद 01,**अतिरिक्त:** (बाई: 08, लेग बाई: 11) 19,**कुल योग:** (83.3 ओवर मे सभी आउट) 262 रन,**विकेट पतन:** 1-46, 2-53, 3-54, 4-66, 5-125, 6-135, 7-139, 8-253, 9-259,**गेंदबाजी:** कमिंस 13-0-41-1, कुहनेमैन 21.3-4-72-2, लियोन 29-5-67-55,मरफी 18-2-53-2, हेड 2-0-10-0

**ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी:** ख्वाजा का श्रेयस बो जडेजा06,हेड नाबाद 39, लाबुशेन नाबाद 16,**अतिरिक्त:** 00,**कुल योग:** (12 ओवर मे एक विकेट पर) 61 रन,**विकेट पतन:** 1-23,**गेंदबाजी:** अश्विन 6-1-26-0, शमी2-0-10-0,जडेजा 3-0-23-1,पटेल 1-0-2-0

# वार्नर कनकशन और हेयरलाइन फ्रैक्चर के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर, रेनशॉ की एकादश में वापसी



**भाषा।** नई दिल्ली

**ऑस्ट्रेलिया के** स्टार सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर चोटिल होने के कारण भारत के खिलाफ यहां खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के बाकी बचे मैच में नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह अंतिम एकादश में मैथ्यू रेनशॉ को शामिल किया गया है। मैच के शुरुआती दिन शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया की पारी के 10वें ओवर में मोहम्मद सिराज की गेंद वॉर्नर के सिर (हेलमेट) पर लगी थी। बाएं हाथ के बल्लेबाज को इससे पहले कोहनी पर भी चोट लगी थी। इस चोट के बाद चिकित्सकों ने मैदान पर उनका उपचार किया था। उन्होंने कनकशन जांच (सिर में चोट लगने पर होने वाली जांच) कराए बिना खेलना जारी रखा। भारतीय टीम जब बल्लेबाजी के लिए मैदान में उतरी तो यह 36 वर्षीय खिलाड़ी क्षेत्ररक्षण के लिए नहीं आया। बाद में पता चला की उनके हाथ में हेयरलाइन फ्रैक्चर है। इससे तीसरे टेस्ट मैच में भी उनके खेलने पर संदेह है। सिराज और मोहम्मद शमी की शॉट गेंदों का सामना करते हुए वॉर्नर ने 15 रन की पारी खेली। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से जारी बयान के मुताबिक, वॉर्नर अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के दिशानिर्देशों के अनुरूप इंदौर में तीसरे टेस्ट से पहले उनके खेल प्रोटोकॉल का पालन करते हुए वापसी करेंगे। पहले दिन का खेल खत्म होने के बाद साथी सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने कहा कि वॉर्नर थोड़ी थकान महसूस कर रहे हैं। ख्वाजा ने कहा था, बांह और फिर सिर पर लगी चोट के का वह थोड़ी थकान महसूस कर रहे है। वार्नर के चोटिल होने से रेनशॉ की टीम में वापसी हुई। रेनशॉ को चार मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट में शून्य और दो रन की पारी के बाद टीम से बाहर कर दिया गया था।

### अदिति तीसरे दौर के बाद खिताब की दौड़ में बरकरार

**काएक (सऊदी अरब)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक शनिवार को यहां तीसरे दौर में पहले दो दिनों की तरह प्रदर्शन नही कर पाई लेकिन फिर भी उन्होंने तीन अंडर 69 का कार्ड खेला जिससे वह 50 लाख डॉलर इनामी अरामको लेडीज सऊदी इंटरनेशनल टूर्नामेंट में खिताब की दौड़ मे बनी हुई है। अदिति ने पहले दो दिन 65 और 66 का स्कोर बनाया था लेकिन तीसरे दौर में कमतर प्रदर्शन के कारण वह अमेरिका की लिलिया वू से दो शॉट पीछे हो गई हैं।

### जिम्बाब्वे ने सट्टेबाजी मामले में क्रिकेट प्रशंसक पर प्रतिबंध लगाया

**हरारे।** जिम्बाब्वे क्रिकेट (जेडसी) ने शनिवार को कहा कि उसने एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी को भारतीय सट्टेबाज के जरिए स्पाट फिक्सिंग में शामिल करने का प्रयास करने वाले एक प्रशंसक पर देश के सभी क्रिकेट मैदानों मे प्रवेश और प्रतियोगिताओं में शामिल होने पर प्रतिबंध लगा दिया।हरारे के 27 वर्षीय एडवर्ड वाल्टर मुपंगानो ने पिछले साल अगस्त में तेज गेंदबाज ल्यूक जोंगवे से संपर्क करके उन्हे भारतीय सट्टेबाज से मिलवाने के लिए कहा था।

### बाजार तय करेगा कि सभी टी2 लीग सफल होंगी या नहीं: एलार्डिस

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस को लगता है कि टी20 लीग के तेजी से हो रहे प्रसार से निश्चित रूप से नए दर्शक मिले है लेकिन लंबे समय में कितनी लीग बचेंगी, यह तो बाजार की मांग ही तय करेगी। फ्रेंचाइजी टी20 लीग की बढ़ोतरी से विश्व क्रिकेट विभाजित हो गया है क्योंकि इनसे मिलने वाली अत्यधिक लुभावनी राशि शीर्ष प्रतिभाओ को क्रिकेट के इस छोटे प्रारूप के प्रति आकर्षित कर रही है लेकिन इसका जवाबी तर्क है कि ए काफी अधिक हो जाएंगी।

### मैक्सवेल के भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला में चयन की संभावना

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवर के विशेषज्ञ हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल ने चोट से वापसी पर क्लब स्तर के एक मैच में अर्धशतक जड़कर भारत दौरे के लिए अपने चयन की दावेदारी पेश की। मैक्सवेल पैर मे चोट के कारण पिछले साल नवंबर मे टीम से बाहर है। यह 34 साल का क्रिकेटर अब सोमवार को दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विक्टोरिया के लिए मार्श शेफील्ड शील्ड मैच में खेलेगा। इस मैच में अच्छा प्रदर्शन कर वह मार्च में भारत के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम में जगह बना सकते है।

### केरल ब्लास्टर्स पर जीत से एटीके मोहन बागान का प्लेऑफ में स्थान पक्का

**कोलकाता।** आयरलैंड के मिडफील्डर कार्ल मैकह्ग के दो गोल की मदद से एटीके मोहन बागान ने शनिवार को यहां केरल ब्लास्टर्स को 2-1 से हराकर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल प्रतियोगिता के प्लेऑफ मे अपना स्थान पक्का कर लिया है। मैकह्ग ने 23वें और 71वें मिनट में गोल दागे और उनको हीरो ऑफ द मैच घोषित किया गया। केरल ब्लास्टर्स के लिए एकमात्र गोल यूनानी स्ट्राइकर दिमित्रियोस डायमंटेकोस ने 16वें मिनट में किया।

# पोंटिंग के साथ बातचीत से अक्षर की बल्लेबाजी में हुआ सुधार



**भाषा।** नई दिल्ली

**आल राउंडर** अक्षर पटेल पिछले 12 महीनों में बल्लेबाज के तौर पर काफी तेजी से सुधार कर रहे हैं और उन्होंने अपनी बल्लेबाजी सोच में बदलाव का श्रेय दिल्ली कैपिटल्स के कोच रिकी पोंटिंग को दिया जिन्होंने उनकी बल्लेबाजी में निखार लाने में अहम भूमिका निभाई। अक्षर ने पिछले तीन महीनों में सभी प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन किया है। शनिवार को दूसरे टेस्ट में उन्होंने रविचंद्रन अश्विन (37 रन) के साथ मिलकर मैच बदलने वाली 74 रन की पारी खेली। इन दोनों ने मिलकर आठवें विकेट के लिए 114 रन की साझेदारी निभाई जिससे भारतीय टीम 262 रन बनाकर आस्ट्रेलिया के पहली पारी के स्कोर से महज एक रन से पिछड़ रही थी। नागपुर में पहले टेस्ट में अक्षर की 84 रन की पारी ने भारत को 400 रन बनाने में मदद की जिससे मेजबानों ने आस्ट्रेलिया को मैच से बाहर कर दिया। दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन स्टंप के बाद अक्षर ने कहा, दिल्ली कैपिटल्स में मैंने रिकी से काफी बात की कि मैं अपनी बल्लेबाजी को और बेहतर कैसे कर सकता हूं। भारतीय टीम में भी मैं बल्लेबाजों से बात करता रहा हूं। मुझे लगा कि मैं 30 और 40 रन बनाकर अपनी काबिलियत के अनुसार नहीं कर पा रहा हूं, मैं मैच को फिनिश नहीं कर पा रहा हूं। इसलिए यह काफी कुछ मानसिक मजबूती के बारे में था। कभी कभार आल राउंडर के तौर पर आप विकेट लेने के बाद सहज हो जाते हो, जिससे आप लापरवाह हो सकते हो। इसलिए मैंने सोचा कि मैं इसमें सुधार कर सकता हूं कि इन 30 और 40 रन की पारियों को मैच विजई स्कोर में तब्दील कर सकता हूं। मैं अब ऐसा ही सोचता हूं और इसने काफी अंतर पैदा कर दिया है। आस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन ने भी अक्षर और अश्विन की तारीफ की जिन्हें लगता है कि यह भारतीय स्पिन जोड़ी किसी भी अंतरराष्ट्रीय टीम के शीर्ष छह में अच्छी बल्लेबाजी कर सकती है।

### अक्षर और अश्विन किसी भी टेस्ट टीम में शीर्ष छह स्थान में बल्लेबाजी कर सकते हैं: लियोन



**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन ने शनिवार को यहां भारत के निचले क्रम के बल्लेबाज में अक्षर पटेल और रविचंद्रन अश्विन की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह जोड़ी किसी भी टेस्ट खेलने वाली टीम में शीर्ष छह में बल्लेबाजी कर सकती है। दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन अश्विन (37 रन) और अक्षर (74 रन) ने तब आठवें विकेट के लिए 114 रन की भागीदारी निभाई जबकि भारत ने 139 रन पर सात विकेट गंवा दिए थे। लियोन ने टेस्ट क्रिकट में 22वीं बार पांच विकेट झटकने का कारनामा किया। उन्होंने दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद कहा, वे निचले क्रम के बल्लेबाज नहीं हैं। मेरी नजर में अक्षर और अश्विन दुनिया भर के टेस्ट क्रिकेट में कुछ टीमों में शीर्ष छह स्थान पर आसानी से बल्लेबाजी कर सकते हैं। कह सकते हैं कि उनका (भारत का) शीर्ष क्रम काफी लंबा है। अक्षर और अश्विन की बदौलत भारतीय टीम आस्ट्रेलिया की पहली पारी के हिसाब से महज एक रन से पिछड़ रही थी। आस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए एक विकेट पर 61 रन बना लिए लेकिन लियोन ने कहा कि वह इस समय लक्ष्य निर्धारित करने की संख्या नहीं बता सकते। उन्होंने कहा, मैं आपको नंबर नहीं बता सकता। हम जो भी लक्ष्य दें, हमें सुनिश्चित करना होगा कि यह काफी रहे। हमें इसी मानसिकता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। हमें यहां अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी। लियोन ने कहा कि फिरोजशाह कोटला की पिच पर काफी उछाल था जिससे उन्हें मदद मिली। नागपुर की तुलना में दिल्ली में काफी उछाल है, जिसका मैं निश्चित रूप से फायदा उठाना चाहूंगा।

# मंधाना और ऋचा की पारी बेकार

- इंग्लैंड ने भारत को 11 रन से हराया
- गेंदबाज रेणुका सिंह ने पांच विकेट झटके पर फिरा पानी



**भाषा।** गेकबेर्हा (दक्षिण अफ्रीका)

**सलामी बल्लेबाज** स्मृति मंधाना (52 रन) की अर्धशतकीय पारी और ऋचा घोष (नाबाद 47 रन) के अंतिम ओवर में 19 रन बनाने के बावजूद भारत को शनिवार को यहां आईसीसी महिला टी20 विश्व कप लीग मैच में इंग्लैंड से 11 रन से हार का सामना करना पड़ा। टी20 विश्व कप में इस तरह इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा और जीत का रिकॉर्ड 6-0 कर दिया। भारत की मध्यम गति की गेंदबाज रेणुका सिंह ने पांच विकेट झटककर अपना सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन किया जिससे इंग्लैंड की टीम सात विकेट पर 151 रन ही बना सकी। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम मंधाना की सात चौके और एक छक्के जड़ति 41 गेंद की पारी तथा ऋचा घोष की 34 गेंद (चार चौके, दो छक्के) की नाबाद पारी के बावजूद निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 140 रन ही बना सकी। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (08), जेमिमा रोड्रिग्स (13 रन) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (04) ने जल्दी विकेट गंवा दिए जिससे टीम का स्कोर तीन विकेट पर 62 रन हो गया। इसका खामियाजा भारत को हार से भुगतना पड़ा। मंधाना और ऋचा ने चौथे विकेट के लिए 43 रन की भागीदारी निभाई। लेकिन 16वें ओवर की अंतिम गेंद पर मंधाना के आउट होने के बाद स्कोर चार विकेट पर 105 रन था।

### स्कोरबोर्ड

**इंग्लैंड :** डंक्ले बो रेणुका सिंह 10,वाट का घोष बो रेणुका सिंह 00,कैप्से बो रेणुका सिंह 03,साइवर ब्रंट का मंधाना बो शर्मा 50,नाइट का शेफाली वर्मा बो पांडे 28, जोंस का घोष बो रेणुका सिंह 40,एक्लेस्टोन नाबाद 11,साइवर ब्रंट का यादव बो रेणुका सिंह 00, ग्लेन नाबाद 00,**अतिरिक्त :** 09,**कुल :** 20 ओवर में सात विकेट पर 151 रन, विकेट पतन : 1-1, 2-10, 3-29, 4-80, 5-120, 6-147, 7-147,**गेंदबाजी :** रेणुका 4-0-15-5,पांडे 4-0-20-1,वस्त्राकर 2-0-24-0,शर्मा 4-0-37-1, गायकवाड़ 1-0-11-0, वर्मा 1-0-11-0,यादव 4-0-27-0

**भारत :** मंधाना का कैथरीन साइवर बो ग्लेन 52,शेफाली का नैट साइवर बो बेल 08, रोड्रिग्स का नैट साइवर बो ग्लेन 13,हरमनप्रीत का कैप्से बो एक्लेस्टोन 04,ऋचा नाबाद 47,शर्मा रन आउट 07,वस्त्राकर नाबाद 02,**अतिरिक्त :** 07,**कुल :** 20 ओवर मे पांच विकेट पर 140 रन,**विकेट पतन :** 1-29, 2-57, 3-62, 4-105, 5-119,**गेंदबाजी:** साइवर ब्रंट 3-0-39-0,बेल4-0-22-1,डीन3-0-23-0,एक्लेस्टोन 4-0-14-1, ग्लेन 4-0-27-2,साइवर ब्रंट 2-0-15-0

### हमने गेंदबाजी करने का तरीका बदल दिया: कास्प्रोविच

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया की 19 साल पहले भारत में पिछली टेस्ट श्रृंखला में मिली जीत के एक अहम सदस्य माइकल कास्प्रोविच ने बीते प्रदर्शन को याद करते हुए कहा कि वह आस्ट्रेलियाई मीडिया में चल रही पिचों के बारे में लगातार चर्चा को समझ नहीं पा रहे हैं। भारत ने नागपुर में श्रृंखला के शुरूआती टेस्ट में पारी से जीत हासिल की जिससे आस्ट्रेलिया को मेजबानों को उनकी ही मांद में हराने के लिए कुछ जादुई प्रदर्शन करना होगा। आस्ट्रेलिया ने 2004 में श्रृंखला 2-1 से जीत थी जिसमें कास्प्रोविच ने ग्लेन मैकग्रा और जेसन गिलेस्पी के साथ गेंदबाजी करते हुए नौ विकेट झटके थे।

# सौराष्ट्र की पकड़ बंगाल पर मजबूत

### रणजी ट्राफी : उनादकट और सकारिया ने दो दो विकेट झटके



**भाषा।** कोलकाता

**कप्तान** जयदेव उनादकट और चेतन सकारिया के दो दो विकेट चटकाने के बाद सौराष्ट्र की टीम अपना दूसरा रणजी ट्राफी खिताब जीतने से कुछ कदम की दूरी पर है क्योंकि मेजबान बंगाल की टीम शनिवार को यहां ईडन गार्डंस में चल रहे फाइनल के तीसरे दिन दूसरी पारी में चार विकेट गंवाकर 169 रन बनाकर जूझ रही है। बंगाल के कप्तान मनोज तिवारी 57 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं जबकि मेजबान टीम अब भी सौराष्ट्र के पहली पारी के 404 रन के स्कोर से 61 रन से पिछड़ रही है। सौराष्ट्र के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खतरनाक गेंदबाजी कर रहे थे जिससे उनादकट की टीम रविवार को ही मैच खत्म करने की स्थिति में दिख रही है। बंगाल का तेज गेंदबाजी आक्रमण सुबह के सत्र में प्रभावी नहीं रहा जिससे सौराष्ट्र ने रात के पांच विकेट पर 317 रन के स्कोर में 87 रन का इजाफा कर अपना स्कोर 400 रन के पार कर लिया। हालांकि कल के अविजित बल्लेबाज अर्पित वसावडा (81 रन) और चिराग जानी (60 रन) जल्दी आउट हो गए लेकिन पुछल्ले बल्लेबाज प्रेरक मांकड़ (33 रन) और धर्मेंद्रसिंह जडेजा (29 रन) ने सौराष्ट्र को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। बंगाल ने साथ ही सौराष्ट्र को 35 रन अतिरिक्त के रूप में दिए।

# नागल चेन्नई ओपन से हारकर बाहर



**भाषा।** चेन्नई

**सुमित नागल** की शनिवार को यहां सेमीफाइनल में निकोलस मोरेनो डी अल्बोरान के हाथों सीधे सेटों में हार से चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट के एकल ड्रॉ में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। क्वालीफाईंग दौर के जरिए मुख्य ड्रा में जगह बनाने वाले नागल को अपने अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी से एक घंटे 39 मिनट तक चले मैच में 4-6, 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। डी अल्बोरन फाइनल में आस्ट्रेलिया के मैक्स पर्सेल से भिड़ेंगे जिन्होंने एक अन्य सेमीफाइनल में हमवतन डेन स्वीनी को 6-4, 7-6 (3) से पराजित किया। इस बीच भारत के अर्जुन खाड़े और ग्रेट ब्रिटेन के उनके जोड़ीदार जे क्लार्क ने फाइनल में सेबेस्टियन ओफनर और नीनो सेर्डारुसिच को 6-0, 6-4 से हराकर युगल खिताब जीता।

### सेना संतोष ट्राफी के सेमीफाइनल में

**भुवनेश्वर।** सेना मणिपुर को 3-0 से हराकर शनिवार को यहां संतोष ट्राफी फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली पहली टीम बन गई। सेमीफाइनल रियाद में खेले जाएंगे। सेना ने शुरू में ही तीन गोल करके अपनी जीत सुनिश्चित कर दी थी। उसकी तरफ से यह गोल लिटन शिल (पांचवें मिनट), बी सुनील (14वें) और बिकाश थापा ने किए। सेना के चार मैचों में तीन जीत और एक ड्रॉ से 10 अंक हो गए हैं।

### भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 8-1 से रौंदा

**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका में अपने अभियान की शुरुआत मेजबान टीम पर 8-1 से शानदार जीत के साथ की।भारत ने शुक्रवार को मैच के पहले मिनट से ही दबदबा बनना शुरू किया और टीम पूरे मुकाबले के दौरान हावी रही। भारतीय टीम के लिए दीपिका सोरेंग ने दो जबकि उपकप्तान रुताजा दादासो पिसल, ऋतिका सिंह , सुनलिता टोप्पो , दीपिका सोरेंग और अन्नू ने एक-एक गोल दागे।

### स्मृति मंधाना डब्ल्यूपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की कप्तान बनी

**भाषा।** बेंगलुरु

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर** (आसीबी) ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरूआती सत्र लिए भारत की अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को अपना कप्तान नियुक्त किया है। इस वामहस्त सलामी बल्लेबाज को फ्रेंचाइजी ने हाल ही में मुंबई में हुई नीलामी में 3.40 करोड़ रुपए की बोली के साथ टीम से जोड़ा था। यह डब्ल्यूपीएल नीलामी में किसी खिलाड़ी के लिए सबसे अधिक कीमत है। फ्रेंचाइजी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो साझा कर यह घोषणा की। इस वीडियो में आरसीबी के करिश्माई खिलाड़ी विराट कोहली और पुरुष टीम के मौजूदा कप्तान फाफ डु प्लेसिस के संदेश है।

### शीर्ष वरीयता प्राप्त अलकराज, नॉरी अर्जेंटीना ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे


**ब्यूनस आयर्स।** कार्लोस अलकराज और कैमरून नॉरी ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जीत के साथ अर्जेंटीना ओपन के अंतिम चार में अपनी जगह पक्की कर ली। शीर्ष वरीयता प्राप्त स्पेन के अलकराज ने इस क्ले कोर्ट मुकाबले में सर्बिया के दुसान लाजोविच को 6-4, 6-2 से हराया। अलकराज को शुरूआती सेट में लाजोविच से टक्कर मिली लेकिन दूसरे सेट में उन्होंने अपना दबदबा कायम कर जीत दर्ज की। फाइनल में जगह बनाने के लिए 19 वर्षीय अलकराज के सामने हमवतन बर्नबी जपाटा मोरालेस की चुनौती होगी।

# अखिल ने कूह को 4 विकेट से हराया

**लखनऊ।** मैन ऑफ़ द मैच शिवम चौधरी 69 की उपयोगी पारी की सहायता से अखिल इंफ़्रा क्रिकेट क्लब ने जी20 बीबीडी सीनियर डिवीजन क्रिकेट लीग में शनिवार को खेले गए मुकबले में कूह स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब को 4 विकेट से हराया। चौक स्टेडियम पर खेला गया ये मैच पिच की कंडीशन के चलते 28 ओवर का खेला गया। कूह स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 6 विकेट पर 145 रन का स्कोर बनाया।
जवाब में अखिल इंफ़्रा क्रिकेट क्लब ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 21.3 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 149 रन बनाते हुए मैच में 4 विकेट से जीत हासिल कर ली।

### चंचल सिंह का लखनऊ पहुचने पर किया गया स्वागत

**लखनऊ।** जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के प्रति जागरूकता लाने के लिए पर्वतारोही और साइकिलिंग खिलाड़ी चंचल सिंह कुंवर अपनी अखिल भारतीय साइकिलिंग यात्रा के क्रम में आज साइकिल चलाते हुए लखनऊ पहुंचे। लखनऊ पहुंचने के बाद केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर एक समारोह में उनका स्वागत व सम्मान लखनऊ ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव व पेडलयात्री साइकिलिंग एसोसिएशन पीसीएके महासचिव आनंद किशोर पाण्डेय और लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अजय सेठी ने किया। इस अवसर पर आनंद किशोर पाण्डेय ने चंचल सिंह कुंवर को यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी और लोगों से अपील की कि चंचल सिंह कुंवर के द्वारा उठाये गए मुद्दों पर ध्यान देने की जरुरत है।



### इंग्लैंड जीत से पांच विकेट दूर, 394 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने पांच विकेट गंवाए

**भाषा।** माउंट मोनगानुई

**न्यूजीलैंड को** शनिवार को यहां पहले दिन रात्रि क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन जीत के लिए 394 रन का विशाल लक्ष्य देने के बाद स्टुअर्ट ब्राड (21 रन देकर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी से इंग्लैंड की टीम जीत से महज पांच विकेट दूर है। इंग्लैंड की यह 11 टेस्ट मैचों में 10वीं जीत होगी। जो रूट, हैरी ब्रुक और बेन फोक्स की तेज अर्धशतकीय पारियों से इंग्लैंड ने दूसरी पारी में पांच रन प्रति ओवर से ज्यादा की रफ्तार से रन जोड़े। टीम ने दूसरी पारी में 374 रन बनाकर कुल बढ़त 393 रन की कर ली। ब्राड ने फिर न्यूजीलैंड के डेवोन कॉनवे (12 रन), केन विलियमसन (शून्य), टॉम लाथम (15 रन) और पहली पारी के शतकवीर टॉम ब्लंडेल (एक रन) के विकेट झटक लिए। ब्लंडेल के आउट होने से न्यूजीलैंड का स्कोर पांच विकेट पर 28 रन हो गया था।